दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, शुक्रवार, 18 अप्रैल 2025 | शुक्ल पक्ष-षष्ठी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 08 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित, www.navpradesh.com

आज बेबाक

सायकल वाले भैया अखिलेश यादव का कहना है कि ईडी जैसे विभाग को खत्म कर देना चाहिए। उनका कहना है कि कांग्रेस ने ईडी बनाई थी और अब उसे ही ईडी के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए ईडी को खत्म कर देना चाहिए। वैसे उनका कहना सही भी है। ईडी की कार्यवाही का कोई नतीजा नहीं निकल रहा है। भ्रष्टाचार के आरोपी नेताओं से बस पूछताछ होती है। ऐसे आरोपी कुछ ही समय में जमानत पर छूट भी जाते हैं। जब किसी भ्रष्टाचारी को सजा नहीं होती तो फिर ईडी आखिर किस काम की है?

'सुपर संसद की तरह काम कर रहे जज, राष्ट्रपति को आदेश नहीं दे सकती हैं अदालतें'

नई दिल्ली/ए.। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश की कड़ी आलोचना की है, जिसमें राष्ट्रपति को राज्यपालों की ओर से विचार के लिए भेजे गए विधेयकों पर डेडलाइन के भीतर एक्शन लेने का निर्देश दिया गया है। इसे लेकर उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत में कभी भी ऐसा लोकतंत्र नहीं रहा, जहां न्यायाधीश किसी लॉ मेकर, कार्यपालिका और यहां तक कि 'सुपर संसद÷ के रूप में काम करें।

राष्ट्रपति का स्थान बहुत ऊंचा

: राज्यसभा इंटर्न के ग्रुप को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हाल ही में एक फैसले में राष्ट्रपति को निर्देश दिया गया है, हम कहां जा रहे हैं? देश में क्या हो रहा है? संवैधानिक सीमाओं के उल्लंघन पर

राष्ट्रपति को निर्देश दें और किस आधार पर?

उन्होंने पूछा, 'हम ऐसी स्थिति नहीं बना सकते जहां आप भारत के राष्ट्रपति को निर्देश दें और किस आधार पर?' संवैधानिक प्रावधानों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में न्यायपालिका के पास एकमात्र अधिकार 'अनुच्छेद 145(3) के तहत संविधान की व्याख्या करना' है और वह भी पांच या उससे ज्यादा जजों की बेंच की ओर से किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर उपराष्ट्रपति ने कहा कि हमने इस दिन के लिए लोकतंत्र की कभी कल्पना नहीं की थी, राष्ट्रपति से डेडलाइन के तहत फैसले लेने के लिए कहा जा रहा है और अगर ऐसा नहीं होता है, तो यह कानून बन जाता है। उन्होंने न्यायिक अतिक्रमण के प्रति चेतावनी दी और कहा हमारे पास ऐसे जज हैं जो कानून बनाएंगे, कार्यपालिका की तरह काम करेंगे, सुपर संसद के रूप में काम करेंगे और उनकी कोई जवाबदेही नहीं होगी, क्योंकि देश का कानून उन पर लागू नहीं होता है।

सुप्रीम कोर्ट ने दिए थे निर्देश

पिछले हफ़्ते सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया कि जब राज्यपाल संविधान के अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति के पास कोई विधेयक सुरक्षित रखते हैं, तो तीन महीने के भीतर एक्शन लिया जाना चाहिए। यह डेडलाइन उस फैसले का हिस्सा थी जिसमें तमिलनाडु के राज्यपाल की लंबे समय से निष्क्रियता और राज्य के विधेयकों को मंजूरी न देने को लेकर कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। अदालत ने इस बात पर ज़ोर दिया कि राष्ट्रपति के पास 'पॉकेट वीटो' नहीं है और उन्हें विधानसभा से पारित विधेयकों को समय पर मंजूरी देनी चाहिए या खारिज करना चाहिए।

चिंता जताते हुए उपराष्ट्रपति ने वहां मौजूद लोगों को राष्ट्रपति की शपथ की याद दिलाई और इस बात पर जोर दिया कि राष्ट्रपति का स्थान बहुत ऊंचा है, जबकि अन्य लोग सिर्फ संविधान का ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मनरेगा मज़दूरी नहीं बढ़ाना श्रमिक अधिकार पर आघात : खड़गे

नयी दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि मनरेगा श्रमिकों की मजदूरी नहीं बढ़ाना कामगारों के साथ अन्याय है और ऐसा नहीं करके मोदी सरकार अपनी श्रमिक विरोधी नीति के कारण मनरेगा श्रमिकों के अधिकारों पर कुठाराघात कर रही है। खड़गे ने कहा, ऐसा लगता है कि जनविरोधी मोदी सरकार ने मनरेगा की मजदूरी बढ़ाने से इनकार कर दिया है। ये मनरेगा श्रमिकों के अधिकारों पर कुल्हाड़ी चलाना है। हाल ही, में संयुक्त संसदीय समिति ने मनरेगा श्रमिकों की रोज़ाना मजदूरी को 400 रुपये करने की सिफारिश की थी। वर्ष 2023 में बनी अमरजीत सिन्हा की उच्च स्तरीय समिति ने भी मजदूरी बढ़ाने और मनरेगा का बजट बढ़ाने का सुझाव दिया था। पर ग़रीब विरोधी मोदी सरकार, एक के बाद एक मनरेगा मज़दूरों पर जुल्म ढ़ाने पर उतारू है। क़रीब सात करोड़ पंजीकृत वर्करों को मनरेगा से आधार आधारित भुगतान की शर्त लगा बाहर करना हो, या फिर 10 सालों में मनरेगा बजट का पूरे बजट के हिस्से में सब से कम आवंटन करना हो, मोदी सरकार ने मनरेगा पर लगातार चोट मारने का काम किया है।

अगले सप्ताह अमेरिका जायेंगे राहुल

नई दिल्ली(वार्ता)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी अगले सप्ताह की शुरुआत में अमेरिका की यात्रा पर जायेंगे और इस दौरान वह ब्राउन यूनिवर्सिटी में शिक्षकों और छात्रों से बातचीत करेंगे। कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता पवन खेड़ा ने अपने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर यह जानकारी साझा की।

सौरव कोठारी ने आईबीएसएफ विश्व बिलियर्ड्स खिताब जीता

कोलकाता/वार्ता। कोलकाता के सौरव कोठारी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आईबीएसएफ विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया है। बुधवार को आयरलैंड के कार्लो में खेले गये फाइनल मुकाबले में चालीस वर्षीय कोठारी ने अपने चिर प्रतिद्वंद्वी और दिग्गज बिलियर्ड्स खिलाड़ी पंकज आडवाणी को 725-480 से हराकर विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया। कोठारी का यह दूसरा विश्व खिताब है।

लेखिका रोज केरकेट्टा का निधन

रांची/नवप्रदेश। झारखंड की लेखिका और आदिवासी अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाली रोज केरकेट्टा का आज यहां निधन हो गया। वह काफी समय से बीमार चल रही थीं। उनकी उम्र 84 वर्ष थी। उन्हें प्रभावती सम्मान, रानी दुर्गावती सम्मान और अयोध्या प्रसाद खत्री सम्मान से भी नवाजा गया था। उनका कहानी संग्रह पगहा जोरी-जोरी रे घाटो काफी चर्चित रहा है। इस बीच लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान ने रोज केरकेट्टा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निधन से झारखंड को अपूरणीय क्षति हुई है।

वक्फ कानून पर सुप्रीम सुनवाई

केन्द्र को जवाब देने के लिए 7 दिन का समय

■ अगली तारीख तक यथास्थिति बनी रहेगी

नई दिल्ली(ए.)। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 को लेकर दायर की गई याचिकाओं पर सुनवाई की। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ से केंद्र की मांग पर सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए सात दिन का समय दिया। सरकार ने यह भी आश्वासन दिया कि अगली सुनवाई तक उपयोगकर्ता की ओर से वक्फ या दस्तावेजों की ओर से वक्फ संपत्तियों को गैर-अधिसूचित नहीं किया जाएगा। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि यदि किसी वक्फ संपत्ति का पंजीकरण 1995 के अधिनियम के तहत हुआ है, तो उन संपत्तियों को 5 मई को अगली सुनवाई तक गैर-अधिसूचित नहीं किया जा सकता। इसके बाद कोर्ट ने मामले की अगली तारीख 5 मई तय की।

सरकार की दलील

सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सरकार लोगों के प्रति जवाबदेह है। सरकार को लाखों-लाखों प्रतिनिधि मिले, गांव-गांव वक्फ में शामिल किए गए। इतनी सारी जमीनों पर वक्फ का दावा किया जाता है। इसे कानून का हिस्सा माना जाता है। अंतरिम रोक की राय पर मेहता ने कहा कि कानून पर रोक लगाना एक कठोर कदम होगा। उन्होंने अदालत के सामने कुछ दस्तावेजों के साथ प्रारंभिक जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय मांगा। सॉलिसिटर जनरल ने आश्वासन दिया कि इस दौरान बोर्ड या काउंसिल की कोई नियुक्ति नहीं होगी। उन्होंने यह भी कहा कि यह ऐसा मामला नहीं है, जिस पर इस तरह से विचार किया जा सके।

सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा?

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उसने कहा था कि कानून में कुछ सकारात्मक बातें हैं और इस पर पूरी तरह रोक नहीं लगाई जा सकती। वह नहीं चाहता कि मौजूदा स्थिति में कोई बदलाव हो। कोर्ट ने कहा कि जब मामला कोर्ट में लंबित है, तो हमे यह सुनिश्चित करना होगा कि मौजूदा स्थिति में कोई बदलाव न हो।

केवल पांच याचिकाओं पर सुनवाई

दूसरी ओर पीठ ने कहा कि इस मुद्दे पर कई याचिकाओं पर विचार करना असंभव है। पीठ ने स्पष्ट किया कि वह केवल पांच याचिकाओं पर सुनवाई करेगी, जबकि वकीलों से कहा कि वे आपस में तय करें कि कौन बहस करेगा।

सरकार को सात दिनों का वक्त

सुप्रीम कोर्ट ने सॉलिसिटर जनरल के इस बयान को रिकॉर्ड में लिया कि केंद्र सात दिनों के भीतर जवाब देगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सॉलिसिटर जनरल ने कोर्ट को आश्वासन दिया कि परिषद और ■ शेष पृष्ठ 6 पर

साय कैबिनेट बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

वैट देनदारियां माफ, नया रायपुर में एनआईएफटी कैंपस को मंजूरी

■ भारत अर्थ मूवर्स लि.को राज्य में संयंत्र स्थापित करने की सैद्धांतिक मंजूरी

■ प्रदेश के छोटे व्यापारियों के लिए सरकार का बड़ा फैसला

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित कैबिनेट की बैठक में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मंत्रिपरिषद की बैठक में परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं के हित में निर्णय लिया गया कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल एवं विशेष कनिष्ठ कर्मचारी चयन बोर्ड, सरगुजा/बस्तर/बिलासपुर द्वारा आयोजित परीक्षाओं में छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी अभ्यर्थी जो परीक्षा अथवा साक्षात्कार में उपस्थित होंगे उन्हें उनके द्वारा दी गई परीक्षा शुल्क की राशि वापस की जाएगी।

छोटे व्यापारियों के हित में बड़ा फैसला

इससे सिरियस केन्डीडेट की परीक्षा में उपस्थिति का प्रतिशत बढ़ेगा, वहीं नॉन सिरियस केन्डीडेट और इनइलिजिबल केन्डीडेट परीक्षा फॉर्म नहीं भरेंगे और इनके कारण राज्य शासन को होने वाली आर्थिक क्षति भी कम होगी। कैबिनेट की बैठक में राज्य के छोटे व्यापारियों के हित में एक बड़ा फैसला लेते हुए छत्तीसगढ़ बकाया कर, ब्याज एवं शास्ति के निपटान (संशोधन) अध्यादेश-2025 के प्रारूप में निहित संशोधन का अनुमोदन किया गया। जिसके अनुसार राज्य सरकार छोटे व्यापारियों को प्रोत्साहित करेगी और 10 साल से अधिक पुराने लंबित मामलों में 25 हजार रूपए तक की वैट देनदरियों को माफ करेगी। इससे 40 हजार से अधिक व्यापारियों को लाभ होगा और 62 हजार से अधिक मुकदमेबाजी के मामलों में कमी आएगी।

एनआईएफटी के कैम्पस को मंजूरी

कैबिनेट की बैठक में नवा रायपुर, छत्तीसगढ़ में एन.आई.एफटी. के कैम्पस को मंजूरी प्रदान की गई। राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान का नया कैम्पस छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर में स्थापित किया जाएगा। कपड़ा मंत्रालय, भारत सरकार के अनुसार इस परियोजना की कुल संभावित लागत करीब 271.18 करोड़ रुपये होगी। इसमें भूमि क्रय हेतु 21.18 करोड़, भवन निर्माण के लिए 200 करोड़ और मशीनरी, फर्नीचर आदि के लिए 50 करोड़ रुपये का ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मेहुल चोकसी के प्रत्यर्पण पर बोला विदेश मंत्रालय, बेल्जियम के संपर्क में है भारत

■ पाकिस्तान पीओके खाली करे

नई दिल्ली। भगोड़े मेहुल चोकसी की गिरफ्तारी पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, 'हमारे प्रत्यर्पण अनुरोध के आधार पर उसे गिरफ्तार किया गया। हम उसके प्रत्यर्पण पर बेल्जियम पक्ष के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।' बता दें कि, 13,500 करोड़ रुपये के बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में भारतीय जांच एजेंसियों को मेहुल चोकसी की तलाश है।

'वैश्विक आतंकवाद के केंद्र के रूप में पाकिस्तान की पहचान'

इस दौरान 26/11 मुंबई हमलों के आरोपी तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण पर पूछे गए सवाल पर विदेश मंत्रालय ने कहा, 'पाकिस्तान लाख कोशिश कर ले, लेकिन वैश्विक आतंकवाद के केंद्र के रूप में उसकी प्रतिष्ठा कम नहीं होगी। राणा का प्रत्यर्पण पाकिस्तान को याद दिलाता है कि उसे मुंबई हमलों के अन्य अपराधियों को भी न्याय के कटघरे में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अमेरिकी टैरिफ वृद्धि अब आर्थिक रूप से तर्कसंगत नहीं : चीन

बीजिंग (वार्ता)। चीन ने कहा है कि उनके देश से आयातित कुछ उत्पादों पर अमेरिका द्वारा लगाया गया 245 प्रतिशत टैरिफ अब आर्थिक रूप से तर्कसंगत नहीं रह गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि चीन ने यह स्पष्ट कर दिया है कि उस पर अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ में अत्यधिक वृद्धि केवल आंकड़ों का खेल बन चुकी है, जिससे आर्थिक रूप से अब कोई वास्तविक अंतर नहीं पड़ता, सिवाय इसके कि यह और अधिक स्पष्ट हो जाता है कि कैसे अमेरिका दूसरों को मजबूर करने एवं धमकाने के लिए टैरिफका उपयोग करता है।

प्रवक्ता ने कहा कि चीन इन युद्धों में शामिल नहीं होना चाहता, लेकिन हम इनसे डरते भी नहीं हैं। टैरिफ और व्यापार युद्धों में कोई विजेता नहीं होता। चीनी प्रवक्ता ने कहा कि अगर अमेरिका टैरिफके साथ आंकड़ों का खेल खेलना जारी रखता है, तो इसे आसानी से नजरअंदाज किया जाएगा। लेकिन अगर अमेरिका चीन के अधिकारों एवं हितों को वास्तविक नुकसान ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नक्सलियों के उन्मूलन में सीआरपीएफ की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी : अमित शाह

नीमच (वार्ता)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज कहा कि देश में 31 मार्च 2026 तक नक्सलियों के पूरी तरह खात्मे का संकल्प केंद्र सरकार ने लिया है और इसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

शाह ने मध्यप्रदेश के नीमच जिला मुख्यालय पर 86वें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल दिवस परेड 2025 कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, सीआरपीएफ के महानिदेशक ज्ञानेंद्रप्रताप सिंह और अन्य वरिष्ठ

अधिकारी मौजूद रहे।

शाह ने अपने संबोधन में सीआरपीएफ के अधिकारियों और जवानों की गौरव गाथा के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि इस बल की कोबरा बटालियन के जवानों की बदौलत देश में नक्सली सिमटकर अब सिर्फ चार जिलों में रह गए हैं। उन्होंने कहा कि ये ■ शेष पृष्ठ 6 पर

5 किलो आईईडी, जवानों ने किया डिफ्यूज

नारायणपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में जवानों ने नक्सलियों की बड़ी साजिश को नाकाम किया है। सर्चिंग अभियान के दौरान गट्टाकाल के जंगल से पांच किलो वजनी कुकर प्रेसर आईईडी बरामद किया गया है। नक्सलियों ने यह आईईडी जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए प्लांट किया था। दरअसल, पुलिस अधीक्षक नारायणपुर प्रभात कुमार ने माओवादियों के लगाये गये आईईडी विस्फोट की घटना से हो रही नुकसान को देखते हुए क्षेत्र में आईईडी खोजने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल | भारत-वियतनाम के बीच सैन्य संबंध मजबूत ; 700 मिलियन डॉलर का सौदा होगा!

भारत को और समृद्ध करेगा 'ब्रह्मोस'

■ चीन की दादागिरी से फिलीपींस, वियतनाम, ताइवान और मलेशिया जैसे देशों के समुद्री इलाकों पर कब्जे का खतरा बढ़ा

नई दिल्ली/ए.। फिलीपींस के बाद वियतनाम अब भारत की ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने वाला एशिया का दूसरा देश बन जाएगा। ब्रह्मोस एक सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस डील की कुल कीमत 700 मिलियन डॉलर यानि लगभग 1,000 करोड़ रुपये हो सकती है। 5990 करोड़ रु. सूत्रों का कहना है कि इस सौदे पर जल्द ही कोई बड़ा फैसला हो सकता है।

फिलीपींस की तरह वियतनाम का भी दक्षिण चीन सागर में समुद्री सीमा को लेकर चीन के साथ विवाद है। इस वजह से वियतनाम अपनी सेना को मजबूत करने के प्रयास कर रहा है। महत्वपूर्ण बात यह है कि पिछले कुछ वर्षों में भारत और वियतनाम के बीच सैन्य संबंध मजबूत हुए हैं। इससे पहले फिलीपींस ने भारत के साथ तीन ब्रह्मोस मिसाइल बैटरियों के लिए 375 मिलियन डॉलर का समझौता किया था। अब भारत ने फिलीपींस को भी इन मिसाइलों की आपूर्ति शुरू कर दी है।

इसके बाद कहा जा रहा है कि वियतनाम के साथ ब्रह्मोस मिसाइल का सौदा भी अंतिम चरण में पहुंच गया है। वहीं, इंडोनेशिया के साथ भी इस मिसाइल को लेकर चर्चा चल रही है। बताया जाता है कि यह सौदा लगभग 450 मिलियन डॉलर का है। इसके अलावा मध्य एशिया, दक्षिण अमेरिका और मध्य पूर्व के कई देशों ने भी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मंत्री का महिलाओं पर आपत्तिजनक बयान हाईकोर्ट ने दिए एफआईआर के निर्देश

चेन्नई/ए.। मद्रास हाईकोर्ट ने तमिलनाडु सरकार को निर्देश दिया है कि राज्य के मंत्री पोनमुडी के खिलाफ महिलाओं और धार्मिक समुदायों के खिलाफ आपत्तिजनक बयान देने के मामले में एफआईआर दर्ज की जाए। कोर्ट ने सरकार को 23 अप्रैल तक का समय दिया है। कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए यह भी कहा कि अगर तय समय सीमा तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई, तो अदालत स्वतः संज्ञान लेते हुए कार्रवाई शुरू करेगी।

बता दें कि मंत्री के. पोनमुडी ने पिछले दिनों एक कार्यक्रम में धार्मिक संदर्भ में सेक्स वर्कर का उल्लेख करते हुए आपत्तिजनक टिप्पणियां की थीं, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। इस बयान को लेकर पार्टी की सांसद कनिमोझी ने भी नाराज़गी जाहिर करते हुए कहा था कि मंत्री पोनमुडी का हालिया भाषण स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने जिस भी कारण से ये बातें कहीं, इस तरह की अश्लील भाषा निंदनीय है। इतना ही नहीं, के. पोनमुडी को शैव और ■ शेष पृष्ठ 6 पर

देवप्रयाग-जानसू के बीच बन रही रेल टनल की तकनीकी दक्षता सराहनीय : वैष्णव

■ **मंत्री अश्विनी वैष्णव और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रहे मौजूद**

देहरादून। केंद्रीय रेल मंत्री बुधवार को एक दिवसीय उत्तराखंड दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने योग नगरी ऋषिकेश रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया और उसके बाद देवप्रयाग और जानसू के बीच बन रही जानसू टनल का भी दौरा किया, जिसका बुधवार को ही ब्रेकथ्रू हुआ। इस दौरान उन्होंने रेलवे अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश भी दिए।

देवप्रयाग और जानसू के बीच ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेलवे परियोजना के अंतर्गत बन रही सबसे लंबी 14.57 किमी की टी-8 और टी-8एम डबल ट्यूब सुरंगों का ब्रेकथ्रू सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। इस ऐतिहासिक अवसर पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनासू रेलवे स्टेशन पहुंचकर सुरंग निर्माण कार्य का अवलोकन किया। इस मौके पर गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी और राज्य के कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत भी मौजूद रहे। 14.57 किलोमीटर लंबी इन सुरंगों का निर्माण अत्याधुनिक टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) की मदद से किया गया है, जो परियोजना की तकनीकी दक्षता को दर्शाता है। वहीं, परियोजना की शेष सुरंगों का निर्माण पारंपरिक ड्रिल एंड ब्लास्ट तकनीक से किया जा रहा है। क्षेत्र की जटिल भूगर्भीय परिस्थितियों को देखते हुए सुरंगों की खुदाई के लिए विशेष टीबीएम मशीनें जर्मनी से मंगाई गई थीं। इसके अलावा जनासू से लगभग 1.5 किलोमीटर दूर एक वर्टिकल शाफ्ट (कुआंनुमा सुरंग) भी बनाई गई है, जिससे खुदाई और निर्माण कार्य में सहायता मिल सके। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सुरंग निर्माण कार्य की सराहना करते हुए कहा कि यह परियोजना उत्तराखंड के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, जो पहाड़ी क्षेत्रों में रेल कनेक्टिविटी को मजबूत करेगी। उन्होंने कहा कि इस तरह की आधुनिक तकनीक से सुरंग निर्माण भविष्य की परियोजनाओं के लिए मिसाल बनेगा।

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री श्री वैष्णव ने जानकारी देते हुए बताया कि आज का दिन इसलिए भी ऐतिहासिक है क्यूंकि आज ही के दिन भारत में 1853 को पहली रेल बोरीबंदर से ठाणे के बीच चली थी और आज ही भारत की सबसे लम्बी ट्रांसपोर्टेशन टनल जानसू टनल का ब्रेकथ्रू भी हुआ है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पहाड़ पर रेल लाने का जो सपना था, वह अब साकार होता नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले कुछ महीनों में यह सुरंग पूरी तरह से तैयार हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने सुरंग निर्माण में लगे सभी इंजीनियरों, तकनीकी विशेषज्ञों और श्रमिकों को इस ब्रेकथ्रू के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इसे तकनीकी प्रगति, परिश्रम और सामूहिक प्रयासों का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह उपलब्धि आने वाले समय में प्रदेश के लिए विकास और कनेक्टिविटी के नए रास्ते खोलेगी।

पाकिस्तानी सेना के प्रमुख का दावा –उनकी संस्कृति और विचारधारा बेहतर

'हम हिंदुओं से अलग', पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने उगला नफरती जहर

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की बुनियाद नफरत के आधार पर रखी गई और आज उसकी स्थिति दुनिया के सामने है। पाकिस्तान बर्बादी के कगार पर है, लेकिन हैरानी है कि उसकी ये नफरती सोच अभी तक नहीं बदली है। अब पाकिस्तानी सेना के प्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने हिंदुओं के खिलाफ अपनी नफरत जाहिर की है और कहा है कि हम हिंदुओं से अलग हैं। आसिम मुनीर ने टू नेशन थ्योरी को सही ठहराया है। इतना ही नहीं पाकिस्तानी सेना के प्रमुख ने ये भी दावा कर दिया है कि उनकी संस्कृति और विचारधारा बेहतर है।

बड़बोलेपन में जानिए क्या-क्या बोले पाकिस्तानी सेना प्रमुख

बुधवार को ओवरसीज पाकिस्तानियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए पाकिस्तानी सेना के प्रमुख आसिम मुनीर ने कहा कि 'हमारे पूर्वजों का मानना था कि हम हिंदुओं से हर मामले में अलग हैं। हमारा धर्म अलग है, हमारे रीति-रिवाज अलग हैं, हमारी परंपराएं और हमारे विचार भी अलग हैं। हमारी महत्वकांक्षाएं अलग हैं और यही द्वि-राष्ट्र सिद्धांत (टू नेशन थ्योरी) का आधार था। जिसमें माना गया कि हम दो देश हैं, एक नहीं।' आसिम मुनीर ने अपनी छोटी सोच दिखाते हुए विदेशों में रह रहे पाकिस्तानियों से अपील की कि वे अपने बच्चों को भी भारत और हिंदुओं से भेदभाव करना सिखाएं।

मुनीर ने कहा कि 'हम एक देश नहीं हैं, हमारे पूर्वजों ने इस देश को बनाने में काफी संघर्ष किया। हम जानते हैं कि इसकी कैसे रक्षा की जानी है। आपको अपने बच्चों को यह बताना चाहिए कि वे कभी भी पाकिस्तान की कहानी को न भूलें। न भूलें कि पाकिस्तान किस आधार पर बना ताकि उनका पाकिस्तान के साथ नाता कमजोर न हो सके।'

'जब भारतीय सेना हमें नहीं डरा पाई, तो...'

आसिम मुनीर यहीं नहीं रुके और विदेशों में रह रहे पाकिस्तानियों से कहा कि 'वे इस बात को न भूलें कि वे बेहतर विचारधारा और बेहतर संस्कृति से ताल्लुक रखते हैं।' पाकिस्तान में बढ़ रहे आतंकी हमलों पर मुनीर ने कहा कि 'क्या आतंकी हमारे देश से हमारी किस्मत छीन सकते हैं? जब 13 लाख की मजबूत भारतीय सेना, हमारे नहीं डरा सकती तो कुछ आतंकी क्या हमें हरा सकते हैं?' पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने बलूचिस्तान में बढ़ रहे विद्रोह पर कहा कि 'बलूचिस्तान पाकिस्तान का गर्व है और आपको लगता है कि आप इसे आसानी से ले सकते हैं? आपकी दस पीढ़ियां भी इसे नहीं ले पाएंगी। हम जल्द ही आतंकियों को हरा देंगे।'

बंगलादेश-पाकिस्तान के बीच पहली बार सचिव स्तर की वार्ता

ढाका/इस्लामाबाद (वार्ता)। पाकिस्तान की विदेश सचिव अमना बलूच ने गुरुवार को ढाका में अपने बंगलादेशी समकक्ष मोहम्मद जशीम उद्दीन से मुलाकात की। इसके साथ ही, बंगलादेश और पाकिस्तान के बीच 15 वर्षों में पहली बार विदेश सचिव स्तर की वार्ता हुयी।दोनों पक्षों ने राजकीय अतिथि गृह पद्मा में कई द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की।

पाक आर्मी चीफ के कश्मीर वाले बयान पर भारत का करारा जवाब

नई दिल्ली। पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने हाल ही में एक बयान में कहा कि "कश्मीर इस्लामाबाद की गले की नस है"। इस पर भारत ने सख्त प्रतिक्रिया दी है. भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने पाकिस्तान के इस दावे को पूरी तरह खारिज करते हुए कहा कि "कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा है और पाकिस्तान का इससे कोई लेना-देना नहीं है।

विदेश मंत्रालय ने कहा, "पाकिस्तान का कश्मीर से एकमात्र संबंध अवैध रूप से कब्जा किए गए क्षेत्र को खाली करना है"। उन्होंने यह भी पूछा कि "कोई विदेशी चीज गले की नस में कैसे फंस सकती है?÷ दरअसल, यह बयान सीधे तौर पर पाकिस्तान के उस लंबे समय से चले आ रहे रुख पर करारा प्रहार है, जिसमें वह कश्मीर को अपना हिस्सा बताता आया है। दरअसल भारत की कश्मीर नीति हमेशा स्पष्ट रही है. यह भारत का केंद्र शासित प्रदेश है और इसमें बाहरी दखल की कोई गुंजाइश नहीं है. भारत के तरफ से ये बयान न केवल कूटनीतिक दृष्टि से अहम है बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह संदेश भी देता है कि भारत कश्मीर को लेकर किसी भी तरह की बयानबाजी या दखल को बर्दाश्त नहीं करेगा।

तमिलनाडु में गठबंधन सरकार का चलन नहीं

अन्नाद्रमुक अकेले संभालेगी सत्ता, थंबीदुरई का बड़ा बयान

चेन्नई(ए.)। तमिलनाडु में अगले साल विधानसभा के चुनाव होने है, जिसको लेकर सभी राजनीतिक पार्टियों ने अपनी-अपनी तैयारी तेज कर दी है। इसी बीच अन्नाद्रमुक (एआईएडीएमके) के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद एम. थंबीदुरई ने कहा है कि तमिलनाडु में गठबंधन सरकार के लिए कोई जगह नहीं है और अगर उनकी पार्टी 2026 के विधानसभा चुनाव में जीतती है, तो एडप्पाडी के. पलानीस्वामी अकेले सरकार बनाएंगे।

भाजपा के साथ गठबंधन पर साफ किया रूख–गुरुवार को पत्रकारों से बात करते हुए थंबीदुरई ने साफ किया कि भले ही भाजपा उनके गठबंधन में शामिल हो, लेकिन सत्ता में साझेदारी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में आज तक कभी गठबंधन सरकार नहीं बनी है। चाहे वो कांग्रेस के नेता सी. राजगोपालाचारी, के. कामराज, या द्रविड़ नेता एम.जी. रामचंद्रन और करुणानिधि हों सभी ने अकेले सरकार चलाई है। थंबीदुरई ने कहा कि 2026 में भी एडप्पाडीयार (पलानीस्वामी) अकेले सरकार बनाएंगे। गठबंधन सरकार की कोई जरूरत नहीं है और न ही इसकी परंपरा है।

गठबंधन पर पलानीस्वामी का बयान – तमिलनाडु में गठबंधन की सरकार को लेकर इससे पहले बुधवार को एआईएडीएमके प्रमुख पलानीस्वामी ने भी इस बात को दोहराया कि केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कभी यह नहीं कहा कि तमिलनाडु में गठबंधन सरकार बनेगी। उन्होंने मीडिया पर आरोप लगाते हुए कहा कि मीडिया ने बात को तोड़-मरोड़ कर पेश किया। अमित शाह ने सिर्फ यह कहा था कि एआईएडीएमके-बीजेपी गठबंधन चुनाव जीतेगा, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि मिलकर सरकार चलाएंगे।

ब्राजील में ब्रिक्स कृषि मंत्रियों की 15वीं बैठक में भाग लेंगे शिवराज सिंह चौहान

नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान 17 अप्रैल को ब्राजील के ब्रासीलिया में आयोजित होने वाली ब्रिक्स कृषि मंत्रियों की 15वीं बैठक में भाग लेंगे। वह भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। शिवराज ब्राजील के कृषि एवं पशुधन मंत्री कार्लोस हेनरिक बाक्वेटा फावारो, कृषि विकास एवं पारिवारिक कृषि मंत्री लुईज पाउलो टेक्सेरा के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। इस 15वीं ब्रिक्स कृषि मंत्रिस्तरीय बैठक का विषय- ÷ब्रिक्स देशों के बीच सहयोग, नवाचार और न्यायसंगत व्यापार के माध्यम से समावेशी और टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देना है।÷ बैठक में ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, सऊदी अरब, मिस्र, संयुक्त अरब अमीरात, इथियोपिया, इंडोनेशिया और ईरान सहित ब्रिक्स सदस्य देशों के कृषि मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के भाग लेने की उम्मीद है। चौहान अपनी इस यात्रा के दौरान ब्राजील के कृषि एवं पशुधन मंत्री कार्लोस हेनरिक बैकेटा फेवरो और कृषि विकास एवं पारिवारिक खेती मंत्री लुईज पाउलो टेक्सेरा के साथ बैठक करेंगे। ये बैठकें कृषि, कृषि-प्रौद्योगिकी, ग्रामीण विकास और खाद्य सुरक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में भारत और ब्राजील के बीच सहयोग बढ़ाने पर केंद्रित होंगी।

पराली जलाने पर 770 किसानों पर लगा जुर्माना

इंदौर। मध्य प्रदेश के इंदौर जिले में प्रशासन ने खेतों में पराली जलाने की घटनाओं को लेकर सख्त कदम उठाते हुए किसानों पर तगड़ा जुर्माना लगाने के साथ ही खेत मालिकों के खिलाफ FIR दर्ज कराना शुरू कर दिया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। जिलाधिकारी आशीष सिंह ने बताया, ''हम खेतों में पराली जलाने वाले लोगों के खिलाफ नियम-कायदों के तहत सख्त कार्रवाई कर रहे हैं।'' उन्होंने बताया कि आस-पास के गांवों में पराली जलाने से इंदौर की वायु गुणवत्ता पर बुरा असर भी पड़ रहा है जिसे देश के सबसे स्वच्छ शहर का दर्जा हासिल है। प्रशासन अधिकारी ने बताया कि जिले में पराली जलाने को लेकर पिछले चार दिनों के भीतर 770 किसानों पर कुल 16.71 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी ने पराली जलाने की घटनाओं की रोकथाम के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश भी जारी किया है। यह आदेश पराली जलाने से पर्यावरण, आम लोगों और जीव-जंतुओं को होने वाले नुकसान को रोकने के लिए जारी किया गया है।

चीन, मलेशिया ने आसियान को समर्थन देने का किया वादा

कुआलालम्पुर (वार्ता)। चीन और मलेशिया ने दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ को समर्थन देने का वादा किया है। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मलेशिया यात्रा के दौरान दोनों देशों ने साझा बयान में आसियान की केंद्रीय भूमिका को बनाए रखने तथा क्षेत्रीय शांति और विकास के लिए आसियान-नेतृत्व वाले तंत्र को समर्थन देने की पुष्टि की।

आप पर विदेशी चंदे को लेकर बड़ा आरोप

■ **दुर्गेश पाठक के घर रेड, सीबीआई ने दर्ज किया मामला**

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के सीनियर नेता दुर्गेश पाठक के घर पर सीबीआई छापेमारी कर रही है। सीबीआई ने दुर्गेश पाठक के खिलाफ विदेशी मुद्रा विनियमन (एफसीआरए) उल्लंघन का मामला दर्ज किया है और उसी के संबंध में आम आदमी पार्टी के नेता के आवास पर तलाशी ली जा रही है। छापेमारी के बाद आप ने आरोप लगाया कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार गुजरात में अपने नेताओं को निशाना बनाने के लिए जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। पार्टी ने इसे राजनीति से प्रेरित कदम बताया।

जानकारी के अनुसार, आम आदमी पार्टी और उसके कुछ नेताओं के खिलाफ विदेशी फंडिंग को लेकर बड़ा मामला सामने आया है। सीबीआई ने अब इस मामले में गृह मंत्रालय की इजाज़त के बाद स्रढ्ढक्र दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसी सिलसिले में गुरुवार को आप नेता दुर्गेश पाठक के घर पर सीबीआई ने छापेमारी की। इससे पहले श्रष्ठ ने इस केस में मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत जांच शुरू की थी और अपनी रिपोर्ट गृह मंत्रालय को सौंपी थी। आरोप है कि आप ने AAP Overseas India नाम का एक नेटवर्क बनाया था, जिसमें अमेरिका, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के वॉलंटियर्स शामिल थे। इस नेटवर्क के जरिए विदेशी फंड जुटाया गया। ये पैसा नेताओं को सीधे भेजा गया, जोकि विदेशी चंदे से जुड़ी कानून FCRA (Foreign Contribution Regulation Act) का उल्लंघन है। इस केस में के नेता दुर्गेश पाठक और कपिल भारद्वाज का नाम सामने आया है।

हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद में स्थिति नियंत्रण में, ममता सरकार ने बताई राज्य की स्थिति

कोलकाता। वक्फ कानून के विरोध में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में भड़की हिंसा को लेकर कलकत्ता उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार से स्थिति की जानकारी मांगी थी। जिसके बाद पश्चिम बंगाल सरकार ने गुरुवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय के समक्ष एक रिपोर्ट प्रस्तुत की और दावा किया कि हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद जिले में कानून और व्यवस्था की स्थिति नियंत्रण में है।

न्यायमूर्ति सौमेन सेन और न्यायमूर्ति राजा बसु चौधरी की खंडपीठ राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि मुस्लिम बहुल जिले में सांप्रदायिक दंगों के दौरान बम विस्फोट हुए थे। याचिका में उन्होंने अनुरोध किया था कि हिंसा की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंपी जाए।

राज्य सरकार ने अदालत के समक्ष यह भी कहा कि जिले में हिंसा को रोकने के लिए पुलिस और प्रशासन द्वारा पर्याप्त कदम उठाए गए हैं। केंद्र की ओर से पेश वकील ने अदालत के समक्ष अनुरोध किया कि मुर्शिदाबाद में सीएपीएफकी तैनाती को जिले की जमीनी स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए कुछ समय के लिए और बढ़ा दिया जाए। मुर्शिदाबाद के उपद्रवग्रस्त सुती, शमसेरगंज-धुलियान इलाकों में फिलहाल केंद्रीय बलों की लगभग 17 कंपनियां तैनात हैं। एक अन्य याचिकाकर्ता ने हिंसा के कारण विस्थापित हुए लोगों की उनके घरों में वापसी के लिए राज्य सरकार द्वारा कदम उठाए जाने का अनुरोध किया। राज्य सरकार ने कहा कि कुछ प्रभावित परिवार पहले ही अपने घर लौट चुके हैं। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि पिछले कुछ दिनों में मुर्शिदाबाद में वक्फ अधिनियम के विरोध में हुई हिंसा से बचकर कई लोगों ने मालदा जिले के एक स्कूल में राहत शिविर में शरण ली है।

हिंसा में तीन की मौत

मुर्शिदाबाद जिले के कई इलाकों में वक्फ कानून के विरोध में बीती 11-12 अप्रैल को हिंसा भड़क गई थी। ये हिंसा सुती, धुलियान और जंगीपुर इलाकों में हुई। इस हिंसा में तीन लोगों की मौत हुई और कई अन्य घायल हुए। धुलियान के मंदिरपाड़ा इलाके में कथित तौर पर कई महिलाओं का उत्पीड़न किया गया। हिंसा के चलते मुर्शिदाबाद में बड़े पैमाने पर विस्थापन हुआ। सैंकड़ों की संख्या में महिलाएं बच्चे भागीरथी नदी पार कर पड़ोसी माल्दा जिले में पहुंच गए और अब वहां कैंपों में रह रहे हैं। महिला आयोग की अध्यक्ष ने बयान जारी कर कहा कि 'आयोग मुर्शिदाबाद से आ रहीं खबरों को लेकर बेहद चिंतित है।

अफगानिस्तान से करीब 1,072 परिवार पाकिस्तान, ईरान से स्वदेश लौटे

काबुल(वार्ता)। अफगानिस्तान के करीब 1,072 परिवार पड़ोसी देशों ईरान और पाकिस्तान से अपने देश लौट आए हैं।

अफगानिस्तान के उच्चायोग ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि यहां के कुल 5,671 नागरिकों में से करीब 1,072 परिवार बुधवार को अपने स्वदेश लौट आए। ये शरणार्थी पूर्वी नंगरहार प्रांत में तोरखम सीमा पार, दक्षिणी कंधार प्रांत में स्पिन बोल्डक सीमा पार और पश्चिमी हेरात प्रांत में इस्लाम कला सीमा बिंदु के माध्यम से घर लौटे आए हैं।

जीवन मूल्य...

हिंदू घोषणापत्र का लोकार्पण 26 को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत करेंगे

दुनिया को शांति, समृद्धि का मार्ग दिखाएगा, नई पुस्तक 'दि हिन्दू मैनिफेस्टो'

नई दिल्ली(वार्ता)।हिन्दू धर्मशास्त्रों एवं सांस्कृतिक जीवन मूल्यों के आधार पर एक सशक्त, टिकाऊ एवं समृद्ध राष्ट्र के निर्माण के बुनियादी सूत्रों को उद्घासित करने वाली एक नयी पुस्तक 'दि हिन्दू मैनिफेस्टो' या हिंदू घोषणापत्र का लोकार्पण इस माह की 26 तारीख को राजधानी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत करेंगे।



हिंदू शास्त्रों के शाश्वत ज्ञान के साथ समाज को फिर से संगठित करने का आह्वान

इस पुस्तक को लिखा है एक ऐसे संन्यासी ने जिसने आरंभिक शिक्षा विज्ञान एवं तकनीक के उत्कृष्ट संस्थान भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) से ग्रहण की। तकनीक की दुनिया में कई वर्षों तक काम किया और फिर सब छोड़ दिया। यहां तक कि उन्होंने सांसारिक जीवन त्याग करके संन्यास ग्रहण किया और गुरु शिष्य परंपरा से अष्टाध्यायी और पाणिनी के व्याकरण पर महारत हासिल की। उन्होंने पाणिनी व्याकरण और दर्शन में आचार्य और विद्यावारिधि की उपाधि अर्जित की।

इसी कारण उनके गुरु ने उन्हें संन्यास पश्चात विज्ञानानंद का नाम प्रदान किया। वर्तमान में विश्व हिन्दू परिषद में वरिष्ठतम संयुक्त महामंत्री स्वामी विज्ञानानंद, अंतर्राष्ट्रीय समन्वय विभाग के प्रमुख की भूमिका में वह दुनिया भर में हिंदू पुनरुत्थान और संगठनात्मक पहल को संचालित करते हैं। स्वामी विज्ञानानंद ने वर्ल्ड हिंदू कांग्रेस के नाम से एक ऐसे प्रभावशाली मंच की स्थापना की है जो हिंदुओं को हिंदू पुनरुत्थान को जोड़ने, साझा करने, प्रेरित करने और गति तेज करने के लिए एक वैश्विक मंच है। इसी मंच का एक अंग है, विश्व हिंदू आर्थिक मंच (डब्ल्यूएचईएफ) जिसका लक्ष्य समाज को समृद्ध बनाने का है। उन्होंने दिल्ली, शिकागो, बैंकॉक, हांगकांग, लंदन, लॉस एंजिल्स और मुंबई में कुल नौ डब्ल्यूएचईएफ सम्मेलनों का आयोजन किया है। अपनी पुस्तक के बारे में चर्चा करते हुए स्वामी विज्ञानानंद ने कहा कि दि हिन्दू मैनिफेस्टो, हिंदू शास्त्रों के शाश्वत ज्ञान के साथ समाज को फिर से संगठित करने का आह्वान है, जो समृद्धि, शासन और न्याय के लिए एक परिवर्तनकारी ढांचा प्रदान करता है। वेदों, रामायण, महाभारत, अर्थशास्त्र और शुक्रनीतिसार जैसे पवित्र ग्रंथों में निहित, यह धर्म-केंद्रित आर्थिक कल्याण, राष्ट्रीय सुरक्षा, शिक्षा, राजनीति, लोकतंत्र, प्रशासन और शासन पर जोर देता है, साथ ही महिलाओं के लिए सर्वोच्च सम्मान, सामाजिक सद्भाव, पर्यावरण प्रबंधन और मातृभूमि के लिए सम्मान के मूल्यों पर बल देता है।

बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाए कई वाहन भर रहे फर्राटे

जिले में दो पहिया, चार पहिया सहित करीब 50 हजार वाहन, 15 हजार में ही लग पाया

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में इस समय दो पहिया, चार पहिया सहित अन्य करीब 50 हजार वाहनें दौड़ रही है, लेकिन सिर्फ 15 हजार वाहनों में ही हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लग पाया है। परिवहन विभाग का दावा है कि रोज करीब एक हजार वाहनों में नंबर प्लेट लगाए जा रहे हैं। केंद्रीय मोटर अधिनियम 1988 एवं केंद्रीय मोटरयान 1989 के प्रावधान के अनुसार पंजीकृत प्रत्येक वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाया जाना है।

शासन के सख्त निर्देश के बाद भी वाहन मालिक हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं लगवा रहे हैं। जिले में कई वाहन तो बिना नंबर प्लेट के ही चल रहे हैं। कुछ लोग तो नंबरों में भी अलग-अलग डिजाइन बनवाकर अपनी गाड़ियों में लगवाए हैं, जिस पर कार्रवाई नहीं हो पाती है। अब शासन ने मोटर अधिनियम के तहत सभी वाहनों के लिए हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट अनिवार्य कर दिया है, जिसे लेकर परिवहन विभाग ने पहले ही आदेश जारी किया था, लेकिन अब तक कई गाड़ियों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं लग पाया है। क्षेत्रीय परिहवन अधिकारी आनंदरुप तिवारी ने बताया कि जिले में रोज करीब एक हजार वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाए जा रहे हैं और वाहन मालिकों को जागरुक भी कर रहे हैं और हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट की खासियत भी लोगों को बताया जा रहा है। शुरु में मार्च के अंत तक नंबर प्लेट लगाया जाना था। अब इसे बढ़ाकर अप्रैल अंतिम सप्ताह तक कर दिया गया है। उसके बाद भी यदि वाहन मालिक हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं लगाते हैं तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी और 565 रुपए से लेकर 705 रुपए तक जुर्माना हो सकती है।

वाहन मालिक ऑनलाइन कर सकते हैं आवेदन

वाहनों में पारंपरिक नंबर प्लेट की जगह हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने के लिए मार्च तक का समय दिया गया था। परिवहन विभाग ने दो अलग-अलग कंपनियों को इसके लिए अधिकृत किया है। साथ ही विभाग की वेबसाइट भी जारी की है, जिसमें वाहन मालिक ऑनलाइन आवेदन करने के साथ ही इसके लिए निर्धारित शुल्क भी जमा कर सकता है। हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट की खासियत यह है कि इस प्लेट पर लेजर से दस अंकों की एक खास पहचान संख्या लिखी होती है। साथ ही अशोक चक्र का होलोग्राम लगा होता है। इस प्लेट की वजह से वाहन चोरी, अवैध गतिविधियों में शामिल होने की आशंका कम होती है। साथ ही दुर्घटना में शामिल वाहनों की पहचान करना भी आसान हो जाता है।

वाहन मालिकों की जिम्मेदारी: आनंदरुप तिवारी

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि सभी वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने का काम वाहन मालिकों की जिम्मेदारी है। अभी समझाइश दी गई है। रोज करीब एक हजार वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाए जा रहे हैं। वाहन मालिक विभागीय वेबसाइट पर इसके लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं या फिर परिवहन कार्यालय से भी लगवा सकते हैं।

नेता- उप नेता प्रतिपक्ष भरत कश्यप व संतोषी बघेल से नवप्रदेश की बातचीत

शहर विकास के लिए जनहित के मुद्दों को सदन में उठाता रहूंगा: भरत कश्यप

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने के बाद भरत कश्यप ने नवप्रदेश से बातचीत करते हुए कहा कि शहर विकास के लिए और जनहित के मुद्दों को सदन में उठाते रहेंगे और कांग्रेस ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उसे मैं ईमानदारी से निभाते रहूंगा। वहीं उप नेता प्रतिपक्ष संतोषी बघेल ने भी कहा कि सभी के साथ समन्वय बनाकर जनहित के मुद्दे के लिए हमेशा आगे रहूंगी।

नेता प्रतिपक्ष भरत कश्यप ने कहा कि सबसे पहले संगठन के शीर्ष नेताओं का आभार जिन्होंने मुझ पर विश्वास दिखाते हुए इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी है। मेरा पूरा प्रयास रहेगा संगठन के उम्मीदों पर खरा उतरुं। आज कांग्रेस के सभी पार्षदों से मिलकर आगामी योजना तैयार की जाएगी। आने वाले सामान्य सभा में हम सभी एकजुट होकर फिर से शहर सरकार के विरुद्ध और जनमानस के लिए अपनी आवाज बुलंद करेंगे। नेता प्रतिपक्ष श्री कश्यप ने आगे कहा कि निगम में भाजपा की सरकार होने से कई कांग्रेस पार्षदों ने बताया कि उनके वार्डों में निगम की ओर से ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस भेदभाव वाली स्थिति को दूर करने के लिए जल्द ही महापौर से मिलकर जन समस्या को दूर करने के लिए सहयोग की बात करेंगे। आज की मुलाकात के दौरान ये बात भी सामने आई कि कांग्रेस पार्षदों के वार्डों में बोर खनन नहीं कराया जा रहा है, जिससे वार्डवासियों को दिक्कतें हो रही हैं। निगम में भाजपा की सरकार है, लेकिन हम सभी को मिलकर आम लोगों सहित शहर विकास के लिए कार्य करना है।

कलेक्टर ने दृष्टिबाधित बच्चों को पढ़ाई के लिए दिया मोबाइल

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक अवनीश कुमार शरण ने जिले की तीन दृष्टिबाधित स्कूली बच्चों को मोबाइल फोन, की बोर्ड और ओटीजी केबल प्रदान किए। समग्र शिक्षा की समावेशी शिक्षा योजना के तहत उन्हें ये सहायक उपकरण निःशुल्क वितरित किए। लाभान्वित दृष्टिबाधित बच्चों में शुभम सूर्यवंशी, पूर्व माध्यमिक शाला मंगला, शहरी स्त्रोत केन्द्र बिलासपुर, कु. अनुष्का पूर्व माध्यमिक शाला हरदीकला विकासखण्ड बिल्हा, कु. निशा मरावी, प्राथमिक शाला खरगहनी विकासखण्ड कोटा शामिल हैं। हितग्राही बच्चों एवं उनके रिसोर्स पर्सन को दिनांक 24 अप्रैल से 26 अप्रैल 2025 तक रायपुर में शैक्षिक आवश्यकता पूर्ति हेतु मोबाईल के अनुप्रयोग का प्रशिक्षण दिया जावेगा। समग्र शिक्षा के अंतर्गत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों (दिव्यांग) हेतु समावेशी शिक्षा योजना संचालित है। जिसके अंतर्गत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का चिन्हांकन, शिक्षक एवं पालकों का उन्नमुखीकरण कार्यक्रम तथा बच्चों की आवश्यकता अनुसार उन्हें सहायक उपकरण उपलब्ध कराया जाता है।

शहर में अटैच स्वास्थ्य कर्मियों को तत्काल रिलीव करने दिए निर्देश

■ कलेक्टर ने अस्पतालों और राजस्व शिविरों का लिया जायजा

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अवनीश शरण ने आज ग्रामीण अस्पतालों और राजस्व शिविरों का जायजा लिया। उन्होंने स्टाफ की कमी से जूझ रहे दगौरी अस्पताल की अव्यवस्था पर गहरी नाराजगी जताई। यहां के स्वास्थ्य कर्मी शहरी अस्पतालों में संलग्न है। उन्होंने तुरंत संलग्नता समाप्त करते हुए उन्हें कार्यभार ग्रहण करने के सख्त निर्देश दिए है। अन्यथा वेतन रोक कर निलंबन की कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने बिल्हा तहसील के अमेरी अकबरी और बोदरी तहसील के सिलपहरी में आयोजित राजस्व शिविरों का भी जायजा लिया। इसके अलावा सिलपहरी के उप स्वास्थ्य केन्द्र का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने दगौरी पीएचसी और सिलपहरी के उप स्वास्थ्य केन्द्र का बारीकी से निरीक्षण किया। दगौरी में शौचालय की साफ-सफाई न होने पर कलेक्टर बिफरे। बताया गया कि यहां हर माह 10-15 प्रसव होता है। प्रतिदिन 80-90 ओपीडी होती है। मेडिकल ऑफिसर ने बताया कि यहां फार्मासिस्ट सहित अन्य स्टाफ की कमी है। यहां के फार्मासिस्ट लीलावती मांझी, नेत्र सहायक संगीता गेडाम, पर्यवेक्षक श्री प्रफुल्ल कुमार सिंह शहरी क्षेत्र में संलग्न है। कलेक्टर ने सीएचएचओ को इनकी संलग्नता समाप्त कर दगौरी में कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं। अन्यथा वेतन रोक कर इन पर निलंबन की कार्यवाही की जाएगी।

किसान किताब वितरित

कलेक्टर ने सिलपहरी में आयोजित राजस्व शिविर का भी जायजा लिया। यहां किसानों को किसान किताब बांटा। ग्रामीणों से चर्चा कर खेती-किसानी सहित अन्य जानकारी ली। उन्होंने पूछा कि राशन ठीक से मिल रहा है कि नहीं ग्रामीणों ने बताया कि राशन हर महिने मिल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि पानी की समस्या है। कलेक्टर ने सभी से अपील की कि गर्मी के मौसम में धान की फसल न लें। अन्य फसलें जैसे सब्जी, गेहूं की फसलें गर्मी के मौसम में ले जिसमें पानी की आवश्यकता कम होती है। उन्होंने अमेरी अकबरी में आयोजित राजस्व शिविर का भी जायजा लिया। यहां कुल 22 आवेदन मिले। कलेक्टर ने सभी आवेदनों का निराकरण जल्द करने के निर्देश दिए।

ट्रैक्टर से महिला को कुचलने वाला आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। ट्रैक्टर से महिला को कुचलने वाला आरोपी ट्रैक्टर चालक को बेलगहना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी नशे में बिना हेड लाइट जलाए ट्रैक्टर चला रहा था। गैर इरादतन हत्या के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस के अनुसार कलाबाई पोर्ते निवासी बरभाठा के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि ट्रैक्टर के चालक राजू बैगा (सोनवानी) अपने ट्रैक्टर को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाकर तिल बाई को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया जिससे मौके पर तिल बाई पोर्ते की मृत्यु हो गई, प्रार्थीया की रिपोर्ट पर मर्ग क 00/35 धारा 194 बीएनएसएस व अप क्र 358/25 धारा 105 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध विवेचना कार्यवाही में लिया गया । मामले के सम्बन्ध मे तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह को अवगत कराकर अर्चना झा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं नुपूर उपाध्याय अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कोटा के मार्गदर्शन में आरोपी राजू बैगा (सोनवानी) को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया जो शराब के नशे में बिना हेड लाइट जलाये ट्रैक्टर चला कर घटना कारित करना जुर्म स्वीकार किया।

पदम पुरस्कारों के लिए नामांकन 30 जून तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारत सरकार द्वारा पद्म पुरस्कार श्रृंखला के तहत वर्ष 2026 में पदम् विभूषण, पद्म भूषण तथा पद्म श्री पुरस्कार प्रदान करने के लिए निर्धारित पात्रता एवं मापदंड के अनुरूप स्पष्ट अनुशंसा सहित योग्य एवं पात्र व्यक्तियों के नामांकन प्रस्ताव आमंत्रित किये जा रहे हैं। नामांकन प्रस्ताव उपलब्ध कराने की अंतिम तिथि 30 जून 2025 है। पद्म पुरस्कार देश का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है। यह पुरस्कार भारत सरकार द्वारा कला, साहित्य और शिक्षा, खेल चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान और इंजीनियरिंग, सार्वजनिक मामलों आदि में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों एवं सेवा के लिए प्रदान किया जाता है।

सुविचार

शोर मचाने वाले को मजबूत और शांत रहने वाले को कभी कमजोर नहीं समझना चाहिए क्योंकि सिक्के ही आवाज करते हैं नोट नहीं। - अज्ञात

फिर निशाने पर केन्द्रीय ऐजेंसियां

बहुचर्चित नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी ने कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का नाम चार्जशीट में जोड़ा है। इसके साथ ही कांग्रेस सहित आईडीआईए में शामिल अन्य विपक्षी पार्टियों के नेताओं ने केन्द्रीय जांच ऐजेंसियों पर निशाना साधना शुरू कर दिया है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश कहा है कि केन्द्र सरकार राजनीतिक बदले की भावना से सोनिया गांधी और राहुल गांधी को ईडी के माध्यम से परेशान कर रही है ताकि देश में बढ़ती गरीबी , बेराजगारी और महंगाई जैसी समस्याओं से जनता का ध्यान भटकाया जा सके। गौरतलब है कि नेशनल हेराल्ड मामले में पहले भी सोनिया गांधी और राहुल गांधी से पूछताछ की गई थी। उस समय भी कांग्रेस पार्टी ने इस मामले को लेकर खूब हंगामा मचाया था और केन्द्र सरकार पर केन्द्रीय जांच ऐजेंसियों के दुरूपयोग का आरोप लगाया था। जबकि वास्तविकता तो यह है कि नेशनल हेराल्ड मामले में 2013 में एक जनहित याचिका कोर्ट में दाखिल की गई थी और इसके बाद ही मामले की जांच शुरू हुई थी। 2013 में भाजपा की केन्द्र में सरकार ही नहीं थी। उस समय यूपीए की सरकार थी और मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे। ऐसी स्थिति में कांग्रेस नेताओं का यह आरोप समझ से परे है कि नेशनल हेराल्ड मामले में मौजूदा भाजपा सरकार केन्द्रीय जांच ऐजेंसियों का दुरूपयोग कर सोनिया गांधी और राहुल गांधी को परेशान कर रही है। कांग्रेस नेताओं के अलावा समाजवादी पार्टी ने भी ईडी कार्यवाही पर सवालिया निशान लगाया है। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने तो यहां तक कह दिया है कि ईडी विभाग को खत्म कर देना चाहिए। उन्होंने एक बयान में कहा है कि कांग्रेस ने ही ईडी विभाग बनाया था और आज कांग्रेस को ही ईडी परेशान कर रही है। इसलिए ईडी को खत्म कर देना चाहिए। इधर कांग्रेस से मतभेद के बावजूद आम आदमी पार्टी ने भी ईडी की कार्यवाही पर उंगली उठाई है। आम आदमी पार्टी के नेता और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा है कि विपक्षी नेताओं को परेशान करने के लिए ईडी जैसी केन्द्रीय जांच ऐजेंसियों का केन्द्र सरकार दुरूपयोग कर रही है। नई दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को भी ईडी ने लंबे समय तक जेल में रखा था लेकिन सत्य की जीत हुई और दोनों ही नेता जमानत पर छूट गये हैं।अन्य विपक्षी पार्टियों ने भी केन्द्रीय जांच ऐजेंसियों की कार्यप्रणाली पर आपत्ति दर्ज कराई है। इनमें से ज्यादातर पार्टियां ऐसी हैं जिनके नेता भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे हुए हैं। ऐसी पार्टियों के नेता केन्द्रीय जांच ऐजेंसियों पर लगातार सवाल खड़ा करते रहे हैं। ऐसे में यह प्रश्न उठता है कि जब उनके नेता निर्दोश हैं तो आखिर उन्हें किसी भी तरह की जांच से दिक्कत क्या है। ईडी हो या सीबीआई यदि वे किसी मामले की जांच कर रहे हैं तो उसे सरकार की बदले की कार्यवाही किस आधार पर कहा जाता है। यदि उनपर झूठा आरोप लगा है तो न्यायालय में इस बात का फैसला हो जाएगा। जहां दूध का दूध और पानी का पानी हो जाता है। किन्तु विपक्षी पार्टियां केन्द्रीय जांच ऐजेंसियों की लगातार खिलाफत कर रही है। गैर एनडीए शासित कई राज्यों में तो सीबीआई को राज्य सरकार से अनुमति लेनी पड़ती है तभी वे किसी मामले की जांच कर पाती है। कई बार तो ऐसे राज्यों में किसी मामले की केन्द्रीय ऐजेंसियों से जांच कराने का निर्देश संबंधित राज्यों के हाईकोर्ट को जारी करना पड़ता है। सीधी सी बात है कि केन्द्रीय जांच ऐजेंसियों की कार्यवाही का विरोध करने वालों को अपनी पोल खुलने का खतरा महसूस होता है इसे ही कहते हैं चोर की दाढ़ी में तिनका। बेहतर होगा कि केन्द्रीय जांच ऐजेंसियों की विश्वसनीयता पर सवाल उठाकर विपक्षी पार्टियां व्यर्थ का बवाल खड़ा न करें।

पाकिस्तान को एस जयशंकर की खरी-खरी

आतंकवाद का पर्याय बन चुके पड़ोसी देश पाकिस्तान को आईना दिखाते हुए भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने उसे खरी-खरी सुनाई है। उन्होंने ठीक ही कहा है कि पाकिस्तान अपने ही बुने जाल में खुद फंस गया है। गौरतलब है कि अफगानिस्तान में तालीबान को पाकिस्तान ने ही बढ़ावा दिया था। लेकिन अफगानिस्तान ने जब तालिबान का शासन कायम हो गया तो उसने पाकिस्तान के इशारे पर नाचने से न सिर्फ इंकार कर दिया बल्कि पाकिस्तान के कुछ इलाकों पर कब्जा करने की कोशिश शुरू कर दी। पाकिस्तानी हुकमरानों ने सोचा था कि वे तालिबान का उपयोग भारत के खिलाफ करेंगे। लेकिन अफगानिस्तान की तालिबानी सरकार ने भारत के साथ बेहतर संबंधों को प्राथमिकता दी और पाकिस्तान के खिलाफ ही तालिबान आक्रामक हो गया। इस बारे में एस जयशंकर ने यह भी सही कहा है कि तालिबान पर दोहरा चरित्र अपनाना पाकिस्तान को महंगा पड़ गया है। अफगानिस्तान में पाकिस्तान दोहरा खेल खेल रहा था लेकिन जब अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना वापस चली गई और अपने अरबों रूपये से हथियार वहीं छोड़ गई तो तालिबान ने उन हथियारों की बदौलत अपनी ताकत बढ़ा ली और अब वह पाकिस्तान को ही आंखे दिखा रहा है। वैसै भी आतंकवाद की आग को हवा देने वाला पाकिस्तान अब खुद अपनी लगाई आग में झुलस रहा है। पाकिस्तान ने उसमें जिन आतंकवादी संगठनों को पाला पोशा है वे अब पाकिस्तान के लिए ही भस्मासुर साबित हो रहे हैं। नतीजतन पाकिस्तान के कई सूबों में गृह युद्ध के हालात निर्मित हो रहे हैं और पाकिस्तान की सरकार तथा वहां की सेना के खिलाफ लोगों में आक्रोश फैल रहा है। इसके बावजूद पाकिस्तान के हुकमरान सबक सिखने के लिए तैयार ही नहीं है।

संजीव ठाकुर

अब इस चिप्स को लेने के लिए चीन को अमेरिका की सरकारी मंजूरी लेनी होगी और यह प्रतिबंध आगे आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगा। दूसरी तरफनिरंतर मजबूत सार्वजनिक खर्च और आसान मौद्रिक नीति के कारण भारत की अर्थव्यवस्था में 2025 में 6.5त्न की दर से बढ़ोतरी हो सकती है जो की 2024 की सिक्स पॉइंट नाइन प्रतिशत की वृद्धि से थोड़ा कम है किंतु भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में रहेगी। संयुक्त राष्ट्र संघ की रिपोर्ट में कहा गया कि बढ़ते व्यावसायिक तनाव और निरंतर और निश्चिंत्यता के कारण पूरा विश्व अर्थव्यवस्था मंदी के रास्ते पर है जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था नीचे गिर सकती है और टैरिफयुद्ध से पूरा वैश्विक बाजार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। टैरिफयुद्ध के चलते एवं वैश्विक आर्थिक अवस्था के कारण भारत में सोना एक नए रिकॉर्ड की ऊंचाई पर पहुंच गया है अमेरिका चीन व्यावसायिक युद्ध के कारण सोने में रिकॉर्ड तेजी हुई है। यह तो तय है कि भारत तेजी से उभरती हुई आर्थिक अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है किंतु चीन अमेरिका टैरिफयुद्ध पूरे विश्व के लिए आर्थिक मंदी लाने वाला होगा जिसके परिणाम सबसे ज्यादा विकासशील देशों को भुगतना पड़ेगा।

चीन-अमेरिका टैरिफवार में आमने-सामने

भारत की अर्थव्यवस्था में सुधार

डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद 100 दिनों में डोनाल्ड ट्रंप की सनक ही सामने आती दिखाई दी है। मूलतः बड़े व्यवसाय से जुड़े व्यापारी से राष्ट्रपति बने डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका की अर्थव्यवस्था को सुधारने में पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था को डाँवाडोल कर चुके हैं।

यह भी बताया जाता है कि उनके व्यावसायिक सलाहकार टेस्ला के मालिक एलन मस्क को उनकी इस व्यापारिक नीति पर अरबों का नुकसान हुआ है जिसके चलते एलन मस्क और डोनाल्ड ट्रंप में गहरे व्यावसायिक मतभेद उभर आए हैं। इसके अलावा पूर्व राष्ट्रपति जो बाईडेन ने चुनाव के लगभग 100 दिन बाद अपनी आधिकारिक सभा में कहा की डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने 100 दिनों से कम समय में ही आश्चर्यजनक रूप से भारी नुकसान तथा विनाश किया है पूर्व राष्ट्रपति ने दावा किया की ट्रंप ने सामाजिक सुरक्षा प्रशासन के विरुद्ध द्वेषपूर्ण बर्ताव कर लगभग 7000 कर्मचारियों की छटनी करके अमेरिका को एक झटका दिया है उन्होंने कहा की कई अमेरिकी भोजन के लिए सामाजिक सुरक्षा पर भरोसा करते हैं और इसमें यह कटौती लाखों लोगों के लिए विनाशकारी होगी, उन्होंने आगे कहा की अमेरिकी प्रशासन ने पूरे विश्व में टैरिफयुद्ध लाकर आर्थिक अस्थिरता पैदा कर दी है। अमेरिका ने पहले चीन पर भारी 145% टैरिफलगाया था जवाब में चीन ने 125% टैरिफलगाने पर अमेरिका ने फिर जवाबी कार्रवाई कर 245% टैरिफचीन पर ठोक दिया है ट्रम्प प्रशासन के प्रवक्ता के अनुसार चीन ने बहुत सारे रेयर अर्थ पदार्थ पर अमेरिका भेजने पर प्रतिबंध लगा दिया था इन सब रेयर अर्थ पदार्थ पर अमेरिका की आत्मनिर्भरता खत्म हो गई थी जिसमें उल्लेखनीय है कि गैलियम,जर्मेनियम, एंटीमनी जैसे कुछ तकनीक के निर्यात पर चीन ने प्रतिबंध लगाकर अमेरिका को मजबूर कर दिया था अमेरिका के व्हाइट हाउस के प्रवक्ता ने दावा किया है कि इस तरह के निर्यात को प्रतिबंधित करने में चीन की मंशा दुनिया के ऑटो मार्क्स एयरोस्पेस निर्माता, सेमीकंडक्टर कंपनियों एवं अन्य सैन्य ठेकेदार को महत्वपूर्ण सामग्री पूर्ति करने से रोकने के लिए की गई है। पहले अमेरिका का चीन सामरिक दुश्मन नंबर एक था ताइवान के मामले में अमेरिका और चीन एक दूसरे के आमने-सामने डटकर खड़े हुए थे पर कुछ कूटनीतिक तकनीकी के कारण अमेरिका ताइवान चीन के दावे पर सीधा हस्तक्षेप नहीं कर रहा था किंतु अब वैश्विक आर्थिक महायुद्ध में चीन पर 245 प्रतिशत टैरिफ लगाकर यह युद्ध अब सीधे-सीधे अमेरिका तथा चीन के मध्य केंद्रित हो गया है। चीन ने अमेरिकी हस्तक्षेप के जवाब में नहले पर दहला मारकर पिछले हफ्ते ऑटो मार्क्स के लिए सेंट्रल कमांड के लिए 6 दुर्लभ धातुओं के साथ बड़ी चुंबकों के निर्यात पर भी रोक लगा दिया माना जाता है कि यह दुनिया भर के एयरोस्पेस निर्माता सेमीकंडक्टर कंपनियां एवं अन्य सैया सामग्रियों के इस्तेमाल करने वाली कंपनियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है।

यह संसाधित खनिज अमेरिका रक्षा उद्योग के लिए अत्यंत अहम है जिसमें जेट इंजन मिसाइल मार्गदर्शन प्रणाली, एडवांस्ड टेक्नोलॉजी के कंप्यूटर तथा अल्ट्रा एडवांस रडार सिस्टम जैसे एपरेटस के निर्माण में इनका अनुप्रयोग किया जाता है और महत्वपूर्ण बात यह है इन सब की आपूर्ति रुक जाने से ट्रंप प्रशासन तिलमिलाकर चीन से कुपित हो गया है। ट्रम्प प्रशासन के प्रवक्ता के अनुसार लगभग 75 देश पहले से ही नए व्यापार समझौते पर गहन चर्चा हेतु चीन के अलावा सहमत हो चुके हैं इन पर लगे व्यापारिक अतिरिक्त शुल्क को फिलहाल 90 दिनों के लिए रोक दिया गया है। ट्रम्प प्रशासन के अनुसार चीन बोइंग विमान के सौदे से साफ-साफ मुकर गया है और अमेरिका ने अपने वैधानिक अधिकारों और हितों तथा अंतरराष्ट्रीय न्याय की रक्षा हेतु जवाबी कदम उठाते हुए 245 प्रतिशत टैरिफ चीन पर लगा दिए हैं जिसे उन्होंने उचित और संवैधानिक बताया है। यह तो तय है कि 245% टैरिफ से भविष्य में चीन को भारी नुकसान होने वाला और इससे उसकी अर्थव्यवस्था पूरी तरह डगमगा जाएगी। दूसरी तरफ चीन की प्रवक्ता एजेंसी रेडियो फ्री एशिया के अनुसार अमेरिका ने चीन को एनवीडीया के द्ध20 चिप्स का निर्यात रोक दिया है इसे अंतरराष्ट्रीय जगत में चीन पर दबाव बनाने हेतु उठाया गया कदम बताया जाता है।

अब इस चिप्स को लेने के लिए चीन को अमेरिका की सरकारी मंजूरी लेनी होगी और यह प्रतिबंध आगे आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगा। दूसरी तरफ निरंतर मजबूत सार्वजनिक खर्च और आसान मौद्रिक नीति के कारण भारत की अर्थव्यवस्था में 2025 में 6.5% की दर से बढ़ोतरी हो सकती है जो की 2024 की सिक्स पॉइंट नाइन प्रतिशत की वृद्धि से थोड़ा कम है किंतु भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में रहेगी। संयुक्त राष्ट्र संघ की रिपोर्ट में कहा गया कि बढ़ते व्यावसायिक तनाव और निरंतर और निश्चिंत्यता के कारण पूरा विश्व अर्थव्यवस्था मंदी के रास्ते पर है जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था नीचे गिर सकती है और टैरिफ युद्ध से पूरा वैश्विक बाजार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। टैरिफ युद्ध के चलते एवं वैश्विक आर्थिक अवस्था के कारण भारत में सोना एक नए रिकॉर्ड की ऊंचाई पर पहुंच गया है अमेरिका चीन व्यावसायिक युद्ध के कारण सोने में रिकॉर्ड तेजी हुई है। यह तो तय है कि भारत तेजी से उभरती हुई आर्थिक अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है किंतु चीन अमेरिका टैरिफ युद्ध पूरे विश्व के लिए आर्थिक मंदी लाने वाला होगा जिसके परिणाम सबसे ज्यादा विकासशील देशों को भुगतना पड़ेगा।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 612 में आज ही के दिन शाहजहां ने मुमताज से निकाह किया था। 1859 में क्रांति का बिगुल फूंकने वाले तात्या टोपे को फांसी पर लटकाया गया था। 1902 में अपराधियों की पहचान के लिए डेनमार्क ने सबसे पहले फिंगरप्रिंट दर्ज करना स्टार्ट किया था। 1917 में गांधी जी ने अपने सत्याग्रह आंदोलन की शुरुआत के लिए बिहार के चंपारण का चयन किया था।1950 में विनोबा भावे ने आंध्र प्रदेश (तेलंगाना) के पचमपल्ली गांव से भूदान आंदोलन की शुरुआत की थी। 1955 में आज ही के दिन वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन का 76 साल की उम्र में प्रिंसटन के एक हॉस्पिटल में निधन हुआ था। 1968 में अमेरिका ने नेवादा परीक्षण स्थल पर परमाणु परीक्षण किया था। 1971 में भारत का पहला जंबो जेट बोइंग 747 मुंबई पहुंचा था और इसे सम्राट अशोक नाम दिया गया 1978 में आधुनिक नई दिल्ली का निर्माण करने वाले सोभा सिंह का निधन आज के ही दिन हुआ था। 1991 में आज ही के दिन केरल को देश का पहला पूर्ण साक्षर राज्य घोषित किया गया था।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

कश्मीर फाइल्स

कश्मीर फाइल्स और केरल फाइल्स में डायरेक्टर एक्टर और राइटर अलग-अलग थे. कुछ आंख के अंधों को यह कहानी लगी होगी ये है बंगाल फाइल्स डायरेक्टर भी खुद. लेखक भी खुद और एक्टर भी खुद भी खुद डायरेक्ट एक्शन जब रक्षक ही भक्षक बन जाए बोल तुझे कौन बचाए - **मनोज स्वाइन**

कहने को बहुत

कहने को बहुत कुछ था, मगर ,कह नही पाये। ज़िंदगी गुज़रती रही, लौट नही पाये। कहते हैं लोग, गोल है दुनियाँ, आता वही है घूम कर, मगर बिछड़ कर फिर कभी हम मिल नही पाये।

- **शिखा लाहिरी**

खास पाती | वार औ प्रहार चोट, संग में आघात

वार औ प्रहार चोट, संग में आघात मित्र, एक अर्थ भाव धरि, छंद गीत गाइए। मनहरण कवित्त ,वर्ण छंद की प्रकृति, काव्य नदी धार वृत्ति, प्रीति मीत गाइए।। भाव सोच शब्द अर्थ ,केंद्र बिंदु छंद कथ्य, मम्मट के नवों रस, भाव जीत गाइए। भेषभूषा अलंकार, सुन्दर विचार संग, अहंकार से विमुक्त ,गुणातीत गाइए।।
राजकिशोर मिश्र

ऐसा भी नहीं था कि तू किस्मत में नहीं

ऐसा भी नहीं था कि तू किस्मत में नहीं था मैं ही जहाँ से लड़ने की हालत में नहीं था तुमने भी मुझे मिलने की कोशिश न की कभी और जोशे जुनून मेरी भी वहशत में नहीं था मुमकिन था लौट आता मैं, आवाज़ तो देते मुड़ मुड़ के देखना मेरी आदत में नहीं था कुछ तुमने भी आना नहीं छोड़ा ख़याल में और तुझको भूलना मेरी फ़ितरत में नहीं था दिल को क़रार देने लगीं बेकरारियां फ़ुरकत में जितना लुत्फ़ है चाहत में नहीं था। -**अनु मित्तल**

कोई लम्हा आए आए भी तो जिन्दगी

कोई लम्हा आए भी तो ज़िन्दगी में मुस्कुरा दे दिल हमारा भी खुशी में बस दिखावे की हंसी को जी रहे हैं कट रही है उम्र लेकिन बेबसी में हम तो संजीदा रहे पर खुश नहीं थे मस्त हैं कुछ लोग तो आवारगी में तीरगी देकर गया जो उम्र भर की देखते थे रोशनी उसकी खुशी में एक पल को चुप नहीं रहता था जो अब बात करता ही नहीं नाराज़गी में। - **मित्र ग़ाज़ियाबादी**

चल मन कुछ अपनी लिखती हूँ

चल मन कुछ अपनी लिखती हूँ, भूलीद्वबिसरी यादों में खो जाती हूँ, मैं भी कभी छोटी सी गुड़िया थी, चहकती फुद्कती सी चिड़िया थी, आंगन की रौनक कहते बाबा मुझको, दिल का टुकड़ा कहती अम्मा मुझको, खेल खेल में दिन बीता बचपन का, याद आती सखियाँ वो छुटपन का, बाबुल का घर जब से हुआ पराया, जीवन का दर्शन हुआ है गहराया, काम काज ने ऐसा नाता जोड़ा है, मुझको ही मुझसे नाता तोड़ा है, थोड़ी सी फुर्सत मिली जो मुझको, आ कविता कुछ पल मिलूँ मैं तुझको, तुमको लिखकर मैं खुश हो लेती हूँ, कथा-व्यथा में कुछ रो भी लेती हूँ, ओ कविता! मेरी भावनाओं को समझती हो तुम, मैंद्वभीद्वनारीद्वतूद्वभीद्वनारी, मेरी अंतरंग सहेली हो तुम। - **पूनम झा 'प्रथमा'**

पश्चिम बंगाल मे केंद्र के कानून को न

पश्चिम बंगाल मे केंद्र के कानून को न लागू करना ,एक वर्ग को दूसरे वर्ग की खुलेआम हत्या ,बलात्कार,लूट ,संपत्तियो को आग लगाने का अधिकार देना ,पुलिस को दंगाईयो का मूक सहयोगी बना देना आज भीमराव अंबेडकर होते तो उसे लोकतंत्र की विफलता और नेतृत्व को अक्षम मानकर राष्ट्रपति शासन की मांग करते। डॉक्टर साहब ने अनुच्छेद 254,256 बनाया है इन्ही सब की आशंका रही होगी। डॉक्टर साहब इसे कभी माफ नही करते । - **ऐडवोकेट अरूण कुमार गुप्ता**

जल जल कर जो जल रहे विष

जल जल कर जो जल रहे विष शब्दों से उगल रहे है चलो तुम उगलते रहो मुझको हलाहल करते रहो मैं अपने धुन में रमता जोगी मैं इसका विषपान करूँ तू उगल उगल कर थक जायेगा शेषनाग जैसा झुक जायेगा रब का हाथ हो सर पर जिसका उसे डर है अब किसका। - **प्रीति श्रीवास्तव**

प्रेरक प्रसंग

स्वर्ग प्राप्ति का राजमार्ग

एक दिन एक गृहस्थ ने महात्मा रामानुज से प्रश्न किया कि महात्मन् ! क्या ऐसा कोई मार्ग नहीं है कि यह संसार भी न छोड़ना पड़े और स्वर्ग भी पा लूँ।

रामानुज हँसे और बोले- हाँ, है ऐसा मार्ग। तुम जो कुछ कमाओ, ईमानदारी से कमाओ और जो कुछ व्यय करो-सदा दूसरों की भलाई के लिए करो। गृहस्थ को संदेह हुआ उसने पूछा- मगर ऐसे कठिन मार्ग पर कौन चल सकता है ?

रामानुज ने दृढ़ विश्वास के साथ कहा- जो नारकीय यातनाओं से बचना चाहता होगा और जिसे ईश्वर प्राप्ति की सच्ची लगन होगी।

QUIZ TIME

1) हाल ही में किस राज्य को वन्यजीव पर्यटन के लिए अभयारण्य एशिया पुरस्कार प्राप्त हुआ?

2) हाल ही में किस शहर को यूनेस्को रचनात्मक शहर में सम्मिलित किया गया है?

3) सावरकर हिन्दू महासभा के अध्यक्ष किस वर्ष बने?

4) एचटीएमएल किस प्रकार की भाषा है?

5) भारतीय स्पर्धा आयोग की पहली महिला अध्यक्ष कौन है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) मध्यप्रदेश (2) ग्वालियर और कोझिकोड (3) 1937 (4) स्क्रिप्टिंग (5) रवनीत कौर

आज का पंचांग

सूर्योदय : : 06:06, सूर्यास्तः : 06:48, चन्द्रोदयः : 22:57, चन्द्रास्तः :08:04, अयन : उत्तरायणे (उत्तरगोलीय), ऋतुः : वसंत, शक सम्वतः : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वतः : 2082 (सिद्धार्थी), मास : वैशाख, पक्ष : कृष्ण, तिथि : पञ्चमी, नक्षत्र : ज्येष्ठा, योग : परिघ, प्रथम करण : बालव (15:23 तक), द्वितीय करण : कौलव (28:18 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मेष, चंद्र : वृश्चिक, मंगल : कर्क (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मीन (उदय, पूर्व, मार्गी), गुरु : वृष (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मीन (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:51 से 12:42, अमृत काल : 22:39 से 24:25, सर्वार्थ सिद्धि योग : 05:48 से 05:55, विजय मुहूर्त : 14:26 से 15:18, गोधूलि मुहूर्त : 18:44 से 19:06, सायाह्न सन्ध्या : 18:45 से 19:51, निशिता मुहूर्त : 23:54 से 24:38, राहुकाल : 10:30 से 12:00, राहुवास : दक्षिण, यमगण्ड : 05:48 से 07:25, दुर्मुहूर्त : 10:07 से 10:59, होमाहुति : मंगल, दिशा शूल : दक्षिण, नक्षत्र शूल : पूर्व (05:55 से), अग्निवास : आकाश, चन्द्र वास : उत्तर, शिववास : कैलाश पर (15:23 से नन्दी पर)।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज आपको किसी ना किसी कारण मानसिक क्लेश बना रहेगा। प्रत्येक कार्य को देख-भाल कर ही करेंगे फिर भी सफलता निश्चित नहीं रहेगी।

वृषः आज का दिन आनंददायक रहेगा। आज आप लगभग प्रत्येक क्षेत्र पर सफल रहेंगे। सफलता के पीछे परिजनों का भी विशेष योगदान रहेगा।

मिथुनः आज के दिन आप अपने ही गैरजिम्मेदार व्यवहार के कारण कष्ट उठाएंगे। कार्यो में लापरवाही भी अधिक रहेगी।

कर्कः आज के दिन आपके अपने ही बनते कार्यो में अड़चन डाल सकते है जिससे नया विवाद खड़ा होगा।

सिंहः आज के दिन आपको संयमित व्यवहार करने की सलाह है। स्वाभाव में उग्रता रहने से स्वयं जनों से मन दुःख के प्रसंग बन सकते है।

कन्याः आज का दिन आपकी अपेक्षाओं के अनुसार रहेगा। सामाजिक एवं पारिवारिक क्षेत्र पर आज आप भाग्यशाली माने जाएंगे।

तुलाः आज का दिन आपको मिश्रित फलदायी रहेगा। दिन के पूर्वार्ध में शारीरिक रूप से असमर्थ रहेंगे आलस्य अधिक रहने से उत्साह की कमी रहेगी।

वृश्चिकः आज आपके मन के विचार थोड़ी-थोड़ी देर में बदलते रहेंगे जिससे कोई भी ठोस निर्णय लेने में दिक्कत आएगी।

धनुः आपका आज का दिन भी थोड़ा उतार चढ़ाव वाला रहेगा। संबंधो में चाह कर भी मधुरता नहीं रख पाएंगे।

मकरः आज घर एवं सामाजिक क्षेत्र पर आपके विचारों को पसंद किया जाएगा। अनजान लोग भी आपकी बातों से प्रभावित होंगे नए मित्र एवं जनसंपर्क बनेंगे।

कुंभः आज के दिन कार्य क्षेत्र के साथ साथ घरेलु कार्य अधिक रहने से व्यस्तता बढ़ेगी। मध्यान का समय धन लाभ के अवसर भी मिलेंगे।

मीनः आज आप शारीरिक एवं मानसिक रूप से बेहतर अनुभव करेंगे।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

बाएं से दाएं

1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकुल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती रावड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

ऊपर से नीचे

1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।

1		2	■	3	4		5	■
	■	6				■	7	8
9			■		■	10		
	■	11		■	12		■	
■	13	■	■	14			■	■
15		16		■		■	■	17
	■		■	18		19	■	
	■	20			■	21		
■	22		■	23			■	

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 020 का हल

ज	ल	■	आ	वा	जा	ही	■	■
मा	■	खू	ब	■	दू	र	स्थ	■
ना	दा	न	■	सा	ग	■	ल	क्ष्य
■	न	ख	■	त	र	ल	■	■
■	वी	रा	न	■	■	च	ट	क
■	र	ब	■	आ	ज	क	ल	■
■	■	■	आ	ग	■	दा	ना	■
■	अ	ग	र	म	ग	र	■	क्रो
भा	भी	■	ती	न	■	■	व	ध

संक्षिप्त खबरें

पदभार ग्रहण करने के पूर्व श्रीवास्तव अटल चौक पहुंचे, श्रद्धासुमन अर्पित किया

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव आज बीटीआई ग्राउंड में पदभार ग्रहण करने के पूर्व अवंती विहार स्थित अटल चौक पहुंचकर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धाङ्कसुमन अर्पित किया,उक्त जानकारी देते हुए व्यापारी संघ के अध्यक्ष राजकुमार राठी ने बताया कि नवनियुक्त अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव आज अटल चौक पहुंचकर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य श्री बाजपाई की देन है एवं आज भारतीय जनता पार्टी अटल बिहारी बाजपाई की विचारधारा पर चलकर केंद्र में तीसरी बार एवं राज्य में चौथी बार सरकार बनाई है। अटल चौक पर संजय श्रीवास्तव का स्वागत व्यापारी संघ के अध्यक्ष राजकुमार राठी, महामंत्री किशोर नायक,उपाध्यक्ष सुब्रत घोष, संतोष श्रीवास्तव,अभिषेक गुप्ता, सुजीत परिहार, विकास मिश्रा,जयराम कुकरेजा, अखिल चटर्जी, इंद्रपाल सिंह तोमर, राधेश्याम शर्मा, मोनू आहूजा,राजू रोहित राघव, अशोक गुप्ता, संजय नागर, अक्षत शर्मा सहित सैकड़ों व्यापारी उपस्थित थे।

पुलिस ने दबिश देकर 3 गांजा तस्करों को किया गिरफ्तार

आरंग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ गांजा-शराब तस्करों का सुरक्षित ठीकाना बना हुआ है। देश भर में अवैध मादक पदार्थों की सप्लाई के लिए रायपुर कारिडोर बना हुआ है। पुलिस ने एक बार फिर सूखे नशे की तस्करी करने वालों पर शिकंजा कसा है। कराए के मकान में दबिश देकर पुलिस ने तीन गांजा तस्करों को दबोचा. आरोपियों के कब्जे से 30 किलों अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया है। कार्रवाई में गिरफ्तार मुख्य आरोपी पहले भी गांजा तस्करी में पहले भी पकड़ा जा चुका है।आरंग थाना प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने बैहार में संतोष साहू के मकान में दबिश दी, उसने अपना मकान किराए से दे रखा था. तलाशी के दौरान आरोपी तुषार देवांगन, बलराम साहू और मोहन साहू मकान में मौजूद थे. इस दौरान पुलिस को स्टील में एक बड़े पेटी में से 30 पैकेट में 30 किलो गांजा मिला. साथ ही 1 इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन भी बरामद किया गया।

स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने मेकाहारा में चिकित्सा सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के दिए निर्देश

रायपुर (ए.)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार जनकल्याण के संकल्प के साथ काम कर रही है, और हमारा उद्देश्य है कि प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को सुलभ, सस्ती और उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज मंत्रालय नवा रायपुर में डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर में चिकित्सा सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण और विस्तार के सम्बन्ध में आयोजित बैठक में अधिकारियों को दिशानिर्देश देते हुए यह बात कही। बैठक में स्वास्थ्य विभाग सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में अस्पताल की संरचना और सेवाओं को आधुनिक और जनसुलभ बनाने के लिए विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। बैठक में मंत्री जायसवाल ने निर्देश दिए कि चिकित्सालय में आवश्यक सभी चिकित्सा उपकरण, तकनीकी संसाधन, और मरीजों की सुविधाओं की उपलब्धता को प्राथमिकता से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में विस्तारीकरण और विद्युतीकरण के कार्यों में विभागीय समन्वय मजबूत किया जाए, ताकि निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण परिणाम प्राप्त हो सकें। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के सचिव अमित कटारिया, आयुक्त चिकित्सा शिक्षा सुश्री किरण कौशल, चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के डीन, अस्पताल प्रबंधन प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

हेल्थी बेबी कॉम्पिटिशन का आयोजन 19 को

रायपुर/नवप्रदेश। कल्याण पब्लिक हा से स्कूल में कल्याण शिक्षा प्रसार समिति द्वारा हेल्थी बेबी कॉम्पिटिशन (स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता) का आयोजन 19 अप्रैल 2025 को 2 से 5 बजे तक किया जा रहा है।यह प्रतियोगिता 2 समूहों में आयोजित की जा रही है ग्रुप ड्ड - 0 से 3 साल के बच्चों के लिए ओर ग्रुप ड्ढ - 3 ह्यद्द 6 साल के बच्चों के लिए। इस प्रतियोगिता में बच्चों का स्वास्थ प्रशिक्षण शिशु विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा किया जाएगा। जो शिशु पूर्ण स्वस्थ पाए जाने पर दोनों ग्रुप में 1ह्यह्ल , 2ठ्ठस्र, 3ह्म्स्र पुरस्कार भी दिया जाएगा, साथ ही cute smile, best dress-up, shiny skin, sparking eye, chubby cheeks जैसे टैग द्वारा भी पुरुस्कार दिया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों को प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। यह प्रतियोगिता पूर्णतः निःशुल्क है। ये जानकारी कार्यक्रम के आयोजद्व राजेश sa&ena से प्राप्त हुई द्य कार्यक्रम कि विस्तृत जानकारी हेतु 7000571602. 9826183247. पर संपर्क करे।

गांववासियों की अनुशासन और देश भक्ति भी काबिले तारीफ

हर घर जल योजना से 'ग्रीन गांव' गबोद की बदली तस्वीर

रायपुर/नवप्रदेश। हर घर जल योजना के तहत् महासमुंद जिले के पिथौरा विकासखण्ड का ग्राम गबोद, में तस्वीर बदल गई है। उल्लेखनीय है कि ग्राम गबोद हरियाली और स्वच्छता के लिए ग्रीन गांव के नाम से प्रसिद्ध है। जल जीवन मिशन के द्वारा हर घर नल हर घर जल योजना से हुए सफलता पूर्वक कार्यों के कारण अब गबोद एक और बड़ी उपलब्धि के साथ नई पहचान बना रहा है।

यह गांव अब हर घर जल ग्राम घोषित हो चुका है। 14 जनवरी 2025 को गबोद गांव को यह उपाधि तब मिली जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना के तहत यहां हर घर में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो गई। यहां गांववासियों का अनुशासन और देशभक्ति भी तारीफे काबिल है। हर सुबह 7:30 बजे गांव का हर नागरिक अपने घर के बाहर आकर राष्ट्रगान में भाग लेता है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में 89.39 लाख रुपये की लागत से गांव में 40 किलोलीटर की उच्चस्तरीय जलागार और 760 मीटर पाइपलाइन के साथ 138 घरों में नल कनेक्शन प्रदान किए गए। इस योजना के तहत अब गांव के हर घर तक शुद्ध जल पहुंच रहा है। इससे पहले महिलाओं और बच्चों को गांव के 5 हैंडपंप और कुछ कुओं से पानी लाना पड़ता था। बरसात के समय पानी लाने में कई परेशानियों का सामना करना पड़ता था, और कभी-कभी विवाद भी हो जाते थे।

स्वच्छ जल मिलने से स्वास्थ्य में सुधार

महिलाओं को स्वच्छ जल मिलने से स्वास्थ्य में सुधार हुआ है और समय की बचत होने से वे अब आर्थिक गतिविधियों में भाग ले रही हैं। बच्चों को प?ाई का समय मिलने लगा है और गर्भवती महिलाओं को भी विशेष लाभ मिला है, जिससे गर्भपात जैसी समस्याएं कम हुई हैं। गांव के लोग अब जल संरक्षण और पौधारोपण जैसे कार्यों में भी बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। ग्रीन गाँव का यह उदाहरण अन्य गांवों के लिए प्रेरणा बन रहा है।गांव की महिला पूजा सिंह ठाकुर ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि, अब पानी की वह समस्या नहीं रही जो पहले होती थी। हम सब सरकार के आभारी हैं। गबोद ग्राम के समस्त नागरिकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को इस उपलब्धि के लिए धन्यवाद दिया है।

दिव्यांग दम्पत्ति के लिए मनरेगा का सहारा, आर्थिक तंगी से मिली राहत

- मनरेगा श्रमिकों को पानी पिलाकर कर रहे जीवन यापन

रायपुर/नवप्रदेश। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना बनी दिव्यांग दंपति का सहारा। यह कहानी ग्राम पंचायत खजुरी जनपद पंचायत प्रतापपुर जिला सूरजपुर के दिव्यांग पति व पत्नी की है। जो जन्म से ही आंखों की रोशनी खो चुके हैं विवाह के बाद जीवन यापन में आई आर्थिक तंगी मे मनरेगा योजना सहारा बना है। जन्म से ही इस दिव्यांगता के अभिशाप को ढोकर चल रहे दंपत्ति के सामने आर्थिक मदद के तौर पर स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं के पहल से जिला प्रशासन के द्वारा इनकी जीवन शैली में सुधार हेतु कई योजनाओं का लाभ देते हुए इस दंपत्ति का मनरेगा में जॉब कार्ड बनाया गया और दंपत्ति कार्यस्थल पर मजदूरों को पानी पिलाकर अपने कर्तव्य का निर्वहन भी कर रहे हैं। ग्राम पंचायत खजुरी में श्यामसाय पैकरा एवं उनकी पत्नी निरपति दोनो आंखों से दिव्यांग है। इनके पास कोई काम नहीं होने की स्थिति में सोसायटी से मिलने वाला राशन एवं निरपति को मिलने वाला पेंशन ही इनके जीवन निर्वाह करने का साधन था। बढ़ती महंगाई में दम्पत्ति को आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था, जिससें जिला प्रशासन के सामने गुहार लगाकर अपने लिए रोजगार सृजन किया व मनरेगा में जाबकार्ड बनवा कर मजदूरों को पानी पिलाकर जीवनयापन कर रहे हैं। आर्थिक और कई समस्याओं से जूझ रहे इस दिव्यांग जोड़े के नाम जॉबकार्ड जारी होने तथा अब मजदूरी मिलने के बाद इनके सामने भरण पोषण की समस्या खत्म हो गई है।

जिला प्रशासन के नजर में आने से इनको जिला प्रशासन की ओर से प्रोत्साहन राशि भी प्रदान किया जा रहा हैं। बहरहाल जन्म से ही इस दिव्यांग दंपत्ति के सामने आर्थिक मदद के तौर पर मनरेगा जॉबकार्ड जारी कर रोजगार उपलब्ध करा दिया गया है। लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि इस दम्पत्ति ने विकट परिस्थिति में भी भीख मांगकर गुजारा करने की बजाय अपने लिए रोजगार का सृजन किया है और कार्यस्थल पर मजदूरों को पानी पिलाकर अपने कर्तव्य का निर्वहन भी कर रहे हैं। शासन की मंशानुरूप मनरेगा इस बेसहारा परिवार के लिए बड़ा सहारा बन गया है।

बेटी अनुष्का की छठी में महतारी वंदन योजना बनी खुशियों की वजह

रायपुर/नवप्रदेश। जंगलों से घिरे कोरबा जिले के लेमरू ब्लॉक के घोंघीबहरा गांव की दिलेशरी मंझुवार के घर हाल ही में खुशियों की लहर दौड़ गई। बेटी अनुष्का की छठी का आयोजन ऐसे समय हुआ, जब यह परिवार आर्थिक रूप से कमजोर था। लेकिन इन खुशियों के पीछे एक मजबूत सहारा बनी छत्तीसगढ़ सरकार की महतारी वंदन योजना, जिसके तहत श्रीमती दिलेशरी को हर महीने एक हजार की आर्थिक मदद मिल रही है। गर्भावस्था के दौरान श्रीमती दिलेशरी को कई तरह की चिंताएं सताती थीं। घर की माली हालत ऐसी नहीं थी कि बच्चे के जन्म के बाद कोई खास आयोजन कर सकें। लेकिन जब मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा महतारी वंदन योजना की शुरुआत की गई, तो श्रीमती दिलेशरी ने भी आवेदन किया। योजना का लाभ मिलना शुरू हुआ और गर्भावस्था के दौरान यह राशि उनके लिए राहत बन गई। बेटी अनुष्का के जन्म के बाद जब छठी का समय आया, तो खाते में जमा योजना की राशि ने उनकी सारी चिंता दूर कर दी। श्रीमती दिलेशरी ने खुशी-खुशी छठी का आयोजन किया। उन्होंने बताया कि इस आयोजन के लिए किसी से उधार नहीं लेना पड़ा, न ही किसी से मदद मांगनी प?ी। मजदूरी पर आधारित आय वाले इस परिवार के लिए यह योजना अब केवल एक सहायता नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाया गया कदम है। श्रीमती दिलेशरी अब घर से लगे जमीन को समतल कर खेत बनाना चाहती हैं और इसके लिए भी योजना की राशि बचा रही हैं। महतारी वंदन योजना हमारे जैसे गरीब परिवारों के लिए जीवन की सबसे बड़ी ताकत बनकर आई है, श्रीमती दिलेशरी कहती हैं। यह योजना हमें आत्मसम्मान के साथ जीने का हक देती है। जरूरत के समय अब हमें किसी के सामने हाथ नहीं फैलाना पड़ता।

हमारी भारतीय ज्ञान परंपरा दुनिया की सबसे अनूठी परंपरा

एससीईआरटी में शुरुआत

रायपुर। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की प्रमुख अनुशंसा - प्राथमिक शिक्षा में बुनियादी रूप से भारतीय ज्ञान परंपरा के समावेश के अनुपालन में राज्य शैक्षिक अनुसन्धान एवं प्रशिक्षण परिषद् के संचालक दिव्या उमेश मिश्रा के दिशाबोध में अभिनव अकादमिक पहल की जा रही है।

अब प्रत्येक माह मानव-शिक्षा के प्रमुख अनुशासनों जैसे -समाज, भाषा व साहित्य, कला, संस्कृति, चिंतन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, धर्म, अध्यात्म, दर्शन, मनोविज्ञान, चिकित्सा, खगोलशास्त्र, धातुकर्म विज्ञान, संहिता, सौंदर्य शास्त्र, लोक एवं वाचिक परंपरा, इतिहास एवं पुरातत्व, पर्यावरण एवं जनजातीय समुदाय के पारंपरिक ज्ञान आदि विषयों के राष्ट्रीय स्तर के बौद्धिक विशेषज्ञों के साथ राज्य के प्रशिक्षकों, छात्रा-अध्यापकों के परस्पर संवाद का आयोजन किया जाएगा, ताकि वे शिक्षण-प्रशिक्षण कार्य में स्वयं को भी अद्यतन बना सकें।इसी कड़ी की शुरुआत करते हुए पहला व्याख्यान संपन्न हुआ, जिसमें भारतीय मिथकों के विशेषज्ञ और सुप्रसिद्ध रचनाकार, संस्कृतिविद् व भारत सरकार के प्रसार भारती दूरदर्शन के पूर्व उपमहानिदेशक उद्भ्रांत (रमाकांत शर्मा, दिल्ली) शामिल हुए। मुख्य वक्ता उद्भ्रांत ने कहा कि हमारी भारतीय ज्ञान परंपरा दुनिया की सबसे अनूठी परंपरा है जिसमें धर्म, अध्यात्म, ज्ञान, विज्ञान कला, संस्कृति,जीवन का हर पहलू शामिल है। 'वसुधैव कुटुंबकम' अर्थात पूरी वसुधा ही हमारी कुटुंब है, इस समग्रता में देखती है। भारतीय ज्ञान सिर्फ सूचना नहीं है बल्कि यह उसे आत्म साक्षात्कार नैतिक उत्थान और विश्व कल्याण की बुनियादी शिक्षा है। यह प्रकृति, ब्रह्मांड, मानव जीवन और नैतिकता के गहरे सवालों से रूबरू कराती है। इसकी जड़ें केवल धर्म और अध्यात्म तक ही नहीं, वरण गणित, खगोल शास्त्र, चिकित्सा, योग, दर्शन, भाषा, साहित्य कला, सौंदर्यशास्त्र जैसे ज्ञान के सभी क्षेत्रों में गहरी धँसी हुई है।भारतीय ज्ञान जितना लिखित है उतना ही अलिखित, जो शताब्दियों से सतत् प्रवाहमान है . यह मौखिक परंपरा अर्थात् वाचिक साहित्य और वेदों, उपनिषदों, महाकाव्यों से लेकर आज तक रचे गये सतसाहित्य में सतत् प्रवाहशील है । इसे आधुनिक विज्ञान की तकनीकि और नित-प्रतिदिन अपडेट होते टूल्स जैसे एआई (कृत्रिम बुद्धिमता) के माध्यम से भी कैसे विकसित किया जा सकता है, यह शिक्षाविदों के लिए विचारणीय है। इसके पूर्व राज्य शैक्षिक अनुसन्धान एवं प्रशिक्षण परिषद्, रायपुर के अतिरिक्त संचालक जयप्रकाश रथ ने अपने स्वागत भाषण में बताया कि उद्भ्रांत देश के उन कुछ बौद्धिक रचनाकारों हैं, जिन्होंने हिंदी साहित्य के लगभग सभी विधाओं में अपना लोहा मनवाया है।

व्यापारियों को राहत, अस्थायी बिजली कनेक्शन के लिए ऑनलाइन सिस्टम, घर बैठे कर सकते हैं आवेदन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने एक अभिनव कदम उठाते हुए व्यापारियों के लिए अस्थायी बिजली कनेक्शन प्राप्त करने की प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल और सरल बना दिया है। स्टेट सिंगल विंडो पोर्टल के माध्यम से शुरू की गई इस ऑनलाइन प्रणाली का उद्देश्य नियमों में सुधार करना और कठिन प्रक्रियाओं को सरल बनाना है। इस पहल से न केवल पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि व्यवसायियों को समय और लागत की बचत भी होगी। छत्तीसगढ़ सरकार की इस पहल को उद्यमियों और व्यापारियों ने खूब सराहा है।

नई प्रणाली के तहत व्यवसायी अब घर बैठे ही स्टेट सिंगल विंडो पोर्टल पर अस्थायी बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की स्थिति को रीयल-टाइम में ट्रैक करने की सुविधा ने प्रक्रिया को और भी पारदर्शी बना दिया है। पहले जहां कागजी कार्रवाई और कई दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते थे।वहीं अब यह काम कुछ ही क्लिक में पूरा हो जाएगा

कागजी कार्रवाई खत्म

सीएम ने कहा, इस डिजिटल प्रणाली ने कागजी कार्रवाई और बार-बार सरकारी दफ्तरों के दौरे की जरूरत को खत्म कर दिया है, जिससे प्रशासनिक खर्चों में भारी कमी आई है। छोटे और मझोले उद्यमी, जो पहले जटिल प्रक्रियाओं से जूझते थे, अब इस सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। रायपुर के एक युवा व्यवसायी हरीश पटेल ने बताया, पहले कनेक्शन लेने में कई हफ्ते लग जाते थे, लेकिन अब यह काम कुछ ही दिनों में हो जाता है।

व्यवसायियों को दो फायदे

यह सिस्टम न केवल तेज और सुगम है, बल्कि पूरी तरह नियमों के अनुरूप भी है। डिजिटल रिकॉर्ड-कीपिंग से ऑडिट प्रक्रिया आसान हो गई है, जिससे सरकारी विभागों और व्यवसायियों दोनों को फायदा होगा। सरकार का कहना है कि यह डिजिटलीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। भविष्य में अन्य सरकारी सेवाओं को भी इसी तरह ऑनलाइन और पारदर्शी बनाने की योजना है। छत्तीसगढ़ सरकार की इस पहल से न केवल व्यवसायियों को राहत मिली है, बल्कि यह राज्य को निवेश के लिए और आकर्षक बनाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है।

हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट वसूली का माध्यम : कन्हैया

- नंबर प्लेट लगाने के लिए सरकार हर वार्ड में शिविर लगवाए
- नंबर प्लेट के लिए निर्धारित राशि भी कम की जाए

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने की तिथि एक माह बढ़ाने की मांग करते हुए कहा कि नंबर प्लेट लगाने के लिए परिवहन विभाग हर शहर गांव में वार्ड वार्ड में शिविर लगवा कर न्यूनतम शुल्क में नंबर प्लेट उपलब्ध करवाए....

उन्होंने कहा कि हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के नाम पर हाई लेवल पर जो धंधा किया जा रहा है उसकी मार उपभोक्ताओं पर नहीं पड़नी चाहिए । नंबर प्लेट बदलने का निर्णय सरकार ने लिया है तो शुल्क भी सरकार को वहन करना चाहिए ,यदि शुल्क लिया भी जाना है तो न्यूनतम शुल्क निर्धारित किया जाना चाहिए और प्रत्येक वार्ड में शिविर लगाकर वाहन चालकों को नंबर प्लेट लगाने की सुविधा दी जानी चाहिए । इस बीच में ट्रैफिक पुलिस के द्वारा हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के नाम पर जांच या चालान का काम तत्काल प्रभाव से बंद किया जाना चाहिए अन्यथा इस मामले में शासन प्रशासन को विरोध का सामना करना पड़ेगा ।

गिरोह सक्रिय... एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर पुलिस सट्टेबाजी पर अंकुश लगाने अभियान चला रही

सट्टे के जद में 18-20 साल के युवा, तीन गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश । रायपुर पुलिस ने आईपीएल क्रिकेट मैच के दौरान ऑनलाइन सट्टेबाजी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन सटोरियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने इनके कब्जे से करीब 1.25 लाख रुपये कीमत के तीन मोबाइल फोन जब्त किए हैं, जिनका उपयोग सट्टा संचालन में किया जा रहा था। पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर रायपुर पुलिस जुआ और सट्टेबाजी पर अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में 16 अप्रैल 2025 को एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट को सूचना मिली कि गुढ़ियारी थाना क्षेत्र के महतारी चौक के पास कुछ लोग आईपीएल मैच के दौरान मोबाइल फोन के जरिए ऑनलाइन सट्टा चला रहे हैं।

सूचना के आधार पर एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और गुढ़ियारी थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर छापा मारा. वहां मौजूद तीन व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया, जिनकी पहचान जगमोहन साहू (20 वर्ष), गोपीचंद गुप्ता (18 वर्ष 8 माह), और सांईराम साहू (18 वर्ष 4 माह) के रूप में हुई. तीनों गुढ़ियारी के गोकुल नगर क्षेत्र के निवासी हैं।

पुलिस ने उनके मोबाइल फोन की जांच की, जिसमें आईपीएल मैच के दौरान ऑनलाइन सट्टा चलाने के सबूत मिले। इसके बाद तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया और उनके खिलाफ थाना गुढ़ियारी में छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 7 के तहत मामला दर्ज किया गया.

जब्त सामग्री-3 मोबाइल फोन (कीमत करीब 1,25,000 रुपये)इनकों पुलिस ने किया गिरफ्तार-जगमोहन साहू, उम्र 20 वर्ष, गोकुल नगर, गली नंबर 05, रामनगर, गुढ़ियारी, गोपीचंद गुप्ता, उम्र 18 वर्ष 8 माह, गोकुल नगर, गली नंबर 02, रामनगर, गुढ़ियारी, सांईराम साहू, उम्र 18 वर्ष 4 माह, गोकुल नगर, गली नंबर 02, रामनगर, गुढ़ियारी।

समाजसेवी संस्था के प्याऊ घर का विधायक ने किया शुभारंभ

■ भीषण गर्मी में प्याऊ के शीतल जल से लोगो की बुझेगी प्यास: आशा नेताम

काँकेर । समाज सेवी संस्था जन सहयोग।ने एक बार फिर एक अच्छी पहल करते हुए भीषण गर्मी के मौसम में मिट्टी के घड़ों के शुद्ध शीतल पेयजल वाले प्याऊ का इन्तज़ाम शहर के बीचों-बीच थाने के पास कर दिया है।जिसका उद्घाटन आज काँकेर क्षेत्र के विधायक आशाराम नेताम ने सुबह जन सहयोग के समाजसेवी सदस्यों तथा नागरिकों की उपस्थिति में कर दिया गया है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारी सोहेल कुमार तथा अन्य कर्मचारी भी उपस्थित थे।बता दें कि भीषण गर्मी में न केवल राहगीरों को बल्कि ग्रामों से आने वाले ग्रामीण आदिवासियों को शुद्ध पेयजल हेतु बहुत तकलीफ़होती थी और होटल में जाने पर चाय नाश्ते की शर्त पर ही ठंडा पानी मिलता था। अन्य स्थानों में 20/- खर्च कर ठंडे पानी की बोतल खरीदनी होती थी। लोगों को, विशेष कर देहात से काँकेर बाज़ार आनेवाले आदिवासी ग्रामीण भाइयों को यह प्याऊ स्थापित कर ÷जन सहयोग÷ समाजसेवी संस्था ने बहुत राहत पहुंचाई है। उद् घाटन कार्यक्रम में विधायक आशारामजी नेताम नपाध्यक्ष अरुण कौशिक सीएमओ

सोहेल कुमार तथा जन सहयोग के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी के अलावा भूतपूर्व सैनिक टेश्वर जैन, बल्लू राम यादव ,करण नेताम ,प्रवीण गुप्ता ,धर्मेंद्र देव, सागर देव, दिनेश मोटवानी, विनोद फब्यानी, राकेश साहू, नवाज़ अली, अरविंद चौहान, गोविंद शाहा, कमल शाहा आदि की सक्रिय उपस्थित उल्लेखनीय रही।

भाँसी और गंजेनार सेक्टर में पोषण पखवाड़ा अभियान जन समुदाय में बढ़ रहा स्वास्थ्य के प्रति जुड़ाव

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। दंतेवाड़ा विकासखंड के परियोजना बचेली अंतर्गत सेक्टर भाँसी एवं गंजेनार में 8 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025 तक पोषण पखवाड़ा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान हर वर्ष की तरह इस बार भी महिलाओं और बच्चों में एनीमिया व कुपोषण की रोकथाम के उद्देश्य से संचालित हो रहा है। अभियान के अंतर्गत थीम आधारित गतिविधियाँ जैसे एनीमिया मुक्त भारत,स्वच्छता व हाथ धुलाई के महत्व,पौष्टिक आहार का संदेश,नारा लेखन,

साइकिल रैली, रंगोली निर्माण,रेडी-टू-ईट फूड से बने व्यंजनों का प्रदर्शन,÷जिंदगी के पहले 1000 दिन÷ और ÷पोषण भी पढ़ाई भी÷ पर आधारित गतिविधियां संचालित की जा रही है। इसके अलावा इन गतिविधियों के माध्यम से समुदाय को पोषण शपथ दिलाने और लोगों स्वस्थ जीवनशैली अपनाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। पोषण पखवाड़ा अभियान के तहत घर पर पौष्टिक भोजन को बढ़ावा देने के लिए महिलाओं की व्यक्तिगत काउंसलिंग, बच्चों में मोटापे की समस्या से निपटने हेतु स्वस्थ जीवन शैली संबंधी जानकारी साझा की गई। साथ ही, ''एप्प'' क्रेश्चन ट्रैक्टर'' में उपलब्ध ''बेनिफिशियरी मॉडल और सी-से माड्यूल'' के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है। जनभागीदारी और जागरूकता के माध्यम से यह अभियान जिले में पोषण स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम साबित हो रहा है।

न्यूज गैलरी

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में हैंडपंपों की मरम्मत अभियान जारी

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। गर्मी के तेवर तेज होने के साथ ही जल समस्या इन दिनों विकराल रूप धारण करने लगी है। गर्मी के कारण जल स्तर लगातार घटता जा रहा है। गर्मियों में पेयजल संकट की समस्या के निदान के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयासरत है। बढ़ती गर्मी के बीच जिला प्रशासन द्वारा दूरस्थ ग्राम पंचायतों में हैंडपंप मरम्मत कार्य प्रारंभ किया गया है। इसके लिए प्रत्येक विकासखंड में हैंडपंप मरम्मत दल नियुक्त किया गया है। जो शिकायत प्राप्त होने पर मरम्मत करने मौके पर पहुंचेंगे। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के द्वारा गर्मी में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जा रही है। मरम्मत दल प्रत्येक विकासखंड के हरेक पंचायत और गांव में जाकर खराब पड़े हैंडपंप की मरम्मत करने के साथ-साथ लोगों को जल जागरूकता के लिए भी प्रोत्साहित करेगा। इस क्रम में ग्राम मोफ्लनार, टेकनार, सुरनार, मुलेर, में मरम्मत दल द्वारा हैंडपंप संधारण किया गया।

सामान्य सभा की बैठक 22 अप्रैल को

कांकेर । जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 22 अप्रैल को अपरान्ह 02 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। उक्त बैठक जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती किरण नरेटी की अध्यक्षता में आहूत की गई है। जिला पंचायत के सीईओ श्री हरेश मंडावी ने सर्व संबंधित विभागीय अधिकारियों को एजेण्डावार अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया है।

दिल्ली ने चंडीगढ़ को हराकर स्वामी विवेकानंद अंडर-20 पुरुष एनएफसी से.फा.में

नारायणपुर। गत चौंपियन दिल्ली ने गुरुवार 17 अप्रैल को रामकृष्ण मिशन आश्रम ग्राउंड में चंडीगढ़ को 8-0 से हराकर स्वामी विवेकानंद अंडर-20 पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल चौंपियनशिप 2025 के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पहले सत्र में ही मुकाबला लगभग समाप्त हो गया था, क्योंकि इस दौरान विजेताओं ने सात गोल दागे। मोइरंगथेम राजेश्वर सिंह, आदित्य अधिकारी और लैशराम राहुल मैतेई ने दो-दो गोल किए, जबकि संखिल दारपोल तुइशांग और अरमान अहमद ने अन्य दो गोल किए। दिल्ली ने शुरू से ही पूरी तरह नियंत्रण बनाए रखा और सातवें मिनट में मोइरंगथेम राजेश्वर सिंह के गोल की बदौलत गोल किया, जिनके दाएं से कर्लिंग शॉट ने चंडीगढ़ के गोलकीपर जसपाल सिंह को चकमा दे दिया। आदित्य अधिकारी ने 16वें मिनट में दूसरा गोल किया, जब उन्होंने बाएं से दौड़कर मुश्किल कोण से दाएं पैर से गोल किया। चंडीगढ़ की मुश्किलें खत्म नहीं हुईं, क्योंकि 27वें मिनट में बॉक्स के अंदर से मोइरंगथेम के दमदार शॉट ने स्कोर 3-0 कर दिया। इसके बाद, पिच पर एकतरफा ट्रैफिक की स्थिति बन गई और दिल्ली ने पांच और गोल दागकर मैच को पूरी तरह से खत्म कर दिया। आदित्य अधिकारी को प्लेयर ऑफद मैच घोषित किया गया है।

पैराडाइज स्कूल के नन्हें छात्र छात्राओं ने पीले ड्रेस पहनकर मनाया फसल उत्सब

■ बच्चों ने धूप से बचने एवं पशु-पक्षी को दाना-पानी देने का

कांकेर। पैराडाइज हायर सेकेंडरी सी.बी.एस.ई.स्कूल में आज येलो कलर डे का आयोजन बड़े ही उत्साह और उल्लास के माहौल में किया गया। यह कार्यक्रम भारत के विभिन्न हिस्सों में मनाये जाने वाले त्योहार मकर संक्राति, पोंगल और बीहू, वैशाखी, वीशु, आदि फसल उत्सव का प्रतीक तथा भारत के धन धान्य एवं संपन्नता का प्रतीक है।इस कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों रीना लारिया, विजयलक्ष्मी कौशिक, अनु गुप्ता, सुनीता मोटवानी, विनिता बुधवानी पायल मोटवानी, विजया आसरानी, पद्मिनी साहू, हर्षा राजगोपाल कोठारी -'सुनहरे कदम'एवं 'सखी सहेली'के सदस्यों के स्वागत के साथ हुई। उन्होंने न केवल कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई, बल्कि बच्चों के साथ मिलकर कार्यक्रम का आनंद उठाया।

बच्चों ने पीले रंग के परिधान पहनकर फैंशन शो में भाग लिया, पीले रंग से संबंधित गतिविधियॉ जैसे ड्राईग करना, रंग भरना, फसलो, फूलों की पहचान, गीत एवं कविता पाठ प्रस्तुत किये। पीले रंग का महत्व और फसल उत्सवों की जानकारी शिक्षकों द्वारा बच्चों को दी गई।

इस अवसर पर स्कूल परिसर को पीले फूलों से, पीले गुब्बारों और पीले रंगीन पेंपर से सजावट किया गया, जिससे वातावरण में उत्सव की उमंग और भी बढ़ गई। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल रंगों की पहचान करवाना था, बल्कि भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से बच्चों को जोड़ना भी था। इस कार्यक्रम मे बच्चों को धूप से बचने के लिये छाता, चश्मा, कैप आदि का उपयोग करने तथा ग्रीष्म में पशु-पक्षियों के देखभाल और दानापानी देने का संदेश दिया।

इस अवसर पर प्राचार्य रश्मि रजक ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में रचनात्मकता, सामाजिक मूल्यों और सांस्कृतिक समझ को विकसित करते हैं। इस कार्यक्रम के कोऑर्डिनेटर पूनम जीत कौर के मार्गदर्शन एवं इन्चार्ज शिक्षक वर्षा रमानी, अपूर्वा ठाकुर, मेघा सेवा, सबाना परवीन, एस.मर्सी, सरिता मिश्रा, सपना पाण्डे, कमलप्रीत कौर, रामेश्वरी साहू, यमुना बिलोधिया का अथक योगदान रहा।

ग्राम फुडंरी की महिलाओं की दिक्कतें हुई कम

■ ग्रामीण घरों में है नलों से शुद्ध जल, स्वास्थ्य और समृद्धि लाएगा आने वाला कल

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जल जीवन मिशन भारत सरकार की अति महत्वपूर्ण योजना है। जिसका लक्ष्य सभी घरों तक कार्यशील घरेलू नल कनेक्शन उपलब्ध कराना है। इसमें जल संरक्षण, जल स्त्रोत स्थायित्व तथा वर्षा जल भण्डारण पर मुख्य रूप से ध्यान देते हुए ग्राम पंचायतों द्वारा विकेंद्रीकृत किंतु एकीकृत जल संसाधन प्रबंधन के माध्यम से समुचित स्तर पर जल प्रबंधन को बढ़ावा दिया जाएगा। इसी उद्देश्य पूर्ति हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के जिला दंतेवाड़ा में भी प्रशासन द्वारा ''जल जीवन मिशन'' योजना को गांव के प्रत्येक घर के आंगन तक पहुंचाने हेतु प्रयत्नशील है। इस क्रम में जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले में विकासखंड गीदम के ग्राम पंचायत फुण्डरी के एक बसाहट में भी खुशहाली आई है। जिला कार्यालय से 41 किमी दूर ग्राम पंचायत फुण्डरी घने जंगलों से घिरा हुआ पहाड़ी गांव है। इस ग्राम में कुल 06 बसाहट-रावतपारा, सन्नूपारा, ठोठापारा, पीदेपारा, स्कूलपारा, पटेलपारा है। इस गाँव में कुल घरों की संख्या 255 एवं कुल जनसंख्या 1408 है। इस प्रकार ग्राम पंचायत फुण्डरी में जल जीवन मिशन योजना को पहुंचाना चुनौतीपूर्ण कार्य था, चूंकि ग्राम में बसाहट व घर काफी दूर-दूर बसे होने के साथ ही यह घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र रहा है, जिसके कारण इस गांव तक बहुत सारी योजनाओं का क्रियान्वयन चुनौतीपूर्ण साबित हो रहा था। लेकिन प्रशासन की सक्रियता से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा ग्राम फुण्डरी में जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत एकल ग्राम योजना कुल 8385 मीटर पाईप लाईन का विस्तार कर सभी घरों में घरेलू नल कनेक्शन लगाया गया, जिसमें कुल 02 सोलर 09 मीटर स्टेजिंग और 40 का उच्च स्तरीय जलागार का निर्माण किया जा रहा है। ग्राम के कुछ बसाहटों और शासकीय भवनों में में सोलर के माध्यम से आंशिक रूप से जल जीवन मिशन योजना को पहुंचाया गया, जिससे निरंतर स्वच्छ पीने का पानी प्राप्त हो रहा है।

जल जीवन मिशन ने दिया स्वास्थ्य, रोजगार और खुशहाल जीवन का सौगात

जल जीवन मिशन से न केवल स्वच्छ और शुद्ध पेयजल बल्कि अब ग्रामीण महिलाएं पानी की उपलब्धता को देखते हुए अपने अपने घरों में साग सब्जियों का उत्पादन कर अपनी आर्थिक आमदनी को बढ़ा रही है। इस क्रम में इसी ग्राम की महिला मत्तीबाई ने बताया कि इनका परिवार मुख्य रूप से खेती पर निर्भर है। घर के नजदीक पीने की पानी की व्यवस्था न होने के कारण उसे हमेशा घर से दूर उबड़-खाबड़ रास्ते से होकर हैण्डपम्प या नदी व चुंआ से पीने का पानी लाना पड़ता था। बारिश में बाढ़ आने पर यह रास्ता भी बंद हो जाता था। उसके ही समान अन्य महिलाओं के लिए भी इस प्रकार सुबह-शाम पानी लाना कष्टदायक था। लेकिन एक दिन ग्राम सभा में जल जीवन मिशन के तहत घर-घर में नल लगाए जाने की जानकारी दी गई। फिर देखते ही देखते लगभग एक साल में इनके पारा में हर घर के आँगन में जल जीवन मिशन का नल लगाया गया और इस प्रकार सोलर के माध्यम से साफ पानी ग्राम के हर घरों में आने लगा। अब मत्तीबाई और सहित अन्य महिलाओं को पीने के पानी के लिए हैंडपंप या नदी नहीं जाना पड़ रहा है। सबसे सराहनीय पहल तो यह हुई कि महिलाएं अब भरपूर पानी उपलब्ध होने से अपने घर बाड़ियों में साग सब्जियां लगा रही है। स्वयं मत्तीबाई ने भी अपने घर के बाड़ी में मौसमी सब्जी जैसे टमाटर, बैंगन, मिंर्ची, सेम लगाया और नजदीक के हाट बाजारों में उसका विक्रय कर अपने परिवार की आर्थिक आमदनी में सहयोग कर रही है।

इसी कड़ी में महिलाएं कहती हैं कि घर में पीने के पानी मिलने से अब हमारे पास काफी समय बच जाता है और मौसमी सब्जी फसल तैयार होने में कम से कम दो महीने का समय लगता है तो अब हम स्व सहायता समूह का गठन करके आमदनी के लिए और भी काम शुरू करेंगे। इसी प्रकार अन्य महिला श्रीमती संगीता पुनेम का कहना है कि हर घर के आँगन में साफ पानी मिलने से समय की बचत हुई है। और वे अपने बच्चों को समय से स्कूल भेजकर वनोत्पाद संग्रहण जैसे तेंदूपत्ता, महुआ, टोरा, ईमली इत्यादि संग्रहण कर, सब्जी बाड़ी, खेती, मजदूरी काम इत्यादि कर अपना आर्थिक जीवन संवार रही हैं। इस प्रकार जल जीवन मिशन योजना के माध्यम से ग्राम फुद्वंरी के ग्राम वासियों के जीवन में नया सूर्योदय हुआ है।

जल जीवन मिशन के तहत् कोसी बाई और मुरा राम नुरूटी को अब घर में ही मिल रहा शुद्ध पानी

नारायणपुर। जिला मुख्यालय से 40 किलोमिटर दूर ग्राम कदेर, एक छोटा-सा गांव जहां जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं को भी जुटाना कभी एक संघर्ष था। यहां के लोगों के लिए पानी की समस्या एक गंभीर चुनौती थी। इसी गांव में रहते हैं दो विशेष दंपती, कोसी बाई जो नेत्रहीन हैं, वहीं उनके पति मुरा राम नुरूटी एक पैर से विकलांग हैं फिर भी इन दोनों ने कभी हार नहीं मानी और रोजमर्रा के कामों को पूरी मेहनत से अंजाम देते रहे। उनके दो छोटे बच्चे भी हैं, जिनकी परवरिश के लिए ये दंपती दिन-रात जुटे रहते हैं। गांव में पानी की किल्लत ने इनकी परेशानियों को और बढ़ा दिया था। झरिया से पानी लाने के लिए मुरा राम नुरूटी को एक पैर से कांवड़ उठाकर कठिन रास्तों से गुजरना पड़ता था। इस कार्य में उन्हें बेहद कष्ट होता था, लेकिन परिवार की जरूरतों के लिए उन्होंने कभी शिकायत नहीं की। वहीं कोसी बाई, जो देख नहीं सकतीं, घर के सारे काम संभालती थीं, और जब पानी की जरूरत होती, तो पति के लौटने तक प्रतीक्षा करती थीं।

इस कठिन जीवन में एक नई उम्मीद तब जगी जब जल जीवन मिशन की शुरुआत ग्राम कदेर में हुई। इस योजना के तहत् गांव में 4 हजार 700 मीटर लंबी पाइपलाइन और 3 सोलर टंकियों का निर्माण किया गया। अब गांव के हर घर में शुद्ध पेयजल की सुविधा उपलब्ध हो गई है। इस बदलाव से कोसी बाई और श्री मुरा राम नुरूटी की जिंदगी में एक नई रोशनी आई है। कोसी बाई भावुक होकर कहती हैं, मैं देख नहीं सकती, पर जब नल से पानी गिरने की आवाज सुनती हूं तो मन को बहुत सुकून मिलता है। ऐसा लगता है जैसे कोई सपना सच हो गया हो। वहीं मुरा कहते हैं, मैं तो सोच भी नहीं सकता था कि कभी ऐसा दिन आएगा जब अपने ही घर में नल से जल मिलेगा। अब झरिया से पानी लाने की तकलीफ नहीं उठानी पड़ती, और जब नल से पानी बर्तन में गिरता है. तो आंखों से देखकर दिल खुश हो जाता है। इन दोनों की कहानी केवल एक व्यक्तिगत संघर्ष की नहीं, बल्कि उस बदलाव की है जो सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से दूर-दराज के गांवों में भी पहुंच रही है। जल जीवन मिशन ने न केवल कदेर गांव में पानी की समस्या का समाधान किया है, बल्कि ऐसे दंपतियों को नई आशा, आत्मनिर्भरता और गरिमा के साथ जीवन जीने का अवसर भी दिया है।

अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक

■ जिले में सुरक्षा शांति कानून व्यवस्था के साथ सामाजिक समरसता बनाए रखने जिले वासियों से अपील

नारायणपुर। जिला कार्यालय के सभा कक्ष में अपर कलेक्टर बीरेन्द्र बहादुर पंचभाई की अध्यक्षता में गुड फ्राईडे एवं विभिन्न अवसरों पर कानून एवं शांति व्यवस्था तथा जिले के विभिन्न समुदाय संगठनों एवं समूहों के मध्य सामाजिक समरस्ता बनाये रखने के उदेश्य से जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। गुड फ्राईडे के अवसर पर 18 अप्रैल शुक्रवार को जिले के चर्चों में मसीह समाज द्वारा प्राथना सभाएं आयोजित की जाएंगी। उपस्थित सभी समुदाय के सदस्यों से सुझाव मांगकर किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो इसके लिए पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा व्यवस्था किया जाएगा।

गृह विभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं के निर्देशन में अपर कलेक्टर पंचभाई के द्वारा शांति समिति की बैठक आयोजित कर जिले में किसी भी प्रकार की ज्वलंत मुदो पर समिति के माध्यम से निराकरण कराए जाने प्रत्येक माह शांति समिति की बैठक आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में 16 अप्रैल को जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया। उपस्थित सदस्यों के द्वारा जिले में गुड फ्राईडे के अवसर जिले के चर्चों में शांतिपूर्ण रूप से प्रार्थना सभाएं किये जाने विस्तृत चर्चा की गई। सामाजिक धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए किसी भी धर्म जाति को प्रलोभन न दिया जाए, ऐसे करते पाए जाने पर शिकायत प्राप्त होने की स्थिति में दण्डनात्मक कार्यवाही किये जाने की जानकारी दी गई।

समिति के सदस्यों के द्वारा जिले मे बायपास रोड बनाने का सुझाव दी गई। अपर कलेक्टर ने उनके सुझाव को प्रस्ताव बनाकर शासन से मांग करने की बात कही गई। जिले में रहने वाले किराएदारों का आधार कार्ड के माध्यम से सत्यापन करने के लिए चर्चा की गई। पुलिस विभाग के माध्यम से मकान मालिकों को अपने घरों मे दिये गए किराएदारों का पहचान आधार एवं अन्य दस्तावेजों के माध्यम से करने निर्देशित किया गया है।

प्रथम पेज का शेष

'सुपर संसद की तरह काम कर...

पालन करने की शपथ लेते हैं।

जस्टिस वर्मा केस की जांच पर सवाल

उपराष्ट्रपति ने जस्टिस यशवंत वर्मा के घर कैश मिलने का मामला उठाते हुए कहा कि नई दिल्ली में एक जज के घर पर एक घटना घटी, सात दिन तक किसी को इस बारे में पता नहीं चला, हमें खुद से सवाल पूछना चाहिए, क्या इस देरी को समझा जा सकता है? क्या इसे माफ किया जा सकता है? क्या इससे कुछ बुनियादी सवाल नहीं उठते? उन्होंने कहा कि किसी भी सामान्य स्थिति में यह घटना कानून के शासन को परिभाषित करती है।

तीन जजों की कमेटी कर रही जांच

उन्होंने कहा कि इस मामले की जांच तीन जजों की कमेटी कर रही है, लेकिन क्या यह कमेटी भारत के संविधान के अधीन है? क्या तीन जजों की इस कमेटी को संसद से पारित किसी कानून के तहत कोई मंजूरी मिली हुई है? कमेटी ज्यादा से ज्यादा सिफ़ारिश कर सकती है। उन्होंने कहा कि हमारे पास जजों के लिए जिस तरह की व्यवस्था है, उसमें संसद ही एकमात्र कार्रवाई कर सकती है। एक महीना बीत चुका है, जांच के लिए तेजी, तत्परता और दोषी ठहराने वाले कंटेंट को सुरक्षित रखने की जरूरत होती है।

केन्द्र को जवाब देने ...

बोर्ड में कोई नियुक्ति नहीं की जाएगी। कोर्ट ने कहा कि सॉलिसिटर जनरल ने आश्वासन दिया कि अगली सुनवाई की तारीख तक, वक्फ, जिसमें पहले से पंजीकृत या अधिसूचना के माध्यम से घोषित वक्फ-बाय-यूजर शामिल है, को न तो डीनोटिफाई किया जाएगा और न ही कलेक्टर इसे लेकर कोई फैसला लेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केंद्र सात दिनों के भीतर जवाब दाखिल करे। तब तक यथास्थिति बनी रहेगी।

वैट देनदारियां माफ, नया...

व्यय शामिल है।

इस संस्थान की स्थापना से फैशन शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश के युवाओं को नए अवसर मिलेंगे और फैशन उद्योग को तकनीकी रूप से प्रशिक्षित मानव संसाधन भी उपलब्ध हो सकेंगे। राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान भारत में फैशन शिक्षा का एक प्रमुख संस्थान है, जिसकी स्थापना 1986 में कपड़ा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत हुई थी। एन.आई.एफ.टी. के पूरे भारत में 17 परिसर हैं, जिनमें दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और बेंगलुरु शामिल हैं। यह संस्थान फैशन डिजाइन, प्रबंधन और प्रौद्योगिकी में स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रम प्रदान करता है। संस्थान फैशन डिजाइन, टेक्सटाइल डिजाइन, फैशन प्रबंधन और फैशन प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञता रखता है। यह छात्रों को व्यावहारिक अनुभव और प्लेसमेंट के अवसर प्रदान करने के लिए फैशन उद्योग के साथ सहयोग करता है।

राज्य के सहकारी शक्कर कारखानों से होगी खरीदी

मंत्रिपरिषद ने राज्य के नगरीय निकायों में जैव अपशिष्ट सह कृषि अपशिष्ट के प्रसंस्करण हेतु स्थापित किये जा रहे बायो-सीएनजी संयंत्रों हेतु रियायती लीज दरों पर शासकीय भूमि आबंटन किये जाने की सहमति प्रदान करते हुए आगे की कार्यवाही के लिए नगरीय प्रशासन विभाग एवं संबंधित नगर निगमों को अधिकृत किया है। मंत्रिपरिषद ने राज्य में सहकारिता को प्रोत्साहन दिये जाने के उद्देश्य से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत शक्कर वितरण हेतु अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक आवश्यक शक्कर का क्रय राज्य के सहकारी शक्कर कारखानों से करने का निर्णय लिया है। इस हेतु शक्कर का क्रय मूल्य 37,000 रू. प्रति टन (एक्स फैक्ट्री, जी.एस.टी. अतिरिक्त) निर्धारित किया गया है।

हैवी अर्थ मूविंग इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग संयंत्र स्थापित करने मंजूरी

मंत्रिपरिषद ने स्थानीय रोजगार और सूक्ष्म-लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड को राज्य में हैवी अर्थ मूविंग इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग संयंत्र स्थापित करने की सैद्धांतिक मंजूरी दी है। इसके लिए 100 एकड़ भूमि को टोकन दर पर आबंटित करने का निर्णय लिया है।

मेहुल चोकसी के प्रत्यर्पण पर...

लाना होगा, जिन्हें वह अभी भी बचा रहा है'।

जेडी वेंस की भारत यात्रा, द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर चर्चा

वहीं अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की भारत यात्रा पर रणधीर जायसवाल ने कहा, 'अपनी यात्रा के दौरान वे प्रधानमंत्री से मिलेंगे और भारत और अमेरिका के बीच सभी द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे।' अमेरिकी टैरिफ पर उन्होंने कहा, 'हम अमेरिकी पक्ष से बातचीत कर रहे हैं ताकि द्विपक्षीय व्यापार समझौता किया जा सके'।

अमेरिकी टैरिफ वृद्धि अब ...

पहुंचाना जारी रखता है, तो चीन दृढ़ता से जवाबी कार्रवाई करेगा और अंत तक अपनी बात पर अड़ा रहेगा। गौरतलब है कि व्हाइट हाउस ने 15 अप्रैल को अपनी वेबसाइट पर धारा 232 जांच के बारे में एक तथ्य पत्र जारी कर कहा कि चीन की जवाबी कार्रवाई के परिणामस्वरूप उसे अमेरिका में आयात पर 245 प्रतिशत तक का टैरिफलगाया जा सकता है।

नक्सलियों के उन्मूलन में ...

नक्सली कभी पशुपति से तिरुपति तक का हौंसला रखते थे, जो चार जिलों में सिमटकर रह गए हैं। उन्होंने पूर्ण विश्वास व्यक्त किया कि आगामी 31 मार्च तक देश से नक्सलियों का पूरी तरह खात्मा हो जाएगा। केंद्र सरकार ने यह संकल्प सीआरपीएफकी क्षमताओं के कारण ही लिया है।

5 किलो आईईडी, जवानों ...

के लिए बीडीएस टीम को अगल-अलग क्षेत्रों में भेजा जा रहा है. इस दौरान नक्सलियों के द्वारा लगाये गये आईईडी को बरामद कराया जा रहा. इसी कड़ी में 15 अप्रैल को थाना कोहकामेटा क्षेत्रान्तर्गत कैम्प मोहंदी से जिला पुलिस बल, 53वीं वाहिनी आईटीबीपी और बीडीएस के संयुक्त बल एरिया डॉमिनेशन पर ग्राम गट्टाकाल और आसपास क्षेत्र की ओर रवाना हुए थे।

इस दौरान गट्टाकाल के जंगल पहाड़ी रास्ते में 5 किलो का 1 कुकर आईईडी बरामद किया गया. सुरक्षाबलों की सतर्कता के चलते आईईडी को मौके पर ही सुरक्षित रूप से डिफ्यूज कर दिया गया. माओवादियों द्वारा उक्त आईईडी को सुरक्षा बलो को नुकसान पहुंचाने के नीयत से लगाया गया था. वर्ष 2025 में अब तक कुल 16 से अधि आईईडी जप्त किया गया है, जिससे स्पष्ट है कि नक्सली क्षेत्र में लगातार हिंसा फैलाने की फिराक में हैं।

भारत को और समृद्ध...

ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने में रुचि दिखाई है।

मंत्री का महिलाओं पर ...

वैष्णव धर्म को लेकर दिए गए विवादित बयान के चलते पार्टी के एक अहम पद से हटा दिया गया था। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम। के। स्टालिन ने कहा था कि पोनमुडी को पार्टी के उप महासचिव पद से मुक्त कर दिया गया है। पोनमुडी के आपत्तिजनक बयानों को लेकर भाजपा ने भी तीखा हमला किया था। के। अन्नामलाई ने कहा कि यह डीएमके का राजनीतिक स्तर है।

न्यूज गैलरी

विधायक ने ग्रामीणों को पेयजल आपूर्ति हेतु पानी टैंकर वितरित किया

दंतेवाड़ा । विधायक चैतराम अटामी बारसूर में सोनादई माता के दरबार पहुंचे, श्री अटामी ने पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख एवं समृद्धि का आशीर्वाद मांगा और प्रति वर्ष की भांति आयोजित पारंपरिक मेले में शामिल हुए 7 सोनादई माता मंदिर में विधायक निधि द्वारा प्रदत्त पानी टैंकर की पूजा कर विधायक चैतराम अटामी ने मंदिर परिसर में ग्रामीणों को सौंपा 7 इसके पश्चात विधायक चैतराम अटामी नागफनी मंदिर पहुंचे एवं पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की और नागफनी मंदिर में भी विधायक निधि से प्रदत्त पानी टैंकर की पूजा कर मंदिर में ग्रामीणों को सौंपा 7 विधायक चैतराम अटामी ने कहा की पेयजल उपलब्ध कराना सबसे जरूरी मुलभुत सुविधा है और यह प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों की नैतिक जिम्मेदारी भी है, इसके लिए हम सब संकल्पबद्ध है साथ ही विधायक चैतराम अटामी ने पेयजल की समुचित और सतत उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिये सभी जरूरी उपायों को प्राथमिकता से कियान्वित किए जाने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सोनी, वरिष्ठ समाज सेविका बुधरी ताती,पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष जगत पुजारी,पूर्व जिलापंचायत उपाध्यक्ष मनीष सुराना,जिला मंत्री जसवीर नेगी,पूर्व मंडल अध्यक्ष भुवनेस्वर भारद्वाज,मंडल अध्यक्ष बैसू मंडावी,नगर पंचायत अध्यक्ष बारसूर सुभद्रा नेगी,नगर पालिका उपाध्यक्ष बारसूर दिनेश्वरी मांझी,पूर्व जनपद अध्यक्ष गीदम विकासखण्ड अंति वेक,विधायक प्रतिनिधि राजेश,सरपंच छिंदनार संध्या शुक्ला समेत भाजपा पदाधिकारी,जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता उपस्थित रहे

तेंदूपत्ता नीति के ख़िलाफ़ कांग्रेस पार्टी ने भैरमगढ़ में धरना प्रदर्शन कर निकाली विशाल रैली

बीजापुर । बीजापुर जिले के भैरमगढ़ में गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर ने प्रदेश के तेंदूपत्ता नीति के विरोध और जिले के विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर विशाल रैली निकाली और मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी भैरमगढ़ को ज्ञापन सौंपा है। धरना प्रदर्शन में शामिल लोगों को संबोधित करते हुए बीजापुर के विधायक और कांग्रेस नेता विक्रम मंडावी ने कहा कि भाजपा सरकार की ग़लत तेंदूपत्ता नीति के कारण पामेड़, कुटरू और भैरमगढ़ क्षेत्र सहित जिले के अनेक गांवो में निवास करने वाले ग़रीब आदिवासियों को तेंदूपत्ता संग्रहण सीजन 2025 में तेंदूपत्ता तोड़ने नहीं दिया जा रहा है, भाजपा सरकार क्यों नहीं चाहती कि बीजापुर जैसे पिछड़े क्षेत्र का ग़रीब आदिवासी आर्थिक रूप से मजबूत होकर अपने परिवार का पालन पोषण करें, भाजपा सरकार की नीतियों से यह स्पष्ट हो गया है कि भाजपा सरकार ग़रीब और आदिवासी विरोधी है इसलिए भाजपा सरकार हमेशा आदिवासी विरोधी नीतियां बनाती है ताकि आदिवासी हमेशा आर्थिक रूप से कमजोर और ग़रीब होता रहे। कांग्रेस नेता विक्रम मंडावी ने सभा को संबोधित करते हुए आगे कहा कि भाजपा सरकार के समय बीजापुर जैसे आदिवासी जिले में साप्ताहिक बाजारों और 400 से अधिक सरकारी स्कूलों को बंद करने का काम किया था वहीं कांग्रेस की सरकार ने उस्परी जैसे गांवों में साप्ताहिक बाजार खोला, जिले में बंद पड़े सरकारी स्कूलों को दोबारा खोलने का काम किया है लेकिन भाजपा सरकार के दोबारा सत्ता में आने के बाद फिर से उस्परी जैसे गांवों के साप्ताहिक बाजारों को बंद कर दिया गया और आदिवासी क्षेत्रों में कांग्रेस सरकार के दौरान खोले गए बंद स्कूलों को भाजपा सरकार द्वारा फिर से बंद कराया जा रहा है, भाजपा सरकार के ये ऐसे कार्य है जो भाजपा सरकार की आदिवासी विरोधी नीतियों को उजागर करने के लिए पर्याप्त है। सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता विक्रम मंडावी ने विधान सभा चुनाव में भाजपा के घोषणा पत्र ÷मोदी की गारंटी÷ का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा ने 2023 के विधान सभा चुनावों के दौरान कहा था कि सरकार बनने के बाद हर तेंदूपत्ता संग्रहण केंद्र में तेंदूपत्ता हितग्राहियों को तेंदूपत्ता का नगद भुगतान किया जाएगा, हर एक हितग्राही को चरण पादुका और तेंदूपत्ता का बोनस 4500/- रुपए प्रति मानक बोरा हितग्राहियों को दिया जाएगा लेकिन तेंदूपत्ता सीजन 2024 का बोनस 4500/- रुपए आज पर्यन्त तक किसी भी हितग्राही को नहीं दिया गया और न ही मोदी की गारंटी के तहत हितग्राहियों को चरण पादुका दिया जा रहा है। भाजपा सरकार अपने 2023 के चुनावी घोषणा पत्र मोदी की गारंटी को पूरा करने में पूरी तरह फेल हो गई है।

बिना हेलमेट के घूमने वालों को दी गई समझाईश

दंतेवाड़ा। सड़क दुर्घटनाओं और दुर्घटना मृत्युदर में कमी लाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं राजनाला, पूजा कुमार, आर.के. बर्मन तथा उप पुलिस अधीक्षक यातायात नसरउल्लाह सिद्दकी के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक-प्रहलाद साहू के नेतृत्व में यातायात पुलिस दन्तेवाड़ा के द्वारा परमिट का उल्लंघन करने वाले, दो पहिया वाहन में बिना हेलमेट धारण किये वाहन चालन करने वाले वाहन चालकों पर लगातार चालानी कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में आज पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा से प्राप्त निर्देशानुसार यातायात पुलिस दन्तेवाड़ा के द्वारा गीदम से जगदलपुर मार्ग पर जावंगा।

नगर के दो अलग अलग स्थानों में हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत

अंतागढ़ । कल रात्री में नगर के दो अलग-अलग स्थानों में हुए सड़क हादसे में एक युवक की जान चली गई। मिली जानकारी अनुसार कल रात्री तकरीबन दो बजे के आसपास अंतागढ़ निवासी मिथुन मालाकार जो कि पोड़गांव से किसी कार्यक्रम में शामिल होकर अपने मोटरसाइकिल से अंतागढ़ आ रहा था जिसका नयापारा शिव मंदिर के आगे मुक्तिधाम स्थित पुल पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया आनफानन समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतागढ़ लाया गया जहां युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्रथामिक उपाचर कर हायर सेंटर रिफर किया गया जिसकी रास्ते मे मौत हो गई।इस दुर्घटना में कहीं ना कहीं पीडब्ल्यूडी विभाग की या कहें की उसके ठेकेदार की लापरवाही नजर आती है चूंकि कुछ दिनों पहले ही अंतागढ़ से ईमलीपदर तक सड़क का डामरीकरण किया गया है परंतु पुल के पास सीसी सड़क निर्माण के चलते आधा अधूरा छोड़ दिया गया है बताया जा रहा है जिस जगह पर हादसा हुआ है वह पुल का वही स्थान है जिसमें विभाग के ठेकेदार द्वारा पिछले एक माह सीसी सड़क का निर्माण किया जा रहा है जिसमें एक साईड का निर्माण हो चुका है वहीं दूसरे साईड का निर्माण अधूरा है जो कि पिछले एक महीने से निर्माणाधीन है।

यात्री बस गढ़बेंगाल चौक पुलिया के पास पलटी

- नारायणपुर से ओरछा जाने वाली यात्री बस गढ़बेंगाल चौक पुलिया के पास अनियंत्रित होकर पलट गई
- बस पलटने से अधिक संख्या में यात्री हुए गंभीर रूप से घायल

नारायणपुर । नारायणपुर से ओरछा जा रही जिले की बस्तर ट्रेवल्स की यात्री बस गढ़बेंगाल चौक में पुलिया के पास हुई दुर्घटनाग्रस्त, लगभग 20 से अधिक यात्री हुए गंभीर रूप से घायल, घायलों का जिला अस्पताल में उपचार जारी घायलों का कहना है 60 से अधिक यात्रियों को भरकर ले जाया जा रहा था बस में, चालक द्वारा तेज रफ्तार में चलाने की वजह से मोड में अनियंत्रित होकर पलटी।

यातायात नियमों का उल्लंघन कर ओवरलोडिंग कर सवारी ले जाया जाता है

यातायात नियमों का उल्लंघन कर मिनी बस में अतिरिक्त सवारी को ले जाया जा रहा था, जिले के यातायात विभाग केवल रैली, धरना प्रदर्शन एवं मंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाने में ही जागरूकता दिखाती है एवं यातायात से जुड़े कार्यक्रम केवल कागजों तक ही सीमित है आए दिन जिले में साप्ताहिक बाजारों, मेलो एवं बारात लेकर गाड़िया ओवरलोडिंग सवारी लेकर जाती है लेकिन इस तरफ विभाग की कोई भी कार्यवाही नहीं देखने को मिलती जिसकी नतीजा जिले में दुर्घटना को आमंत्रित देकर स्थानीय लोगों और ग्रामीणों को भुगतना पड़ता है।

जिला अस्पताल में एक्सरे की नहीं मिल रही है मरीजों को सुविधा

यात्री बस में गंभीर रूप से घायल मरीजों को डाक्टर के द्वारा एक्सरे हेतु भेजा गया लेकिन मरीजों का कहना है एक्सरे स्टाफद्वारा एक्सरे मशीन खराब पड़े है तो कभी फिल्म नहीं है बोलकर मरीजों को टाल दिया जाता है 2 दिन बाद आना करके, जिसके चलते मरीजों को सही उपचार भी नहीं मिल पाता है आपातकाल में ।

3 साल से ग्रामीणों को नेटवर्क सेवा शुरू होने का है इंतजार

- नारायणपुर जिला मुख्यालय से महज 3 किमी दूरी में 3 साल से ग्रामीणों को नेटवर्क सेवा शुरू होने का है इंतजार
- पालकी गांव में तीन साल से खड़ा jio टॉवर, नेटवर्क सेवा अब तक शुरू नहीं

नारायणपुर। नारायणपुर जिले के ग्राम पंचायत पालकी में ग्रामीणों की नेटवर्क समस्या का समाधान करने के लिए तीन वर्ष पूर्व एक मोबाइल टॉवर लगाया गया था, लेकिन हैरानी की बात है कि यह टॉवर आज तक सक्रिय नहीं हो पाया है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि टॉवर लगने से उन्हें उम्मीद थी कि जल्द ही मोबाइल और इंटरनेट सेवा बेहतर होगी, लेकिन वर्षों बीत जाने के बाद भी नेटवर्क सुविधा शुरू नहीं की गई। इससे ग्रामीणों को मोबाइल संचार, ऑनलाइन पढ़ाई, बैंकिंग और अन्य डिजिटल सेवाओं में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

विधायक ने किया मोर आवास मोर अधिकार के तहत सर्वेक्षण पखवाड़ा का शुभारंभ

दंतेवाड़ा। दंतेवाड़ा जिले के जनपद पंचायत गीदम अंतर्गत ग्राम कासोली में क्षेत्र के विधायक चैतराम अटामी द्वारा मोर आवास मोर अधिकार एवं आवास प्लस सर्वे 2.0 के अंतर्गत सर्वेक्षण पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। ज्ञात हो कि मोर आवास मोर अधिकार एवं आवास प्लस सर्वे 2.0 का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण आवास प्लस 2.0 के तहत सर्वेक्षण के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की विशेष पहल पर 15 दिवसीय मोर दुआर-साय सरकार महाअभियान शुरू किया गया है। यह अभियान 30 अप्रैल तक चलेगा। मोर दुआर-साय सरकार महाअभियान का उद्देश्य छत्तीसगढ़ के ऐसे ग्रामीण परिवारों की पहचान करना है, जिन्हें अब तक किसी भी आवासीय योजना के तहत पक्का आवास नहीं मिल सका है और उन्हें पक्के आवास की सुविधा उपलब्ध कराना है।इस महाभियान में राज्य के प्रत्येक गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना प्लस 2.0 के हितग्राहियों के सर्वेक्षण का कार्य पूरा किया जाएगा, ताकि योजना अंतर्गत आवास की स्वीकृति एवं निर्माण कार्य कराया जा सके। यह महाभियान तीन चरणों में संचालित होगा। पहले चरण में 15 से 19 अप्रैल के बीच जिला और ब्लॉक स्तर पर आयोजित किए जा रहे हैं। दूसरे चरण में 20 से 28 अप्रैल तक सभी ग्रामों में ग्राम सभाएं आयोजित कर घर-घर जाकर पात्र परिवारों का सर्वेक्षण किया जाएगा। तीसरे चरण में 29 और 30 अप्रैल को सभी सर्वेक्षणों की पुष्टि, ग्राम सभा की स्वीकृति और सत्यापन कर अंतिम रिपोर्ट तैयार कर राज्य कार्यालय को भेजी जाएगी।

पद्म विभूषण,पद्मश्री पुरस्कार : नामांकन राष्ट्रीय पोर्टल पर ही स्वीकार किये जायेंगे

एमसीबी। पद्म पुरस्कार, अर्थात, पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री, देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से हैं। 1954 में स्थापित, इन पुरस्कारों की घोषणा प्रत्येक वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है। इस पुरस्कार में ÷उत्कृष्ट कार्य÷ को मान्यता प्रदान की जाती है और इसे सभी क्षेत्रों, विषयों जैसे कला, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान एवं इंजीनियरिंग, लोक कार्य, सिविल सेवा, व्यापार एवं उद्योग आदि में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों, सेवा के लिए प्रदान किया जाता है। कोई भी व्यक्ति, किसी जाति, व्यवसाय, हैसियत या लिंग के भेदभाव के बिना, इन पुरस्कारों के पात्र है। इन पुरस्कारों के लिए भारत सरकार के सभी मंत्रालयों, विभागों के साथ-साथ अनेक अन्य स्रोतों से भी नामांकन आमंत्रित करने की परंपरा है ताकि इन पर व्यापक विचार-विमर्श किया जा सके।

केनरा बैंक Canara Bank

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

ई-नीलामी दिनांक: 30.04.2025

स्थायी संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके सांकेतिक/भौतिक कब्जा ले लिया गया है। निम्न वर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक 30.04.2025 को 12.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक **केनरा बैंक सुरक्षित लेनदार** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु **"जैसा है जहां है, जो है जैसा है"** एवं **"जो कुछ भी है"** के आधार पर किया जा रहा है।

ईएमडी जमा/संपत्ति निरीक्षण की तिथि: 29.04.2025 एवं ई-नीलामी की तिथि: 30.04.2025

ऋणी/गारंटर का नाम एवं पता	संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम	मांग सूचना दिनांक / कब्जा सूचना दिनांक / बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि	शाखा प्रबंधक का नाम / खाता का नाम/खाता संख्या व आईएफएससी कोड/ई-मेल
1. श्रीमती के. जानकी राव पति- के. लक्ष्मण राव रेलवे, कालोनी, स्टेशन पारा, वार्ड नं. 8, जिला- राजनांदगांव, छत्तीसगढ़-491441. 2. श्री के. लक्ष्मण राव पिता- के. भीमा राव, कालोनी, स्टेशन पारा, वार्ड नं. 8, जिला- राजनांदगांव, छत्तीसगढ़-491441.	खसरा नं. 496/10(क), 496/37, 496/94, सुषमा अपार्टमेंट, ब्लॉक-बी, फ्लैट नं. ए/2, प्रथम तल, कौरीनभाठा, प.ह.नं. 44, वार्ड नं. 44, कौरीनभाठा, क्षेत्रफल- 812 वर्गफिटमें स्थित आवासीय फ्लैट । **संपत्ति की चौहद्दीः पूर्व-** सड़क, **पश्चिम-** विक्रेता का मकान, **उत्तर-** सड़क, **दक्षिण-** विक्रेता का मकान ।	07.04.2021 10.12.2021 ₹ 37,19,723.98 15.04.2025 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 14,50,000/- ₹ 1,45, 000/- ₹ 10,000/-	Mr. Rajeev Ranjan (Mo. 9425502146) Rajnandgaon Branch A/c No. 209272434 IFSC CODE: CNRB0005146 Email: cb5146@canarabank.com
1. श्री राजकुमार वर्मा (ऋणी), पिता- गंगा राम लोधी, 35, ग्राम- बोटेपार, पोस्ट- पटेवा, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.) 2. श्रीमती त्रिवेणी बाई पति- राजकुमार लोधी, 22, ग्राम- बोटेपार, पोस्ट- पटेवा, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.), 3. श्री कुलेश्वर वर्मा पिता- गोविंद राम वर्मा, ग्राम- बोटेपार, पोस्ट- पटेवा, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)	खसरा नं. 559/4, ग्राम- बोटेपार, प.ह.नं. 05, आर.आई सर्कल- घुमका, तहसील व जिला- राजनांदगांव (छ.ग.) क्षेत्रफल- 0.06A (0.024 हे./2610 वर्गफीट) में स्थित आवासीय मकान । **चौहद्दीः उत्तर-** सड़क, **दक्षिण-** गोविंद की भूमि, **पूर्व-** गंगाराम की भूमि, **पश्चिम-** निर्मल की भूमि.	29.04.2023 23.08.2023 ₹ 18,04,220.42 15.04.2025 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 10,15,000/- ₹ 1,01,500/- ₹ 10,000/-	Mr. Yogesh Ranga (Mo. 8468998989) Patewa Branch Rajnandgaon A/c No. 209272434 IFSC CODE: CNRB0015265 Email: cb15265@canarabank.com
श्रीमती सुशीला स्वर्णकार पत्नी श्री रामकुमार स्वर्णकार, वार्ड नं. 6, बी., डी महंत उपनगर, म.नं. 210, नैला, जांजगीर, छत्तीसगढ़ श्री राम कुमार स्वर्णकार, वार्ड नं. 6, बी.डी. महंत उपनगर, म.नं. 210, नैला, जांजगीर, छत्तीसगढ़	खसरा नं. 3750/2, प.ह.नं. 41, आराएनएम- बी.डी. उप नगर, जांजगीर, जिला- जांजगीर चाम्पा, छत्तीसगढ़-495668, क्षेत्रफल- 3050 वर्गफीट में स्थित भूमि एवं भवन । **चौहद्दीः उत्तर-** रामनरेश का मकान, **दक्षिण-** दयाराम का मकान, **पूर्व-** सड़क, **पश्चिम-** सड़क ।	30.07.2024 04.10.2024 ₹ 2,67,093.39 15.04.2025 तक भविष्य का ब्याज और अन्य खर्चे आदि	₹ 40,89,000/- ₹ 4,08,900/- ₹ 10,000/-	Mr. Santosh Kumar (Mo. 9516009455) Bilaspur Rajkishor Nagar Branch 209272434 CNRB0005648 Email: cb5648@canarabank.com
मेसर्स मनीष तिवारी पुत्र रामअवतार तिवारी, 331/के बाबा राम देव वार्ड, धरमार मिल गली वार्ड 09 बेमेतरा छत्तीसगढ़ श्री राम अवतार तिवारी पुत्र रामपाल तिवारी, 331/के बाबा राम देव वार्ड धरमार मिल गली वार्ड 09 बेमेतरा छत्तीसगढ़ ।	**स्वामित्व- श्री रामा अवतार तिवारी पुत्र- श्री रामपाल तिवारी,** खसरा नं. 194/1, कुल खसरा नं. 01, क्षेत्र का भाग 1.13 एकड़, मकान नं. 34, ग्राम- सिंघौरी, पीसी नं. 28, आरआई एवं तहसील- बेमेतरा, जिला-बेमेतरा, छत्तीसगढ़, क्षेत्रफल- 560 वर्गफीट में स्थित भूमि व भवन । **चौहद्दीः उत्तर-** सड़क, **दक्षिण-** निजी भूमि, **पूर्व-** सड़क, **पश्चिम-** मकान नं. 33.	29.07.2024 08.10.2024 ₹ 9,74,652.64 15.04.2025 तक भविष्य का ब्याज और अन्य खर्चे आदि	₹ 5,60,000/- ₹ 56,000/- ₹ 10,000/-	Mr. Mithilesh Kumar Pandey (Mo. 9425502204) Bemetara Branch 209272434 CNRB0005204 Email: cb5204@canarabank.com
श्री संतोष कुमार कुर्रे पिता- हृदय लाल कुर्रे, वार्ड नं. 14, डभरा, जांजगीर चांपा, छत्तीसगढ़-495688	खसरा नं. 7/11, प.ह.नं. 16, ग्राम- बोड़ा सागर, तहसील- अड़भार, जिला- सक्ती, छत्तीसगढ़ । क्षेत्रफलः 0.005 हेक्टेयर यानी 538.00 वर्ग फीट में स्थित भूमि । **चौहद्दीः उत्तर-** रिया श्रीवास्तव की भूमि, **दक्षिण-** विक्रेता द्वारा छोड़ा गया मार्ग, **पूर्व-** खाली भूमि, **पश्चिम-** प्लॉट नं. बी.	07.05.2021 05.08.2021 ₹ 10,32,691.26 15.04.2025 तक भविष्य का ब्याज और अन्य खर्चे आदि	₹ 85,000/- ₹ 8,500/- ₹ 5,000/-	Mr. Amit Kumar (Mo. 8090665767) Kharsia Branch A/c. No. 209272946 CNRB0005535 Email: cb5535@canarabank.com
श्री आनंदराम मिश्रा पुत्र रामदेव मिश्रा, वार्ड नं. 06, हनुमान चौक, खरसिया, रायगढ़ छत्तीसगढ़-496661	खसरा नं. 7/9, प.ह.नं. 16, ग्राम- बोड़ा सागर, तहसील- अड़भार, जिला- सक्ती, छत्तीसगढ़ । क्षेत्रफलः 0.005 हेक्टेयर यानी 538.00 वर्ग फीट में स्थित भूमि । **चौहद्दीः उत्तर-** रिया श्रीवास्तव की भूमि, **दक्षिण-** विक्रेता द्वारा छोड़ा गया मार्ग, **पूर्व-** खाली भूमि, **पश्चिम-** प्लॉट नं. बी.	05.06.2021 05.08.2021 ₹ 9,74,778.33 15.04.2025 तक भविष्य का ब्याज और अन्य खर्चे आदि	₹ 85,000/- ₹ 8,500/- ₹ 5,000/-	Mr. Amit Kumar (Mo. 8090665767) Kharsia Branch A/c. No. 209272946 CNRB0005535 Email: cb5535@canarabank.com
श्री कुलदीप सिंह पुत्र प्यारा सिंह, तेलीकोट रोड, फ्रेंड्स कॉलोनी, खरसिया, रायगढ़ छत्तीसगढ़-496661	खसरा नं. 7/10, प.ह.नं. 16, ग्राम- बोड़ा सागर, तहसील- अड़भार, जिला- सक्ती, छत्तीसगढ़ । क्षेत्रफलः 0.005 हेक्टेयर यानी 538.00 वर्ग फीट में स्थित भूमि । **चौहद्दीः उत्तर-** रिया श्रीवास्तव की भूमि, **दक्षिण-** विक्रेता द्वारा छोड़ा गया मार्ग, **पूर्व-** खाली भूमि, **पश्चिम-** प्लॉट नं. बी.	05.06.2021 05.08.2021 ₹ 9,12,358.32 15.04.2025 तक भविष्य का ब्याज और अन्य खर्चे आदि	₹ 85,000/- ₹ 8,500/- ₹ 5,000/-	Mr. Amit Kumar (Mo. 8090665767) Kharsia Branch A/c. No. 209272946 CNRB0005535 Email: cb5535@canarabank.com
श्री राजेंद्र कुमार महंत पुत्र भगवान दास महंत, वार्ड नं. 03, तलवा पार, खरसिया रायगढ़, रायगढ़ छत्तीसगढ़- 496661	खसरा नं. 7/12, प.ह.नं. 16, ग्राम- बोड़ा सागर, तहसील- अड़भार, जिला- सक्ती, छत्तीसगढ़ । क्षेत्रफलः 0.005 हेक्टेयर यानी 538.00 वर्ग फीट में स्थित भूमि । **चौहद्दीः उत्तर-** रिया श्रीवास्तव की भूमि, **दक्षिण-** विक्रेता द्वारा छोड़ा गया मार्ग, **पूर्व-** खाली भूमि, **पश्चिम-** प्लॉट नं. बी.	05.06.2021 05.08.2021 ₹ 9,09,022.55 15.04.2025 तक भविष्य का ब्याज और अन्य खर्चे आदि	₹ 85,000/- ₹ 8,500/- ₹ 5,000/-	Mr. Amit Kumar (Mo. 8090665767) Kharsia Branch A/c. No. 209272946 CNRB0005535 Email: cb5535@canarabank.com

ई-नीलामी की शर्तेः- (1) ई-नीलामी **"जहां है जैसा है एवं जो कुछ भी है"** के आधार पर भार सहित (अगर कोई हो) की जायेगी । बैंक की जानकारी एवं सूचना के अनुसार संपत्ति पर कोई भार नहीं है । भार के विवरण हेतु अधोहस्तारकर्ता से धरोहर राशि जमा करने के पूर्व सम्पर्क करें । नीलामी बैंक द्वारा अधिकृत सेवा प्रदाता की वेबसाइट **www.bankeauctions.com** के माध्यम से आन लाईन ई-नीलामी की जावेगी । (2) आरक्षित मूल्य कम की निविदा/आफर स्वीकार नहीं किये जाएंगे । (3) संपत्ति का निरीक्षण सुबह 10.00 से सायं 5.00 बजे तक संबंधित शाखा प्रबंधक की पूर्व अनुमति से किया जा सकता है । (4) इच्छुक निविदाकर्ता धरोहर राशि (EMD) आरक्षित मूल्य का 10 प्रतिशत का भुगतान डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से, जो कि प्राधिकृत अधिकारी **केनरा बैंक** के उपरोक्त संबंधित शाखा के पक्ष में देय हो । दिनांक 29.04.2025 को सायं 5.30 बजे तक जमा करें अथवा आन लाईन भुगतान आरटीजीएस/एनईएफटी/फण्ड ट्रांसफर के माध्यम से उपरोक्त वर्णित खातों में किया जा सकता है । (5) सफल खरीददार के पक्ष में विक्रय की पुष्टि सिक्योर्ड क्रेडिटर की पुष्टि के अधीन होगी । (6) ऑन लाईन नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक बोलीकर्ताओं के पास डिजिटल हस्ताक्षर होना आवश्यक है । डिजिटल हस्ताक्षर प्राप्त करने हेतु सर्विस प्रदाता **M/s PSB Alliance (Ebkray), Contact No:: 8291220220, Help Line E-mail ID ::- support.ebkray@psballiance.com, Website: https://ebkray.in** पर जिस दिन धरोहर राशि जमा की हो उसी दिन डिजिटल सिग्नेचर प्राप्त करने हेतु सर्विस प्रदाता से संपर्क करें। इच्छुक निविदाकर्ता से अनुरोध किया जाता है कि वे स्वयं को वेब पोर्टल **www.bankeauctions.com** में नाम पंजीकृत करवाए और लॉग इन आईडी और पासवर्ड प्राप्त करें । (7) ईएमडी जमा करने के पश्चात इच्छुक खरीददार को **दिनांक 29.04.2025** को **सायं 3.00** बजे या उससे पहले निम्नांकित दस्तावेज अनिवार्य रुप से जमा करना होगा । **अ.** ईएमडी राशि का डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर या यूटीआर नं. अगर भुगतान आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से किया गया हो तो । **ब.** पेन कार्ड की फोटोकापी/पहचान पत्र एवं पते का प्रमाण पत्र । **स.** इच्छुक खरीददार का नाम, सम्पर्क सूत्र एवं ई-मेल आईडी । **द.** इच्छुक खरीददार के बैंक खाते का पूरा ब्यौरा (नीलामी प्रक्रिया में असफल होने पर टोकन रकम की वापसी) । (8) बिक्री की पुष्टि होने पर सफल खरीददार बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत जिसमें ईएमडी के लिए पहले भुगतान की गई रकम भी शामिल है तुरंत जमा करेंगे एवं शेष 75 प्रतिशत राशि का 15 दिन के अंदर भुगतान करेंगे । निर्धारित समयावधि में शेष राशि जमा न करने की स्थिति में बोलीकर्ता द्वारा जमा राशि बिना किसी सूचना के जप्त कर ली जावेगी । (9) सफल बोलीकर्ता को स्टाम्प ड्यूटी से संबंधित सभी खर्च/फीस पंजीयन शुल्क ट्रांसफर शुल्क एवं अन्य तात्कालिक खर्चे इत्यादि वहन करने होंगे । (10) यहां संपत्ति की विक्रय राशि रु. 50 लाख या उससे ऊपर हो उस परिस्थिति में नीलामी खरीददार को विक्रय राशि का 1 प्रतिशत टी.डी.एस. का भुगतान करना होगा तथा टीडीएस सर्टिफिकेट की मूल प्रति बैंक में जमा करनी होगी । (11) अधिक जानकारी हेतु उपरोक्त संबंधित शाखा से सम्पर्क करें या ईमेल करें **eauction@ccsl.co.in** अथवा सर्विस प्रदाता **M/s PSB Alliance (Ebkray), Contact No:: 8291220220, Help Line E-mail ID ::- support.ebkray@psballiance.com, Website: https://ebkray.in** पर संपर्क करें।

सूचना- अंतिम मिनिट एवं सेकेण्ड में बिड करने से बचे । केनरा बैंक एवं सेवा प्रदाता किसी बंद/त्रुटि इंटरनेट बंद/लाईट जाने आदि के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे । इन स्थितियों से बचने हेतु एवं आपातकालीन परिस्थितियों हेतु निविदाकर्ता से निवेदन है कि वे सभी आवश्यक प्रबंध/विकल्प अपने पास रखें । जैसे कि बैंकअप पावर सप्लाई आदि जिससे वे ई-नीलामी में सफलता पूर्वक भाग ले सकें । (नोटः नीलामी की प्रक्रिया डीआईसी के नियम एवं शर्तों के तहत होगी ।)

विवाद की किसी भी स्थिति में अंग्रेजी अखबार 'द टाईम्स ऑफ इंडिया' दिनांक 18.04.2025 रायपुर संस्करण में प्रकाशित विज्ञापन मान्य होगा ।

दिनांक : 17.04.2025 | प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR
OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION
e-Procurement Tender Notice
Main Portal : http://eproc.cgstate.gov.in
2nd Call

NIT NO : 596/PWD/Zone-9/ 2025 RAIPUR DATED : 17/04/2025

Online bids are invited for the following works of works up to Date 02/05/2025 at 17:30 hours

Sr. No.	System Tender No.	Name of Work	Amount of the Estimate	Eatnest Money Deposit	Eligible Class of contractor /firm	Time allowed for Completion	SOR Applicable
01	167152	जोन क्रमांक-9 अंतर्गत नवीन जोन कार्यालय में बाउण्ड्रीवाल एवं लेवलिंग का कार्य	19,91,000/	20,000/-	Class D & Above	06 Months	लोक निर्माण विभाग के भवन एस.ओ.आर. दि. 01.01.2015 में प्रभावशील एवं निविदा दिनांक तक संशोधित
02	167163	कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड क्रमांक-7 अंतर्गत सड्डू में साजनदास बी.एस.यू.पी. में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य	10,00,000/-	10,000/-	Class D & Above	06 Months	लोक निर्माण विभाग के भवन एस.ओ.आर. दि. 01.01.2015 में प्रभावशील एवं निविदा दिनांक तक संशोधित

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 17/04/2024 17.30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

NOTE : -
1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. Help Desk at Toll Free No. 18004199140 or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in
3. कार्य के लिए निविदा शुल्क देना होगा। इस कार्य के लिए निविदा शुल्क राशि रु. 750/- मात्र देय डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक, आयुक्त नगर पालिक निगम, रायपुर के नाम से नाम से होगा तथा वापसी अयोग्य होगी।

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

Zone Commissioner
ZONE-9
MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)

किशोर रणधीर सिंह की स्मृति में रक्तदान शिविर में युवाओं की रही अहम भूमिका

महासमुंद/नवप्रदेश। स्वर्गीय किशोर रणधीर सिंह गौर के स्मृति में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन मंगलवार को जय हिंद कॉलेज परिसर महासमुंद में आयोजित किया गया, जिसे जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक में गंभीर मरीजों के लिए दान किया गया। शिविर का आयोजनकर्ता डॉ. एकता लंगेह समाज सेविका के मार्गदर्शन में किया गया। रक्तदान शिविर में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, हुलसी चंद्राकर समाज सेवी, सौरव बाफ्ना शामिल हुए। रक्तदान शिविर के पूर्व रक्तदान दाताओं का वजन रक्त परीक्षण के पश्चात रक्त को जिला ब्लड बैंक में जमा किया गया। शिविर आयोजन में सहयोगी संस्था के रूप में आस्था वेलफेयर सोसाइटी लोकार्पण समिति छत्तीसगढ़ जय हिंद कॉलेज महासमुंद का विशेष सहयोग रहा रक्तदान शिविर आयोजनकर्ता डॉ एकता लंगेह ने

अपने पिता स्वर्गीय किशोर रणधीर सिंह का स्मरण करते हुए कहा कि पापा जी के द्वारा समाज के जरुरतमंद विशेषकर गरीब मरीज जिन्हें रक्त की आवश्यकता होती है उन मरीज को मदद करने की प्रेरणा दी गई थी, उन्हें के द्वारा दिए प्रेरणा और विचारों के द्वारा रक्तदान महा शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर से प्राप्त दान रक्त को जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में जमा कराए गई है , जिसे मरीजों को निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर स्वर्गीय किशोर रणधीर सिंह जी की स्मृति में प्रति वर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन किए जाने की घोषणा की गई। रक्तदान नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि दुनिया में रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं, साथ ही रक्तदान शिविर आयोजन टीम को बधाई दी तथा इस प्रकार के पुनीत कार्य में सहयोग करने की बात कही। रक्तदान शिविर में समाज सेवी संस्थाओं ने सहयोग दिया। जिसमें मुख्य रूप से श्याम बालाजी शिक्षण संस्थान, अल्पसंख्यक सोसाइटी, छत्तीसगढ़ सक्षम आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ,अपराजिता क्लब, वैभवी वेलफेयर के पदाधिकारी व समाज सेवी तारिणी चंद्राकर, स्माइल खान, निरंजना चंद्राकर, मधु शर्मा, लीना, कमल, शबनम धनवानी, सविता मोहंती, फैजान, शीबा खान, मोहसिन,शबाना रागिनी सुधा रात्रि सुरेखा शर्मा, अदिति चंद्राकर, सविता निषाद, रामू पटेल, प्राचार्य पुष्पलता देशमुख, प्राचार्य शुभ्रा सोलोमन सहित कॉलेज की छात्र छात्राओं का विशेष सहयोग रहा रक्तदान शिविर में जिला ब्लड बैंक जिला प्रभारी डॉ दलजीत कोर टेक्नीशियन सुनील साहू , कमलेश चंद्राकर व पैथालॉजीकल टीम का विशेष सहयोग रहा।

कुरूद बजरंग चौक मंदिर का बंदन विसर्जन के लिए प्रयागराज प्रस्थान

कुरूद/नवप्रदेश। बजरंग चौक कुरूद में सदियों पुरानी दक्षिण मुखी हनुमान जी महाराज जो की कुरूद और उक्त वार्ड की पहचान है। जिनके मुहल्ले के पूर्वजों ने साक्षी रहकर विधि विधान के साथ स्वयंभू बजरंगबली की प्रतिमा स्थापित करके उस जगह में मंदिर का निर्माण करवाए थे। लगभग 90 वर्ष के बाद हनुमान जी महाराज के चोला उतरने के बाद वास्तविक स्वरूप में दर्शन करने का सौभाग्य लोगों को प्राप्त हुआ है, जिसमे 2.40 क्विंटल बंदन निकाला गया, जिसे प्रयागराज के गंगा नदी मे विसर्जन करने का निर्णय हुआ था, हनुमान जी महाराज में नये चोला चढ़ाने के लिए भजन कीर्तन के बाद पुनः चोला चढ़ाया गया, नवरात्रि पश्चात 2.40 क्विंटल बंदन को विसर्जन के लिए पुजारी एवं मंदिर समिति के टोली के साथ आज प्रयागराज के लिए प्रस्थान हुआ है।

■ ■ न्यूज गैलरी

सामान्य वन मंडल नगरी में स्टाप डेम निर्माण कराया

नगरी/नवप्रदेश। गर्मियों के में जंगली जानवरों को वन्यजीवों को संरक्षित करने के लिए वन विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों पर पेयजल की व्यवस्था की जाती है, इसी तारतम्य में पशुओं हेतु जल संरक्षित करने भिन्न भिन्न स्थानों पर स्टाप डेम निर्माण किया गया है वही मगर स्टॉप डेम निर्माण पुर्ण हुआ तो जिसके एक ही बारिश में नीचे का हिस्सा बह गया, साथ वही विभाग द्वारा गेट लगा भूल गया है जिसका निर्माण देखकर लग रहा है कि नगरी रेंज में यह एक गंभीर प्रकरण के रूप में सामने आया है नगरी समीपस्थ बीट क्रमांक 353 भालूपानी नाला में लाखों रुपए की लागत से स्टाप डेम बनाया गया है जो महज हल्के बारिश में ही क्षतिग्रस्त हो चुका है, उसके बाद जिसने विभाग की पोल पट्टी खोलकर गई उसके बाद वहीं लीपा पोती कर दी गई स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है दूसरे जगह वही नगरी मुख्यालय से 15 किलो मीटर दूर गांव गचकन्हार के जंगलों में बीट क्रमांक 274.273 में स्टॉप डेम निर्माण हुआ था वह भी उसके आस पास के मिट्टी बारिश में बह गया उसके बाद नींव को बचाने के लिए बारिश खत्म होने पर पर विभाग द्वारा उसके बाजू के मिट्टी नींव किनारे फिर डाल दिया गया है उसको देखने से ऐसा लगता बारिश में उसके बाजू से पानी बह कर निकल जायेगा। वन्य जीवों पानी पीने के लिए बनाया गया स्टॉप डेम गेट नहीं पानी बह गया जिसके कारण जंगली जानवरों अब गांव के किनारे पानी की तलाश में आ रहे हैं अब इसका जिम्मेदार कौन है? विभाग के निर्देशन में बनने के बाद इस प्रकार की लापरवाही पूर्ण जिसका निर्माण किया गया है स्टॉप डेम का निर्माण किया गया है में अब जवाब देही कौन है? और आखिर अब इसका जिम्मेदार अधिकारी कौन जो साथ ही वन मंडल अधिकारी के रूप में बैठे अफसर अब किस पर दोषारोपण करेंगे।

चाइल्ड हेल्पलाइन अंतर्गत विभिन्न संविदा पदों के लिए पात्र-अपात्र सूची जारी

गरियाबंद/नवप्रदेश। मिशन वात्सल्य योजना, महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत चाईल्ड हेल्पलाईन 1098 गरियाबंद में परियोजना समन्वयक, काउंसलर, चाईल्ड हेल्पलाईन सुपरवाईजर एवं केश वर्कर के विभिन्न रिक्त संविदा पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया था। प्राप्त आवेदनों का पात्र-अपात्र सूची जिला स्तरीय चयन समिति के द्वारा तैयार की गई है। इसकी विस्तृत जानकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जिला गरियाबंद के सूचना पटल पर एवं गरियाबंद जिले के वेबसाईट पर देखी जा सकती है। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि ऐसे अभ्यर्थी जिनको इस सूची में कोई आपत्ति हो, तो वे इस संबंध में दावा-आपत्ति 23 अप्रैल तक सायं 5 बजे तक स्वयं उपस्थित होकर कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला गरियाबंद के कक्ष क्रमांक- 80 में आवक-जावक शाखा में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि पश्चात् प्रस्तुत दावा आपत्तियों पर चयन समिति के द्वारा विचार नहीं किया जायेगा।

अधिकारी जलसंकट को देखते हुए बोर खनन की देंगे अनुमति :एसडीएम

बिना अनुमति के बोर खनन पर पंडरिया तहसील में बड़ी कार्रवाई, वाहन जब्त

■ जिला घोषित है जलाभाव ग्रस्त क्षेत्र

■ नलकूप खनन पर सख्त प्रतिबंध

कवर्धा/नवप्रदेश। गर्मी के मौसम में जिले में पेयजल संकट की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए कबीरधाम जिला प्रशासन द्वारा ठोस पहल की गई है। इसी क्रम में कलेक्टर गोपाल वर्मा (आईएएस) एवं पंडरिया एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार संजय मोध्या के द्वारा ग्राम केशलमारा में बिना अनुमति कराए जा रहे बोर खनन पर त्वरित कार्रवाई की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्रामीण निरंजन पिता राजेन्द्र द्वारा सिंचाई प्रयोजन के लिए खेत में बोर खनन कराया जा रहा था। सूचना मिलते ही राजस्व अमले ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की और बोर खनन कर रही वाहन (क्रमांक KAOIM 7288) को जब्त कर थाना कुंडा को सुपुर्द कर दिया।पंडरिया एसडीएम संदीप ठाकुर ने बताया कि इस तहत की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

उल्लेखनीय है कि गर्मी के मौसम में संभावित जलसंकट को देखते हुए कबीरधाम जिले को जलाभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने छत्तीसगढ़ पेयजल परीक्षण अधिनियम 1986 (कमांक-3) 1987 की धारा 03 के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए यह आदेश जारी किया है, जो 10 अप्रैल 2025 से 30 जून 2025 तक प्रभावशील रहेगा।

जिले में नलकूप खनन की अनुमति प्रदान करने हेतु कलेक्टर वर्मा द्वारा विभिन्न क्षेत्रों के लिए प्राधिकृत अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इनमें अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी कबीरधाम, कवर्धा नगरपालिका क्षेत्र हेतु; तथा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) - कवर्धा, सहसपुर लोहारा, पंडरिया और बोड़ला उपविभागों के ग्रामीण क्षेत्रों हेतु अधिकृत किए गए हैं। ये अधिकारी पेयजल संकट की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए अनुमति प्रदान करेंगे।

नलकूप खनन पर सख्त प्रतिबंध

जारी आदेश के अनुसार, उक्त अवधि में जिले के नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में बिना सक्षम प्राधिकृत अधिकारी की पूर्वानुमति के कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था नलकूप खनन नहीं कर सकेगी, चाहे वह पेयजल हो या अन्य किसी प्रयोजन के लिए। केवल शासकीय एजेंसियों जैसे लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा नगर पालिका परिषद कवर्धा एवं जिले की समस्त नगर पंचायतों को पेयजल प्रयोजन हेतु आंशिक छूट दी गई है, परंतु उन्हें भी संबंधित प्राधिकृत अधिकारी को इसकी जानकारी अनिवार्य रूप से देनी होगी।

वीर हनुमान सेवा समिति ने मनाया हनुमान जन्मोत्सव

खैरागढ़/नवप्रदेश। तुरकारीपारा स्थित हनुमान मंदिर मे हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया । वीर हनुमान सेवा समिति ने लगातार 15 वे वर्ष हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन कर सुबह 1 हवन पूजन कर दोपहर विशाल भंडारा का आयोजन किया । शाम को छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध आखाड़ा ,धुमाल,डीजे,बग्गी में राम लक्ष्मण हनुमान जी के साथ शोभायात्रा शहर भ्रमण के लिए निकली । शोभायात्रा के दौरान शहर मे जगह जगह स्वागत कर शोभायात्रा मे शामिल लोगो के लिए जलपान,सरबत की व्यवस्था नागरिको और विभिन्न संघ संगठनो द्वारा की गई । शोभायात्रा के दौरान शहर के विभिन्न चौक चौराहो मे अखाड़ा का जोरदार प्रदर्शन सम्मोहित करते रहा । अखाड़े के दौरान इस बार नारी शक्ति बहनों के द्वारा अखाड़ा का जोरदार प्रदर्शन किया गया । शोभायात्रा के वापस मंदिर परिसर पहुचने पर संगीतमय हनुमान चालीसा के साथ महाआरती कर कार्यक्रम का समापन किया गया इस अवसर पर विकेश गुप्ता, राकेश गुप्ता, सुरेश ठाकुर, सुबोधकांत पांडेय, राम यादव, भूपेंद्र गंगबोइर, पंकज यादव, नीकु वास, नरेश यादव, दुर्गेश यादव, सोनू वास, नितिन वर्मा, राम यादव, विक्रम यादव, महेश पटेल, निखिल वास, शौर्य गुप्ता, प्रांजल गुप्ता, वंश गुप्ता, हर्षल गुप्ता, अमन पटवा, शिवम ताम्रकार, लक्की यादव, विकास यादव, प्रीतम ढीमर, अजित यादव, सहित मंदिर समिति के सदस्य और नागरिक मौजूद रहे।

मधुसूदन यादव व भागवत साहू ने मां कर्मा के आदर्शों पर चलने की बात कही

■ हमें मां कर्मा से इसी भक्ति को सीखने की जरूरत है : अध्यक्ष

राजनांदगांव/नव प्रदेश। नगर निगम अंतर्गत पुराना ढाबा वार्ड में नगर साहू संघ द्वारा कर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई। आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव ने अपने संबोधन में मां कर्मा के आदर्शों पर चलने की बात कही अध्यक्षता कर रहे हैं जिला संघ के अध्यक्ष भागवत साहू ने मां कर्म के आदर्शों पर चलने की आवश्यक बताई।

जिला साहू संघ राजनांदगांव अंतर्गत नगर साहू संघ राजनांदगांव के वार्ड पुराना ढाबा में कर्मा जयंती कार्यक्रम 13अप्रेल दिन रविवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें सर्वप्रथम शोभा यात्रा में मां कर्मा मूर्ति के साथ वार्ड भ्रमण करते हुए भव्य कलश यात्रा के साथ निकलीं तत् पश्चात् कर्मा की सामूहिक पूजा एवं ध्वजारोहण किया गया जहां मुख्य अतिथि मधुसूदन यादव जी महापौर राजनांदगांव नगर निगम रहे अध्यक्षता भागवत साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ राजनांदगांव द्वारा किया गया विशेष अतिथि पूर्व अध्यक्ष मोती साहू जी महामंत्री नीलमणी साहू नगर अध्यक्ष कुलेश्वर साहू उपाध्यक्ष नरेंद्र साहू साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समाप्ति पश्चात् खिचड़ी प्रसादी भोजन भंडारा आदि वितरण किया गया। कार्यक्रम

में बतौर अतिथि के रूप में जिला साहू संघ अध्यक्ष ने कहा कि मां कर्मा भगवान कृष्ण की महान भक्तों में से एक है हमें मां कर्मा से इसी भक्ति को सीखने की जरूरत है।

इसलिए हमें मां कर्मा के जीवन से कुछ सीखने की जरूरत है तभी हमारा जीवन महान बनेगा। इस मौके पर उन्होंने सभी को मां कर्मा जयंती की बधाई व शुभकामनाएं दी। उमेश साहू गांधी साहू सूरज साहू हुकुम साहू सहित वार्ड के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

कमला कॉलेज ग्राऊंड में 2 दिन का टेस्ट मैच खेला गया

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगांव कमला कॉलेज ग्राउंड में दो दिन का अभ्यास मैच आर.सी.ए. और आर.सी.बी. के बीच कमला कॉलेज ग्राउंड में फुल टर्फ विकेट में मैच खेला गया। आर.सी.ए. के आपेनिंग में कप्तान हित देवांगन एवं रीजवान पहला विकेट जल्दी गिर गया। रीजवान के 4 रन के योग पर एल.पी.डब्ल्यू अभय ने किया।

विधायक एवं कलेक्टर ने ली जीवनदीप समिति की बैठक

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक अग्रवाल की अध्यक्षता में आज जिला अस्पताल के सभाकक्ष में जीवनदीप समिति अंतर्गत कार्यकारिणी सभा की बैठक आयोजित हुई । बैठक में कलेक्टर ने जीवनदीप समिति के अंतर्गत किये जा रहे कार्यों एवं विभिन्न एजेंडाओं पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने बैठक में मरीजों के ईलाज की बेहतर सुविधा एवं जिला अस्पताल में पर्याप्त बिस्तरों की उपलब्धता की जानकारी ली । कलेक्टर ने बैठक में जीवनदीप समिति के बजट की जानकारी लेते हुए आय-व्यय एवं समिति द्वारा नियुक्त कर्मचारियों पर खर्च राशि की भी जानकारी ली। उन्होंने समिति अंतर्गत पिछले दो वित्तीय वर्ष के बचे आय-व्यय का ऑडिट सुनिश्चित करने के

निर्देश दिये। उन्होंने समिति द्वारा नियुक्त कर्मचारियों से भी चर्चा की तथा उन्हें निर्धारित यूनिफार्म में ड्यूटी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने अस्पताल में कार्यरत सभी कर्मियों को मोबाईल से फेस रीडिंग आधारित बायोमैट्रिक्स ऑनलाईन उपस्थिति शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

जंगल के नैसर्गिक वनोपज कोकून की खरीदी चालू

नगरी/नवप्रदेश। सोमवार को नगरी ब्लॉक के भैसामुडा पंचायत के अंतर्गत ग्राम सभा खुदूरपानी मे जंगल मे नैसर्गिक रूप से उत्पादन हो रहे पंद्रह हजार कोकून का रेशम विभाग द्वारा खरीदी चालू किया गया7ग्राम सभा खुदूरपानी, भैसामुडा, मटियाबहरा, चारगांव एवं चंदनबहरा में सामुदायिक वन संसाधन प्राप्त होने के बाद संरक्षण करने लगे जिससे तीन वर्षो तक जंगल में आग नही लगा और इनके जंगल में कोकून का पैदावार होने लगा जिससे चार सौ पचास परिवार को कम से कम दस हजार से पचास हजार रुपए तक जंगल के कोकून का विक्री किया गया इस प्रक्रिया की जानकारी खोज संस्था के माध्यम से संदर्भ केंद्र खुदूरपानी में कलेक्टर श्री मान अविनाश मिश्रा, जिला सी. ई. ओ. रोमा श्रीवास्तव के समक्ष कोकून खरीदी

का प्रस्ताव ग्राम सभा खुदूरपानी द्वारा रखा गया इसे देखते हुए जिला कलेक्टर महोदय रेशम विभाग के डारेक्टर उईके जी को आदेशित किया कि ग्राम खुदूरपानी आस पास संग्रहण कर रहे कोकून को खरीदी जाये और कोकून से रेशम धागाकरण का प्रक्रिया चालू किया जायेगा इसके लिए रेशम विभाग द्वारा दिनाक 15/4/2025 को रेशम धागा निकालने की प्रक्रिया को महिला सदस्यों को रेशम विभाग के डारेक्टर उईके जी के निर्देश अनुसार श्री जय सिंह नेताम जी की टीम रेशम धागा निकालने वाली मशीन की सहायता से धागा निकालने व मशीन को चलने की सभी जानकारी दी गई जिसके लिए इन ग्राम सभा सदस्यों द्वारा जिला कलेक्टर एवम् जिला सी. ई. ओ. मैडम को धन्यवाद भी दिये।

पात्र लाभान्वित हो ... आवेदनों की समीक्षा कर प्राथमिकता एवं संवेदनशीलता के साथ निराकरण करें

सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों के निराकरण कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

■ कलेक्टर ने समय-सीमा बैठक में की शासकीय योजनाओं के प्रगति की समीक्षा

खैरागढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में शासन की महत्वाकां योजनाओं के प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि हितग्राहीमूलक योजनाओं के अंतर्गत सभी पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जाए। कलेक्टर ने सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त विभागवार आवेदनों के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली।

तत्पश्चात विभागवार मिले आवेदनों की समीक्षा करते हुए प्राप्त आवेदनों को प्राथमिकता एवं संवेदनशीलता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पोर्टल पर सभी आवेदनों को शत-प्रतिशत प्रविष्टि सुनिश्चित करने और आवेदनों के निराकरण की वस्तुस्थिति की रिपोर्ट रोजाना प्रस्तुत करने कहा। विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी लंबित मामलों को प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में निपटारा करने , मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, जन शिकायत और अन्य प्राप्त पत्रों के निराकरण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल, एसडीएम टंकेश्वर साहू, अविनाश ठाकुर, रेणुका रात्रे सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास प्लस 2.0 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए 'मोर दुआर साय सरकार' अभियान शुरू हो रहा है, जो 30 अप्रैल तक चलेगा। शासन द्वारा सभी को आवास मिले, इसके लिए 'आवास प्लस' सर्वे में पात्रता के दायरे को बढ़ाया गया है, जिससे हर किसी के घर का सपना पूरा हो सके। उन्होंने सभी जनपद सीईओ को आवास प्लस सर्वे का कार्य को अच्छे से करने के निर्देश दिए, ताकि कोई भी पात्र हितग्राही छूटने न पाए। साप्ताहिक जनदर्शन में कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने जिले भर से से आए लोगों की समस्याएं सुनी और आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर से आज जिले के लोगों ने मुलाकात कर निजी एवं सामुदायिक समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए।

विधायक एवं कलेक्टर ने चिकित्सालय के विभिन्न वार्डों का किया निरीक्षण

गरियाबंद/नवप्रदेश। राजिम विधायक रोहित साहू एवं कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने आज जिला चिकित्सालय पहुंचकर विभिन्न वार्डो का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मरीजों को चिकित्सालय में मिलने वाली चिकित्सकीय एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। जिला चिकित्सालय निरीक्षण के दौरान ओपीडी कक्ष, महिला-पुरूष वार्ड, लैब, प्रसुति वार्ड सहित विभिन्न वार्डो का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध सुविधाएं, साफ-सफाई, मरीजों को मिलने वाले भोजन, मेडिकल स्टाफ सहित अन्य आवश्यक जानकारी ली। विधायक एवं कलेक्टर ने मरीजों से बातचीत की और यहां उपलब्ध कराये जा रहे चिकित्सा सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान मरीजों ने बताया कि उन्हें चिकित्सकीय सुविधाओं के साथ भोजन भी उपलब्ध कराया जा रहा है। ग्राम तांवरबाहरा की राजबाई साहू व बुधिया बाई, ग्राम गोंदलाबाहरा की रत्ना मरकाम सहित अन्य मरीजों ने बताया कि वे उन्हें अस्पताल में चिकित्सकों एवं नर्स द्वारा चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है तथा दवाई को समय पर सेवन करने के लिए भी कहा जाता है।

न्यूज गैलरी

अभियान: पोषण पखवाड़ा का आयोजन 22 अप्रैल तक

मुंगेली/नवप्रदेश। शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर राहुल देव के मार्गदर्शन में जिले में सुपाषण अभियान अंतर्गत पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है, जो 22 अप्रैल तक चलेगा। इस अभियान अंतर्गत सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। महिला बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती संजुला शर्मा ने बताया कि पथरिया विकासखण्ड के सेक्टर जुनवानी में सीमैम प्रशिक्षण, मौसमी फ्ल एवं सब्जियों की प्रदर्शनी, 03 से 06 वर्ष के बच्चों का एफ्आरएस किया गया। इसके साथ ही गृहभेंट कर मोबाईल एवं टीवी का उपयोग कम करने के लिए समझाईश दी गई। कार्यक्रम के दौरान परियोजना अधिकारी श्रीमती रेखा दुआ, स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्राम के सरपंच और महिलाएं मौजूद रहीं।

वाटर ट्रीटमेंट प्लांट व एकल ग्राम योजना का निरीक्षण किया

मुंगेली/नवप्रदेश। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बिलासपुर परिक्षेत्र के अधिक्षण अभियंता परीक्षित चौधरी लोरमी विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में निर्माणाधीन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और एकल ग्राम योजना का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम सुकली, लाखासार, बांधी, तेलीखाम्ही, घोरबंधा तथा झझपुरीकला में जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने खुड़िया समूह जल प्रदाय योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, जेड बी आर, एम बी आर का निरीक्षण किया। इस दौरान अभियंता श्री चौधरी ने निर्माणाधीन एकल एवं समूह योजना में गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुंगेली स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मुंगेली के कार्यपालन अभियंता कुंदन राना, मुंगेली एसडीओ आशीष मिश्रा, उपभियंता कृष्णमूर्ति एवं टेक्निकल कॉर्डिनेट अमित लहरे एवं विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

पात्र-अपात्र सूची जारी, दावा-आपत्ति 21 अप्रैल तक

मुंगेली/नवप्रदेश। आंगनबाड़ी केन्द्र महादेवगढ़ एवं चमारी में सहायिका के पदों पर भर्ती के लिए प्राप्त आवेदनों की जांच एवं परीक्षण उपरांत पात्र-अपात्र सूची जारी की गई है। सूची के संबंध में दावा-आपत्ति 21 अप्रैल तक किया जा सकता है। एकीकृत बाल विकास परियोजना मुंगेली 02 की परियोजना अधिकारी ने बताया कि सूची का अवलोकन कार्यालय के सूचना पटल पर किया जा सकता है।

उन्नत खेती को बढ़ावा देने के दिए निर्देश

कलेक्टर ने कृषि विज्ञान केन्द्र का किया निरीक्षण

बलरामपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर राजेन्द्र कटारा एवं जिला पंचायत सीईओ नयनतारा सिंह तोमर ने ग्राम पंचायत जाबर स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों के हित में चल रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली।

कलेक्टर कटारा एवं जिला पंचायत सीईओ तोमर ने कृषि विज्ञान केन्द्र के पूरे परिसर का भ्रमण कर चल रही गतिविधियों एवं कृषि तकनीकों का अवलोकन किया। उन्होंने विभिन्न फसलों और बीज उत्पादन का भी निरीक्षण किया।कलेक्टर ने कड़कनाथ हेचरी यूनिट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यूनिट में चल रही गतिविधियों का जायजा लिया और कड़कनाथ नस्ल के पालन, हैचिंग प्रक्रिया की जानकारी ली। कलेक्टर ने यूनिट की साफ-सफाई, तकनीकी व्यवस्था, चूजों के बेहतर रखरखाव के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बायोफ्लॉक मछली पालन इकाई का निरीक्षण कर इसके संचालन पद्धति की जानकारी ली। उन्होंने टैंक की साफ-सफाई, पानी की गुणवत्ता और मछलियों की प्रजातियों के रख-रखाव की बारीकी से जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने संबंधितों को निर्देश दिए कि इच्छुक किसानों और बेरोज़गार युवाओं को प्रशिक्षण देकर इस तकनीक से जोड़े।

कलेक्टर ने कृषि वैज्ञानिकों को जिले के किसानों के हित में काम करने कहा। कलेक्टर ने कहा कि किसानों को धान के अलावा अन्य लाभदायक फसलों के उत्पादन से जोड़कर उन्हें प्रोत्साहित करें। उन्होंने जिले के किसानों को यहां ली जा रही फसलों से रूबरू कराते हुए उन्नत खेती से जोड़ने को कहा। साथ ही खेती से लाभ और उत्पादन की संभावनाओं पर चर्चा करते हुए कृषि उद्यमिता को बढ़ावा देने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रभारी उप संचालक कृषि रामचन्द्र भगत, सहायक संचालक उद्यान कमलेश कुमार साहू, कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख अनिल सोनपाकर, डॉ. जी.के. निगम, जनपद सीईओ रणवीर साय उपस्थित रहे।

आरोपियों को उचित कानूनी प्रक्रियाओं के तहत ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया

मुंगेली में कोयला व्यापारी की आत्महत्या का प्रकरण, चार आरोपियों की गिरफ्तारी

मुंगेली/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देशन में थाना सरगांव क्षेत्रान्तर्गत कोयला व्यापारी आत्महत्या के प्रकरण मे 04 आरोपियो को गिरफ्तार किया गया। आरोपीगण के द्वारा कोयला व्यापार की हिसाब किताब की जानकारी न देकर लगभग 33 करोड़ रूपये का नुकसान करते हुये प्रतिकूल परिस्थिति निर्मित किये जाने के फ्लस्वरूप उत्प्रेरित होकर मृतक नरेन्द्र कौशिक द्वारा आत्महत्या किया जाना प्रमाणित पाये जाने से 04 आरोपियों को गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया। आरोपियों का खाता व दस्तावेजों एवं मृतक के फर्म के संचालन की गतिविधि आर्थिक लेनदेन 02 लोडर की जप्ती कार्यवाही की गई। आरोपीगण के विरूद्ध धारा 108, 3(5) बी.एन.एस. पंजीबद्ध किया गया। मृतक नरेन्द्र कुमार कौशिक पिता स्व. रूपचंद कौशिक उम्र 50 वर्ष निवासी आर्या कालोनी तिफरा थाना सिरगिट्टी जिला बिलासपुर (छ.ग.) कि थाना सरकंडा से बिना नंबरी मर्ग डायरी को 27 नवम्बर 2024 को थाना सरगांव के द्वारा नंबरी मर्ग क्र. 63ध्2024 धारा 194 बी.एन.एस.एस. दर्ज किया गया है। जिसकी मर्ग जांच पर पाया गया कि मृतक सरगावं स्थित खपरी रोड पर अमिषा ट्रेडर्स नामक कोल डिपो संचालित करता था साथ ही ट्रांसपोर्टिंग का भी काम करता था मृतक ने अपने साथी कारोबारी संजय भट्ट, एवं राजेश कोटवानी के नाम मुख्तीयार ग्रहता के द्वारा अपने अन्य साथी देवेन्द्र उपवेजा व सूरज प्रधान के साथ अमिषा ट्रेडर्स कोल डिपो में मिलकर व्यवसाय करते थे कि साथी कारोबारियों के द्वारा व्यवसाय में पहुचाये गये नुकसान एवं उत्पन्न किये गये परिस्थितियो के कारण उत्प्रेरित होकर घटना 26 नवम्बर 2024 को अपने कोल डिपो अमिपा ट्रेडर्स में सुसाईड नोट लिखकर जहर सेवन कर अपने मोबाईल से अपने परिजन व साथियों को भेजा है जिसे पढ़कर परिजनों व साथियों के द्वारा मृतक को तलाश करते हुये सरगांव अंग्रेजी भट्ठी रोड़ मैदान के पास आकर मृतक को स्वयं के ब्रेजा कार में अकेले बैठा हुआ देखे जो उल्टी कर रहा था नशे में था जिसे शीघ्र उपचार हेतु अपोलो अस्पताल बिलासपुर ले गये थे जहां उपचार के दौरान नरेन्द्र कौशिक की मृत्यु हो गयी। जांच के दौरान मृतक के परिजन एवं साथियों के कथन एवं सायबर सेल से प्राप्त कॉल डिटेल के विश्लेषण से मृतक का आरोपियो से सतत् संपर्क होना पाया गया। मृतक के परिजन व अन्य गवाहों के कथनों से पाया गया है कि मृतक नरेन्द्र कुमार कौशिक अपने साथी व्यवसायी राजेश कोटवानी, संजय भट्ट, सूरज प्रधान एवं देवेन्द्र उपवेजा के साथ मिलकर अमिपा ट्रेडर्स में कोयले का व्यवसाय करते थे इस बाबत मृतक द्वारा आम मुख्तियारनामा निष्पादित कराया गया है। अमिषा ट्रेडर्स के नाम पर खरीदी बिक्री आय व्यय की संपूर्ण कार्यवाही एवं देखरेख देवेन्द्र उपवेजा एवं राजेश कोटवानी के द्वारा किया जाता था वर्ष 2022-23 में उनके द्वारा कोयला बिक्री रकम 43 करोड़ रूपये बताया गया था एवं वर्ष 2023-24 में कोयला बिक्री रकम 10 करोड़ रूपये बताया गया था कि मृतक की अनुपस्थिति में मुख्तीयार ग्रहता एवं साथियों के द्वारा अमिषा ट्रेडर्स में रखा पूरा कोयला एवं 02 लोडर वाहन को बिना सूचना के ले जाकर अन्यत्र रखने एवं व्यवसाय में मृतक को सही हिसाब किताब की जानकारी न देकर लगभग 33 करोड़ रूपये का नुकसान करते हुये प्रतिकूल परिस्थिति निर्मित किये जाने के फ्ल स्वरूप उत्प्रेरित होकर मृतक द्वारा आत्म हत्या किया जाना प्रथम दृष्ट्या प्रमाणित पाया गया है।

डां. मनीष बंजारा को चिकित्सा व समाज सेवा में उत्कृष्टता के लिए मिला सम्मान

मुंगेली/नवप्रदेश। ड्रीम सनराइज वेलफेयर सोसायटी बेमेतरा द्वारा आयोजित संस्कृति व्यापार मेला के समारोह में मुंगेली के डॉ. मनीष बंजारा को चिकित्सा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें बेमेतरा के व्यापार मेले के मंच में विधायक दीपेश साहू एवं आयोजक समिति के सदस्यों द्वारा मेमेंटो देकर किया गया। उल्लेखनीय है कि दूसरे जिले में सम्मानित होकर डां. मनीष बंजारा ने मुंगेली का गौरव बढ़ाया है। मुंगेली के व्यापार मेले में उन्हें मुंगेली जिला गौरव सम्मान से नवाजा गया था। डां. मनीष बंजारा ने बताया कि अपने पेशे के साथ सहज जीवन जी कर मनुष्यता व मानवता को बढ़ाने के लिए हमारे जीवन का कोई न कोई योगदान होना चाहिए। मेले के बारे मे उनका मानना है कि मेला आदिकाल से जीवन के सफर में रहा है। लेकिन आज मेले का स्वरूप बदल कर विकसित हुआ है। जो संस्कृति का पहचान बतलाता है और लोगो का नये चीजों से अवगत कराते हुए स्थानीय उत्पाद को मेले के माध्यम से परिचित कराते हुए स्थानीय उद्योग को अवसर प्रदान कराता है। उन्होंने मॉ भद्रकाली के पावनधरा बेमेतरा में संस्कृति व्यापार मेले के आयोजकों को 9 वर्ष से आयोजित मेले के लिए साधुवाद देते हुए कहा कि यह मेला आगे प्रगति कर बेमेतरा का नाम रोशन करे यही मेरी शुभकामनाएं है।

पात्र हितग्राहियों को आवास योजना का लाभ दिलाने चलाए जा रहे विशेष सर्वेक्षण पखवाड़ा

मुंगेली/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत पात्र हितग्राहियों को आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए चलाए जा रहे विशेष सर्वेक्षण पखवाड़ा के अंतर्गत केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने आज मुंगेली जिले के मदनपुर गांव का दौरा किया। उन्होंने ''आवास प्लस 2.0'' योजना के तहत जारी सर्वेक्षण कार्य का अवलोकन किया और स्वयं भी सरस्वती बाई के घर जाकर मोबाइल एप के माध्यम से हितग्राही सर्वेक्षण किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री श्री साहू ने ग्राम मदनपुर में झूलबाई को आवास योजनांतर्गत नवनिर्मित मकान का रिबन काटकर विधिवत गृह प्रवेश कराया और बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य हर गरीब ग्रामीण को एक पक्का घर उपलब्ध कराना है। यह सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि सम्मानजनक जीवन की दिशा में एक मजबूत कदम है। केंद्रीय राज्य मंत्री श्री साहू ने बताया कि भारत सरकार और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप राज्य में ऐसे ग्रामीण परिवारों की पहचान की जा रही है, जो पूर्व की स्थायी प्रतीक्षा सूची या आवास प्लस सूची में किसी कारणवश छूट गए थे। इन छूटे हुए पात्र परिवारों को योजनांतर्गत लाभ देने हेतु व्यापक सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में 'मोर दुआर साय सरकार महाभियान' के अंतर्गत विशेष सर्वेक्षण पखवाड़ा आयोजित किया गया है, जिसका प्रमुख उद्देश्य हर पात्र ग्रामीण को चिन्हित कर उसे आवास योजना से जोड़ना और उन्हें गरिमापूर्ण जीवन के लिए एक स्थायी निवास उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री प्रभाकर पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे। लाभार्थी झूलबाई ने बताया कि वर्षों से वे एक पक्के घर का सपना देख रही थी, जो अब सरकार की इस पहल से साकार हुआ है। झूलबाई ने बताया कि उनके परिवार में 07 लोग हैं, वे सभी मजदूरी का काम करते हैं।

कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती 21 अप्रैल से 5 मई तक करें आवेदन

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका के रिक्त पदों हेतु खुली भर्ती हेतु आवेदन पत्र 21 अप्रैल से 05 मई 2025 तक आमंत्रित किये गये हैं। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 04 पदों एवं सहायिका के 16 पदों पर भर्ती की जानी है। जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हेतु श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड 3 आंगनबाड़ी केंद्र बंगालीपारा उत्तर, पटपरिया वार्ड क्र. 11 आंगनबाड़ी केंन्द्र किसानराईस मिल, डॉ भीमराव अम्बेडकर वार्ड क्र. 45 आंगनबाड़ी केंद्र जोड़ा बहेरा एवं संतगहिरा गुरू वार्ड क्र. 46 आंगनबाड़ी केंन्द्र खालपारा में रिक्त पदों पर भर्ती की जानी है।

ग्राम टेमर में जिला अस्पताल की मांग को लेकर ग्रामीणों का चक्काजाम

सक्ती/नवप्रदेश। ग्राम टेमर में 16 अप्रैल को सुबह 8 बजे से ग्रामीणों द्वारा जिलाअस्पताल के निर्माण के लिए एक दिवसीय धरने का आयोजन किया गया। यह धरना उस समय आयोजित किया गया जब शासन ने पहले टेमर में अस्पताल बनाने के लिए प्रस्तावित किया था, लेकिन हाल ही में इसे किसी अन्य स्थल पर स्थानांतरित कर दिया गया था। इस कारण से ग्रामीणों ने विरोध स्वरूप चक्काजाम करने का निर्णय लिया।ग्रामीणों का मानना था कि अगर उनके क्षेत्र में अस्पताल का निर्माण नहीं हुआ, तो वे आंदोलन जारी रखेंगे। धरने के दौरान, क्षेत्र के आला अधिकारियों ने समझौता करने का प्रयास किया। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि 26 अप्रैल तक मामले का समाधान किया जाएगा और उन्हें इसके बारे में सूचित किया जाएगा।इस धरने और चक्काजाम में नेताओं और ग्रामीणों ने एकजुट होकर अपनी आवाज उठाई, जो कि किसी भी राजनीतिक पार्टी से हटकर थी। इस शांतिपूर्ण आंदोलन में कई स्थानीय नेता और ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। अगर भविष्य में उनका पक्ष नहीं सुना गया, तो वे पुनः आंदोलन करने की चेतावनी दी। यह घटना दर्शाती है कि जब स्थानीय समुदाय एकजुट हो जाता है, तो वे सत्ता को अपनी मांगों को सुनने के लिए मजबूर कर सकते हैं।

आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित करने की दिशा में उठाए कदम

मुंगेली/नवप्रदेश। सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का पोर्टल में आनलाईन प्रविष्टि, सुशासन तिहार से संबंधित गतिविधियों, आवेदनों का निराकरण आदि के संबंध में जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक में वनमंडलाधिकारी संजय यादव और अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप शासकीय कामकाज में पारदर्शिता लाने, शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कर पात्र लोगों को लाभ दिलाने के लिए सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के आवश्यक निर्देश दिए।जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय और अपर कलेक्टर जीएल यादव ने सभी अधिकारियों को समय-सीमा में प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण में बताया गया कि विभाग किस प्रकार प्राप्त आवेदनों की जानकारी देख सकते हैं व उनका निराकरण कर सकते हैं। यदि आवेदन उनके विभाग से संबंधित नहीं है, तो संबंधित विभाग को प्रेषित कर सकते हैं। इसके साथ ही पोर्टल में उपलब्ध विभिन्न रिपोर्ट की भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

आयोजन सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के क्षेत्र में डॉ. अंबेडकर के अमूल्य योगदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया

पॉलिटेक्निक कॉलेज में डॉ. अम्बेडकर की जयंती पर सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम

बलरामपुर/नवप्रदेश। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज रामानुजगंज में संस्था के प्राचार्य के मार्गदर्शन में प्रेरणास्पद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्थान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के क्षेत्र में डॉ. अंबेडकर के अमूल्य योगदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की छायाचित्र दीप प्रज्वलन एवं बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा डॉ. अंबेडकर के जीवन, संघर्ष तथा संविधान निर्माण में उनके ऐतिहासिक योगदान पर विचार प्रस्तुत किए गए। छात्रों के भाषणों ने डॉ. अंबेडकर के विचारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का कार्य किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में कविता पाठ और रचनात्मक पोस्टर प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रहे। इस आयोजन का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारी एवं स्वयंसेवकों के समन्वय से किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉ. अंबेडकर के आदर्शों को जीवन में उतारने तथा शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का माध्यम बनाने की प्रेरणा दी गई।

मोर दुआर- साय सरकार आवास प्लस सर्वेक्षण 2.0 का जारी अंतिम तिथि 30 अप्रैल तक

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। जिले में मोर दुआर - साय सरकार के अंतर्गत आवास प्लस सर्वेक्षण 2.0 का का पखवाड़ा मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में मोर आवास मोर अधिकार के संकल्प को साकार करने हेतु यह सर्वे अभियान तीन चरणों में संचालित किया जा रहा है, जिसकी अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2025 तक निर्धारित की गई है। प्रथम चरण में, 15 अप्रैल से 19 अप्रैल 2025 तक ब्लॉक स्तर पर आवास सर्वेक्षण पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया है। इस दौरान संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर सर्वे किया जा रहा है। द्वितीय चरण में, 20 अप्रैल से 28 अप्रैल 2025 तक ग्राम सभाओं का आयोजन कर सर्वेक्षण की प्रक्रिया का प्रस्तुतीकरण किया जाएगा, जिससे ग्रामीणों में पारदर्शिता बनी रहे और योजना की जानकारी सीधे पहुंच सके। तृतीय एवं अंतिम चरण में, 29 व 30 अप्रैल 2025 को ग्राम पंचायत सरपंच के संयुक्त हस्ताक्षर के साथ सर्वे कार्य को शत प्रतिशत पूर्ण कर जिला स्तर पर प्रेषित किया जाएगा।

सूचना के अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन की दिक्कतें होंगी दूरः कमिश्नर

सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के प्रभावी क्रियान्वयन और प्रचार-प्रसार के लिए संभागीय कार्यशाला

बिलासपुर/नवप्रदेश। *सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के व्यापक प्रचार- प्रसार एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संभाग स्तर पर प्रार्थना सभा भवन में संभागायुक्त कार्यालय बिलासपुर द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बिलासपुर संभाग एवं नवगठित जिला शक्ति और सारंगढ़ भिलाईगढ़ के जन सूचना अधिकारी, प्रथम अपीलीय अधिकारी शामिल हुए।*

कार्यशाला के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कमिश्नर महादेव कावरे ने कहा कि आपके मन में जो भी प्रश्न है उन सब का जवाब इस कार्यशाला में मिलेगा। उन्होंने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन में आपको आने वाली दिक्कतों को दूर करना है। हालांकि इस अधिनियम को लागू हुए काफी समय हो चुका है लेकिन फिर भी

कुछ नए नियम जुड़ते हैं, जिसकी जानकारी आपको होनी चाहिए। कार्यशाला में प्रतिभागी के रूप में बिलासपुर संभाग के विभिन्न कार्यालयों के जन सूचना अधिकारी/ प्रथम अपीलीय अधिकारी सहित नवगठित जिला शक्ति और सारंगढ़ बिलाईगढ़ के जन सूचना अधिकारी/ प्रथम अपीलीय अधिकारी संभागीय कार्यालय बिलासपुर से उपायुक्त(रा.) डॉ.स्मृति तिवारी, उपायुक्त (वि.) संतोष सिंह ठाकुर, लेखाधिकारी मूलधर प्रसाद जायसवाल उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन उपायुक्त (रा.) डॉ.स्मृति तिवारी ने किया।

वर्तमान समय डिजिलाइजेशन का: संभागायुक्त

कमिश्नर कावरे ने कहा कि वर्तमान समय डिजिटलाइजेशन का है ऐसे में डिजिटल जानकारी को सूचना के अधिकार के तहत उपलब्ध कराना है या नहीं, यदि कराना है तो उसके क्या प्रावधान है ऐसी कई बातें हैं जिनको लेकर आपके मन में प्रश्न होंगे जिनका उत्तर कार्यशाला में मिलेगा, उन्होंने सभी से कार्यशाला में सक्रिय रूप से सहभागिता की अपील की। कार्यशाला में हाउसिंग बोर्ड के एडिशनल कमिश्नर अजीत पटेल, जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता अरुण कुमार साय, राज्य सूचना आयोग से प्रदीप गौर उपस्थित थे।

आवेदनों के निराकरण की दी जानकारी

कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर गीता दीवान एवं अतुल वर्मा ने सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी देते हुए ऑनलाइन आवेदन से संबंधित प्रक्रिया और उसके निराकरण के विषय में जानकारी दी। अतुल वर्मा ने कहा कि अधिनियम की धारा 2 से लेकर 11 तक की धारा जन सूचना अधिकारी के लिए महत्वपूर्ण है जिसका गहनता से अध्ययन सभी कर लें, इससे काम करने में आसानी होगी। कार्यशाला में प्रतिभागियों ने प्रश्न पूछकर अपनी शंकाओं का समाधान भी किया।

न्यूज गैलरी

पदोन्नति को लेकर दायर सभी याचिकाओं की एक साथ होगी सुनवाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्राचार्य पदोन्नति को लेकर दायर सभी याचिकाओं को अब एक साथ क्लब कर हाईकोर्ट में सुनवाई की जाएगी। बुधवार को चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस अरविंद वर्मा की डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई। राज्य शासन की ओर से पैरवी कर रहे अतिरिक्त महाधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि इस तरह की अलग-अलग याचिका पर कोर्ट में सुनवाई चल रही है। इस पर चीफ जस्टिस ने सभी याचिकाओं को क्लब करने का निर्देश रजिस्ट्रार जनरल को दिया है। प्राचार्य पदोन्नति को लेकर दायर सभी याचिकाओं की हाई कोर्ट के डिवीजन बेंच में अब एक साथ सुनवाई होगी। अगली सुनवाई के लिए डिवीजन बेंच ने एक मई की तिथि तय कर दी है। प्राचार्य पदोन्नति को लेकर दायर अखिलेश त्रिपाठी की याचिका में डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई। इसी याचिका में प्राचार्य पदोन्नति फोरम द्वारा हस्तक्षेप याचिका दायर की गई है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस अरविंद वर्मा की डिवीजन बेंच में सुनवाई के दौरान राज्य शासन की ओर से पैरवी कर रहे अतिरिक्त महा अधिवक्ता ने डिवीजन बेंच को जानकारी दी कि भर्ती पदोन्नति नियम 2019 के विरुद्ध हाई कोर्ट केअन्य बेंच में भी याचिका लंबित है।

जिले में अगले 24 घंटों में अलग-अलग सिस्टम सक्रिय

फिर मौसम बिगड़ने की संभावना अगले पांच दिनों तक मिलेगी गर्मी से राहत

बिलासपुर/नवप्रदेश। *छत्तीसगढ़ में मौसम एक बार फिर करवट बदलने वाला है। मौसम विभाग के मुताबिक जिले में अगले 24 घंटों में अधिकतम तापमान में कोई खास बदलाव नहीं होगा, लेकिन इसके बाद तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है। इसके साथ ही अगले पांच दिनों तक प्रदेश के कुछ स्थानों पर मेघ गर्जन, तेज हवा चलने और हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना जताई गई है।*

पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गर्जना, वज्रपात, तेज हवा और ओलावृष्टि के साथ हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई। प्रदेश में सबसे अधिक तापमान 38 डिग्री सेल्सियस बिलासपुर दर्ज किया गया। पश्चिमी हवाओं में बनी द्रोणिका उत्तर बिहार से सिक्किम से उत्तर ओडिशा तक पश्चिम बंगाल और झारखंड होते हुए उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश तक समुद्र तल से 3.1 से 5.8 किमी ऊपर तक फैली हुई है। एक ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण पूर्वी मध्य प्रदेश और उसके आसपास समुद्र तल से 1.5 किमी ऊपर स्थित है। एक द्रोणिका पूर्वी मध्य प्रदेश के ऊपर चक्रवाती परिसंचरण से छत्तीसगढ़, झारखंड होते हुए पश्चिम बंगाल के गंगा के मैदान तक स्थित है तथा समुद्र तल से 1.5 किमी ऊपर तक फैली हुई है। दक्षिण मध्य प्रदेश से दक्षिण आंतरिक कर्नाटक तक बनी द्रोणिका अब पूर्वी मध्य प्रदेश के ऊपर बने उपरोक्त चक्रवाती परिसंचरण से लेकर मराठवाड़ा और उत्तर आंतरिक कर्नाटक होते हुए दक्षिण आंतरिक कर्नाटक तक स्थित है तथा औसत समुद्र तल से 1.5 किमी ऊपर तक फैली हुई है।

उत्तरी छत्तीसगढ़ में बूंदा-बांदी की संभावना

जिले में एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा की संभावना है। साथ ही कुछ स्थानों पर तेज हवाएं और गरज के साथ बारिश की चेतावनी भी जारी की गई है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर मेघ गर्जन तथा तेज हवा के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।

एनएसयूआई ने एयू में अनियमितताओं को लेकर कुलपति को सौंपा ज्ञापन

बिलासपुर/नवप्रदेश। आज एनएसयूआई प्रदेश सचिव रंजेश सिंह ने लगातार विश्वविद्यालय में व्याप्त वृहद भ्रष्टाचार, वित्ती अनियमितता, भर्ती प्रक्रिया आरक्षण रोस्टर में गड़बड़ी, स्थाई कुलसचिव नियुक्ति, ग्रेड 3 के कर्मचारी को ग्रेड 1 की श्रेणी का प्रभार कुलपति द्वारा इसके अलावा सहायक कुलसचिव की उप कुलसचिव के पद में प्रमोशन देना और मुंबई की कंपनी 50 लाख अग्रिम राशि बिना टेंडर बिना टेंडर पुनः एमआईसीएस भोपाल को एक पत्र के माध्यम से वर्क ऑर्डर देकर करोड़ों का लगातार किया जा रहा भुगतान ऑडिट आपत्ति के बाद भी इसी संबंध सबंधित में भर्ती प्रक्रिया में न्यायालय में मामला होने के बाद भी की गई भर्ती के संबंध में भी शिकायत रखी गई जिस पर कुलपति ने न्यायालय की निर्णय पर भर्ती रद्द करने की बात कही , साथ ही पिछले 4 वर्ष से वार्षिक बजट तैयार करने के नाम पर बिना किसी विश्विद्यालयिंन व प्रशासनिक आदेश के 1महीने का अतिरिक्त मानदेय लेने वाले सभी अधिकारी कमचारियों पर कार्यवाही, साथ में स्थाई कुलसचिव की नियुक्ति हेतु शासन को पत्र लिखने का निवेदन किया गया, साथ में कुलपति द्वारा अपनी निजी प्रचार प्रसार के लिए किए गए पैसे के दुरुपयोग के विषय में आपत्ति दर्ज कराई गई रंजेश सिंह ने कहा कि अगर ज्ञान पथ बनाना ही था तो अटल बिहारी वाजपेई जी, सुभाष चंद्र बोस, स्वामी विवेकानंद, बाबा साहेब, महात्मा गांधी , भगत सिंह जैसे स्वतंत्र सेनानी महानविभूतियों का जिन्होंने देश के प्रति योगदान दिया है।

चर्च ऑफ ख्राईष्ट में प्रभु भोज स्थापना दिवस पर हुई आराधना

बिलासपुर/नवप्रदेश। दुख भोग सप्ताह की संध्याकालीन आराधनाएं, सभी चर्चो में संचालित है। सदूकी, फरीसी, शास्त्री, महायाजक एवं पूरनिये, यीशु मसीह को पकड़ने का षड्यंत्र रच रहे थे। यीशु के शिष्य यहूदा को उन्होंने 30 चांदी के सिक्के दिए और उसने यीशु को पकड़वा दिया। सप्ताह भर मसीहियों ने यीशु पर हुए अन्याय, अत्याचार और दुखों पर मनन चिंतन कर रहे हैं। चर्च ऑफ़ ख्राईष्ट सीएमडी चौक निर्वाचन प्राचीन समूह में पास्टर सुदेशपॉल के मार्गदर्शन में गुरुवार संध्या 6.30 से 8.30 बजे तक प्रभु भोज स्थापना पर्व की आराधना हुई। जिसका संचालन प्रवीण जैसल, बाइबल पठन रेनू अब्राहम, प्रार्थना में अगुवाई एंजेलिना पॉल, शीबा लुईस, सालोमान सिंह और माग्रेट पॉल ने किया। गुड फ्राइडे की आराधना शुक्रवार दोपहर 12 बजे से संध्या 4 बजे तक होगी। गुड फ्राइडे में यीशु के क्रूस पर से कह गए साथ वाणियो पर गहन चिंतन मनन किया जाएगा। सात वाणियों पर क्रमशः मुकेश पाल, अमित बहादुर, प्रीति वालेस, पास्टर शामुएल वालेस, माग्रेट पॉल, एंजेलिना पॉल और पास्टर सुदेश पॉल द्वारा प्रकाश डाला जाएगा। पुनरुत्थान पर्व की आराधना रविवार 20 तारीख को सुबह बपतिस्मा कार्यक्रम से प्रारंभ होगी । सुबह 10 बजे पुनरुत्थान पर्व की आराधना का संचालन राकेश पॉल और उपदेश सीनियर पास्टर सुदेशपॉल द्वारा प्रचारित किया जाएगा।

भोज वितरित

प्रभु भोज वितरण नॉर्मल हेनरी, अनूप लवंग, सनी लुईस, दिनेश दास और भेंट की सेवकाई प्रिया जैसल, जेनिफर पॉल, प्रगति सिंह और निवेदिता पॉल ने किया। पास्टर सुदेश पॉल ने अपने उपदेश में आज के महत्व को वर्णित करते हुए बताया कि यीशु मसीह की यह हार्दिक इच्छा थी , कि दुःख उठाने से पहले अपने चेलों के साथ फसह का भोजन करूं, जब वह आपस में भोजन कर रहे थे, तो यीशु ने रोटी ली और आशीष मांगकर तोड़ी फिर कटोरा लिया और कहां यह रोटी मेरी देह , एवं कटोरा मेरे लहू में नई वाचा है, जब कभी तुम इसमें से खाओ और पियो तो मेरी मृत्यु को स्मरण किया करना। चर्च में प्रति रविवार इस विधि का पालन किया जाता है । इसे यीशु की अंतिम ब्यारी या लास्ट सपर भी कहते हैं ।

मवेशियों से भरा ऑटो जब्त, 4 गिरफ्तार

तखतपुर/नवप्रदेश। तखतपुर थाना पुलिस ने गौ तस्करी की सूचना पर कार्रवाई करते हुए चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से गौवंशियों को छुड़ाया गया। साथ ही एक नीले रंग का ऑटो जब्त किया गया। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम बीजा में कुछ लोग ऑटो में गौवंशियों को भरकर बूचड़खाने ले जाने की तैयारी कर रहे हैं। सूचना मिलते ही उच्चाधिकारियों को जानकारी दी गई।

लापरवाही : दो मासूमों की मौत मामले में झोलाछाप डॉक्टर गिरफ्तार

बिलासपुर /नवप्रदेश। कोटा थाना क्षेत्र के अंतर्गत चौकी बेलगहना में एक झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही के कारण दो मासूम बच्चों की मौत का सनसनीखेज मामला सामने आया था। पुलिस ने आरोपी दीपक गुप्ता उर्फ चिंटू गुप्ता 37 वर्ष निवासी टेंगनमाडा करवा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार 17 जुलाई 2024 को करवा निवासी जब्बार अली ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके दोनों पुत्र इरफान अली 13 वर्ष और इमरान अली 14 वर्ष की झोलाछाप डॉक्टर चिंटू गुप्ता द्वारा किए गए गलत इलाज से मृत्यु हो गई है। इस सूचना पर पुलिस ने मर्ग क्रमांक दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की गहराई से जांच की गई, जिसमें एफएसएल रिपोर्ट, हिस्टोपैथोलॉजिकल रिपोर्ट सहित सभी वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्रित किए गए। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि आरोपी दीपक गुप्ता के पास कोई वैध चिकित्सा लाइसेंस नहीं था और वह अवैध रूप से इलाज कर रहा था। आरोपी की लापरवाही और अयोग्यता के चलते दोनों बच्चों की जान चली गई। साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 105 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के निर्देशानुसार आरोपी की त्वरित गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अर्चना झा तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कोटा नूपूर उपाध्याय के मार्गदर्शन में टीम ने 16 अप्रैल 2025 को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड में भेजा गया।इस कार्रवाई में चौकी बेलगहना प्रभारी उप निरीक्षक भावेश शेंडे, सउनि भरत राठौर एवं आरक्षक तरुण केशरवानी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

सीपत क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद, 15 दिनों से घरों में चोरी

सीपत/नवप्रदेश। सीपत नवाडीह में फिर से अब चोरों के हौसले बुलंद हो गए है। लगातार 15 दिन से एक के बाद एक घरों को अज्ञात चोर निशाना बना रहे है। असामाजिक तत्व व चोरों के हौसले इतने बुलंद हो गए है कि सिर्फ लगातार पैसे ही चोरी करते जा रहे है। बाकी अन्य सामानों को नुकसान पहुंचाकर बिखराकर चले जा रहे है। पैसे चोरी करने की फिराक में कई घरों के सीसी कैमरे के तार को काट दिया गया है तो कई घरों के खिड़कियों को तोड़ने व खोलकर घर के अंदर घुसने की कोशिश कर रहे है। अंधेरे का फायदा उठाकर चोर फिर से सक्रिय होते जा रहे है। कुछ दिन पहले नवाडीह चौक के एक किराना दुकान को निशाना बनाकर हजारों की चोरी कर ली गई थी, फिर से सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे है। बुधवार को बड़ी संख्या में माताचौरा चौक नवाडीह के ग्रामीणों ने पुलिस थाने पहुंचकर टीआई गोपाल सतपथी को घटना के बारे में लिखित शिकायत की है। टीआई ने भी सुरक्षा की दृष्टि से उन्हें गश्त बढाने की बात कही और लाइट की समुचित व्यवस्था कराने अधिकारियों से बात की। ग्रामीणों ने अपने शिकायत में बताया कि महीने भर से लगातार इस माताचौरा मोहल्ले में पांच से छः घरों को अज्ञात चोर निशाना बनाकर ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दे रहे है जिससे पूरे मोहल्ले में भय व आतंक का माहौल बना हुआ है। स्थिति ऐसी बन गई है कि मोहल्लेवासी रात में घर से उठकर बाहर निकलने से डर रहे है। ग्रामीणों में इतनी दहशत बनी हुई है कि अज्ञात चोर उन पर कही प्राणघातक हमला न कर दें।

ग्रामीणों ने पुलिस से की शिकायत

सौ लीटर महुआ शराब सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। आबकारी विभाग ने तखतपुर, मस्तूरी और सीपत में अवैध महुआ शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 5 मामले में 101 लीटर महुआ शराब सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कलेक्टर के आदेश व सहायक आयुक्त आबकारी नवनीत तिवारी के निर्देश पर कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार अलग-अलग मामले में भगवती वर्मा पति परसराम वर्मा घुटकू थाना कोनी से 15 लीटर महुआ शराब, मेघलाल पिता कुल्लूराम निवासी विद्यादिह थाना पचपेड़ी से 9 लीटर महुआ शराब, चंद्रशेखर पिता तुलाराम लोनिया निवासी नरगोड़ा सीपत से 12 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। छ.ग आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) 59(क) का प्रकरण दर्ज किये जाकर आरोपियों को जेल निरुद्ध किया गया। एक प्रकरण भीलमी थाना सीपत में जिसमे 20 लीटर महुआ शराब एवं दूसरा प्रकरण सुकुलकारी थाना पचपेड़ी में जिसमे 40 लीटर महुआ शराब लावारिस जब्त किये जाकर विवेचना में लिया। कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी कल्पना राठौर, आबकारी उपनिरीक्षक एश्वर्या मिंज, रमेश दुबे एवं स्टाफ उपस्थित थे।

अभियान बिलासपुर पुलिस और यूनिसेफ का संयुक्त अभियान

नाबालिग बच्चों के पुनर्वास और सामाजिक पुनः एकीकरण के लिए विशेष पहल

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासगुड़ी चेतना हॉल में आयोजित बिलासपुर पुलिस और यूनिसेफ द्वारा विधि से संघर्षरत बच्चों के पुनर्वास व सामाजिक पुनः एकीकरण हेतु एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। आईजीपी बिलासपुर डॉ. संजीव शुक्ला के निर्देशन में यूनिसेफ ने बिलासपुर पुलिस और काउंसिल टू सिक्योर जस्टिस के सहयोग से एक समग्र कार्यक्रम लागू किया है, जिसका उद्देश्य बिलासपुर को डाइवर्ज़न आधारित हस्तक्षेपों के लिए एक मॉडल ज़िला बनाना है।

यह पहल उन बच्चों को संरचित सहायता और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए डिज़ाइन की गई है जो क़ानून के साथ संघर्ष में हैं, और इसका मुख्य ध्यान उनके पुनर्वास और सामाजिक पुनःएकीकरण पर है। कार्यक्रम के प्रारंभिक चरणों से प्राप्त जानकारियों से यह महत्वपूर्ण आवश्यकता उजागर हुई कि इन बच्चों की ज़रूरतों को बेहतर ढंग से पूरा करने के लिए विभागों के बीच संचार और समन्वय को सुदृढ़ किया जाना चाहिए। इसी के मद्देनज़र, पहली ज़िला स्तरीय समन्वय बैठक 3 अप्रैल 2024 को पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय, बिलासपुर में आयोजित की गई। यह बैठक प्रमुख हितधारकों के बीच संवाद को प्रोत्साहित करने और हस्तक्षेप रूपरेखाओं को मजबूत करने के लिए सहयोगात्मक रणनीतियों की खोज हेतु एक मंच के रूप में कार्यरत रही।

मौजूदा तंत्र को मजबूत करना मुख्य उद्देश्य

संबंधित सरकारी निकायों, नागरिक समाज संगठनों और सीएसआर पहलों के बीच सहयोग और समन्वय को मज़बूत करना ताकि हस्तक्षेप और अधिक प्रभावशाली बन सकें। पहली बैठक के दौरान पहचाने गए कार्य बिंदुओं पर प्रगति की समीक्षा करना और मौजूदा तंत्र को मजबूत करने तथा नई पहल शुरू करने के अवसरों की खोज करना। कानून के साथ संघर्ष में आए बच्चों के अधिकारों और कल्याण की रक्षा हेतु मौजूदा योजनाओं, कार्यक्रमों और नीतियों के क्रियान्वयन और सुधार के लिए व्यावहारिक और क्रियान्वयन योग्य सिफारिशों को विकसित करना। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बिलासपुर रजनेश सिंह आईपीएस द्वारा सभी थाना चौकी प्रभारियों और सभी राजपत्रित अधिकारियों को ऐसे प्रकरण को गंभीरता से ले कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए।

न्यूज़ गैलरी

जो गड़बड़ करेगा कार्रवाई होगी, ईडी-सीबीआई के गलत इस्तेमाल के आरोपों पर दो टूक

नई दिल्ली। विपक्ष की ओर से ईडी और सीबीआई के गलत प्रयोग की अलोचनाओं पर बोलते हुए जितिन प्रसाद ने कहा कि विपक्ष मुद्दाविहीन है। उनके पास देश के लिए कोई पॉलिसी नहीं है। मोदी सरकार ने जो काम किए हैं वे सबके सामने हैं। अगर यह विपक्ष को नहीं दिखता है, तो यह उनकी परेशानी है। जहां तक ईडी और सीबीआई कर्रवाई की बात है, तो सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति है। जो गड़बड़ करेगा कार्रवाई होगी।देश की विपक्षी पार्टियां ईडी और सीबीआई के गलत इस्तेमाल का आरोप लगाकर केंद्र सरकार की अलोचना करती रही है। केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने गुरुवार को लखनऊ में अमर उजाला संवाद के मंच पर इन आलोचनाओं का जवाब दिया। विपक्ष की ओर से ईडी और सीबीआई के गलत प्रयोग की अलोचनाओं पर बोलते हुए जितिन प्रसाद ने कहा कि विपक्ष मुद्दाविहीन है। उनके पास देश के लिए कोई पॉलिसी नहीं है। मोदी और योगी सरकार ने जो काम किए हैं वे सबके सामने हैं। एयरपोर्ट बने हैं। हाइवे बने हैं। उत्तर प्रदेश का पूरे विश्वभर में पहचान बनी है। यह किसी से छिपा तो नहीं है। अब अगर विपक्ष इसपर कुछ नहीं कर पा रही है तो यह विपक्ष की हताशा है। ईडी-सीबीआई के गलत इस्तेमाल पर जितिन प्रसाद ने कहा कि कानून अपना काम कर रहा है। कानून और एजेंसियां अपने मुताबिक काम करतीं हैं। जो गड़बड़ करेगा उस पर कार्रवाई होगी। सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाती है। कोई भी बख्शा नहीं जाता है और यह सबके समान चीज है। जितिन प्रसाद ने कहा कि विपक्ष क्या कह रहा है, इस पर मैं नहीं जाना चाहता हूं। मैं तो देश की जनता को बताना चाहता हूं कि जो कार्य हो रहे हैं, भारत की गरिमा, भारत की प्रतिष्ठा, भारत के काम, भारत का डंका जो बज रहा है विश्व भर में वह सबके सामने है।

फिच ने भारत का वृद्धि दर अनुमान 10 आधार अंक घटाकर 6.4 फीसदी किया

नई दिल्ली। फिच रेटिंग्स ने वैश्विक व्यापार युद्ध से जुड़ी गंभीर चिंताओं को देखते हुए भारत की वृद्धि दर के अनुमान को घटा दिया है। एजेंसी ने गुरुवार को चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को 10 आधार अंक घटाकर 6.4 प्रतिशत कर दिया। फिच रेटिंग्स ने वैश्विक व्यापार युद्ध से जुड़ी गंभीर चिंताओं को देखते हुए भारत की वृद्धि दर के अनुमान को घटा दिया है। एजेंसी ने गुरुवार को चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को 10 आधार अंक घटाकर 6.4 प्रतिशत कर दिया। हालांकि, अगले वित्त वर्ष के लिए एजेंसी ने अपने अनुमानों को बरकरार रखा है। फिच ने तिमाही वैश्विक आर्थिक परिदृश्य (जीईओ) पर अपने विशेष अपडेट में कहा, ÷अमेरिकी व्यापार नीति के बारे में पूरे विश्वास के साथ भविष्यवाणी करना कठिन है। नीतिगत अनिश्चितता के कारण व्यापार निवेश की संभावनाएं प्रभावित हो रही हैं, इक्विटी कीमतों में गिरावट से घरेलू संपत्ति में कमी आ रही है, तथा अमेरिकी निर्यातकों पर जवाबी कार्रवाई का असर पड़ेगा। फिच ने अपने मार्च जीईओ से 2025 में विश्व विकास अनुमानों में 0.4 प्रतिशत अंकों की कटौती की तथा चीन और अमेरिका की वृद्धि में 0.5 प्रतिशत अंकों की कटौती की। इसमें कहा गया है, वैश्विक व्यापार युद्ध में हाल ही में हुई तीव्र वृद्धि के जवाब में फिच रेटिंग्स के विश्व विकास के पूर्वानुमानों को तेजी से कम कर दिया गया है। इस वर्ष विश्व विकास दर 2 प्रतिशत से नीचे आने का अनुमान है; महामारी को छोड़कर, यह 2009 के बाद से सबसे कमजोर वैश्विक विकास दर होगी। भारत के बारे में फिच ने वित्त वर्ष 2024-25 और मौजूदा वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी वृद्धि अनुमान में 10 आधार अंकों की कटौती कर क्रमश÷ 6.2 प्रतिशत और 6.4 प्रतिशत कर दिया है।

जियो भारत फोन में यह सेवा बिना किसी अतिरिक्त शुल्क और डिवाइस के उपलब्ध

राजस्थान में छोटे व्यापारियों के लिए जियो साउंड पे ने आसान बनाया यूपीआई भुगतान

जयपुर। रिलायंस जियो के जियो भारत फोन का साउंड पे फीचर राजस्थान में छोटे व्यापारियों के लिए यूपीआई भुगतान को आसान और किफायती बना रहा है। जहां अन्य यूपीआई प्लेटफॉर्म 125 रुपए प्रति माह चार्ज करते हैं, वहीं जियो भारत फोन में यह सेवा बिना किसी अतिरिक्त शुल्क और डिवाइस के उपलब्ध है। इस सुविधा के जरिए व्यापारियों को रियल-टाइम ऑडियो पेमेंट अलर्ट मिलता है।

राजस्थान में लगभग 26.87 लाख एमएसएमई संचालित हैं, जिनमें थोक और खुदरा व्यापारी भी शामिल हैं। उनके लिए जियो भारत फोन एक किफायती डिजिटल लेनदेन उपकरण साबित हो रहा है। सिर्फ 699 रुपए की कीमत में मिलने वाला यह 4जी फोन सालाना 1500 रुपए की बचत कराता है। साथ ही, इसमें जियो पे, जियो सिनेमा, जियो सावन और 455 प्लस लाइव टीवी चैनल जैसी सुविधाएं भी मिलती हैं। अजमेर की ई-मित्र संचालक गायत्री तुनवाल ने बताया कि अब वह यूपीआई भुगतान की जानकारी के लिए एंड्रॉयड फोन की जगह जियो भारत फोन इस्तेमाल कर रही हैं। उनका फोन यूपीआई पेमेंट की सूचना खुद देता है, जिससे महंगे साउंड बॉक्स की जरूरत खत्म हो गई।सवाई माधोपुर के मोबाइल दुकानदार दीपेश जैन ने बताया कि जहां अन्य प्लेटफॉर्म केवल भुगतान अलर्ट प्रदान करते हैं, वहीं जियो भारत फोन एक संपूर्ण डिजिटल पैकेज है, जो मनोरंजन और अन्य आवश्यक ऐप्स की सुविधा भी देता है। जयपुर के अचरोल क्षेत्र के बन्ना गुर्जर ने कहा, जियो भारत फोन पर स्विच करने से न केवल पैसे की बचत हुई है, बल्कि डिजिटल लेन-देन भी आसान हो गया है।जियो भारत फोन की यह सुविधा छोटे व्यापारियों के लिए यूपीआई भुगतान को अधिक किफायती और सुविधाजनक बना रही है।

बीते 24 घंटे में 1,477 रुपये प्रति 10 ग्राम की बढ़ोतरी

सोने ने बना डाला नया रिकार्ड, खरीदने वालों को अब जेब करनी होगी ढीली

नई दिल्ली। गोल्ड की कीमतों में लगातार तेजी जारी है और बुधवार को नया ऑल टाइम हाई बनाया। आईबीजेए के मुताबिक, 24 कैरेट गोल्ड की कीमत में बीते 24 घंटे में 1,477 रुपये प्रति 10 ग्राम की बढ़ोतरी हुई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार, 24 कैरेट के गोल्ड की कीमत 1,477 रुपये बढ़कर 94,579 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि पहले 93,102 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। 22 कैरेट गोल्ड के दाम बढ़कर 92,310 रुपये प्रति 10 ग्राम और 18 कैरेट गोल्ड की कीमत भी बढ़कर 76,610 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है। हाजिर बाजार के साथ वायदा बाजार में भी गोल्ड की कीमतों में तेजी देखी जा रही है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर गोल्ड के 6 जून 2025 के कॉन्ट्रैक्ट का भाव 1.90 प्रतिशत बढ़कर 95,435 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी गोल्ड की कीमतें ऑल-टाइम हाई पर बनी हुई है। गोल्ड के दाम 3,320 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गए हैं। गोल्ड के दाम में तेजी की वजह वैश्विक स्तर पर अस्थिरता को माना जा रहा है। इसके अलावा अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ वार से लोग सुरक्षित माने जाने वाले गोल्ड में निवेश कर रहे हैं, जिससे गोल्ड की कीमतों को सहारा मिल रहा है। कोटक सिक्योरिटीज में कमोडिटी रिसर्च की सहायक उपाध्यक्ष, कायनात चैनवाला ने कहा कि बढ़ते व्यापार युद्ध से जुड़ी चिंताओं के कारण गोल्ड ने रिकॉर्ड ऊंचाई को छुआ।उन्होंने आगे कहा कि ट्रंप के नवीनतम नीतिगत कदमों से वैश्विक स्तर पर निवेशकों में घबराहट बढ़ रही है। निवेशक अब आगामी अमेरिकी खुदरा बिक्री डेटा और फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल के भाषण पर कड़ी नज़र रख रहे हैं, जो बुधवार को होने वाला है।2025 की शुरुआत से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपये से 18,417 रुपये या 24 प्रतिशत बढ़कर 94,579 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है।

वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत के परिधान निर्यात में जबरदस्त उछाल

नई दिल्ली। भारतीय वस्त्र उद्योग परिसंघ (सीआईटीआई) के अनुसार, 31 मार्च, 2025 को समाप्त चालू वित्त वर्ष के दौरान भारत के वस्त्र और परिधान निर्यात में पिछले वर्ष की तुलना में 6.32 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इस वृद्धि के लिए परिधान क्षेत्र अहम रहा। एक विश्लेषण से पता चलता है कि वस्त्र और परिधान के निर्यात में यह वृद्धि मुख्य रूप से परिधान निर्यात के कारण हुई है, जिसमें चालू वित्त वर्ष के दौरान 10.03 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।सीआईटीआई के अध्यक्ष राकेश मेहरा ने कहा, वैश्विक चुनौतियों के बीच परिधान निर्यात में मजबूत प्रदर्शन और वस्त्रों में स्थिर वृद्धि भारतीय वस्त्र और परिधान उद्योग की मजबूती, अनुकूलनशीलता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा क्षमता को उजागर करती है।

कैरियर माइडिया इंडिया ने पैन-इंडिया स्टार रश्मिका को माइडिया एचवीएसी का ब्राण्ड अम्बेसडर बनाया

पटना। भारतीय एयर कंडीशनिंग उद्योग में जाने-माने नाम कैरियर माइडिया इंडिया ने एचवीएसी कैटेगरी में अपने माइडिया ब्राण्ड के लिए अभिनेत्री रश्मिका मंदाना को ब्राण्ड अम्बेसडर नियुक्त किया है। भारत में एयर कंडीशनिंग के प्रतिस्पर्धी बाज़ार में माइडिया एचवीएसी की स्थिति को मजबूत बनाना और मार्केटिंग के ज़रिए ब्राण्ड की पंहुच बढ़ाना इस साझेदारी का मुख्य उद्देश्य है। यह साझेदारी ऐसे समय में की गई है जब बढ़ते शहरीकरण, बढ़ती डिस्पोज़ेबल आय और उर्जा दक्ष कूलिंग समाधानों पर बढ़ते फोकस के साथ भारत का एयर कंडीशनिंग सेगमेन्ट विकास के दौर से गुज़र रहा है। उम्मीद है कि अगले पांच सालों में यह सेक्टर अच्छी दर से विकसित होगा, जिससे विश्वस्तरीय एवं स्वदेशी प्लेयर्स के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी।इस साझेदारी पर बात करते हुए संजय महाजन, चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, कैरियर माइडिया इंडिया ने कहा, ''भारत का एयर कंडीशनिंग उद्योग तेज़ी से विकसित हो रहा है और उपभोक्ता ऐसे ब्राण्ड्स की उम्मीद रखते हैं जो न सिर्फ उनके लिए शानदार प्रोडक्ट्स लेकर आएं बल्कि उनके साथ भावनात्मक संबंध भी बनाएं।

CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION COMPANY LIMITED
(A Chhattisgarh Government Undertaking) (A Successor Company of CSEB)
OFFICE OF THE ADDL.C.E (S&P) Dr. SPM TPS, KORBA (EAST), DISTT: KORBA, PIN: 495677 (C.G.)
PHONE NO. - (07759) 228501, TELEFAX -228501 Email: sepnw.dspmke@cspc.co.in

E-TENDER NOTICE NO.-3045/2025

Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from Experienced Contractors/bidders for the work as mentioned belowforDSPM TPS, CSPGCL, Korba (East):-

S.N.	Tender Specification No.	Rfx No. (E-Tender No.)	Particulars	Qty	Last Date/ Time of submission of bid.	E.M.D. (Rs)	Tender Cost
1.	16-06/DSPM TPS/S&P /TMD/T-3126/2025	8100042674	Work Contract for Insulation of pipe lines and valves of T.G. Set in DSPM TPS, CSPGCL, Korba East during AOH of unit#1.	As per tender schedule	07.05.2025 15:30 Hrs	9730/-	590/-

NOTES:-(1)For more details, Tender Documents along with Annexures visit our website :-http://www. cspc.co.in > ebidding > ebidding web portal ORhttp://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal. [Helpline no. 0771-2576672 (EITC, CSPDCL) between 11.00 AM to 05.30 PM on all working days]Any Corrizendum / amendment, if required, shall be displayed on above website only.

SAVE ELECTRICITY S.-43563/2 SUPRINTENDING ENGINEER (Contract) DSPM TPS, CSPGCL, KORBA, EAST

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भू-अर्जन अधिकारी अनुविभाग-पाली, जिला-कोरबा (छ.ग.)

-: लोक सूचना-पत्र :-

क्रमांक//अ.वि.अ.(रा.)/भू-अर्जन/2025 पाली, दिनांक 2025

(भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-21 के तहत्।)

भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकारी अधिनियम 2013(जिसे इसमें इसके पश्चात उक्त अधिनियम कहा गया है)की धारा 21 के अधीन छ.ग. राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना से उपबद्ध अनुसूची मे विनिर्दिष्ट भूमि को छ.ग. राज्य में **ए.डी.बी. परियोजना लोन-3 के अंतर्गत पैकेज-23, पाली- सिल्ली मार्ग लम्बाई 21.481 कि.मी. के उन्नयन एवं पनुनिर्माण कार्य** के निष्पादन के लिए अर्जित करने के अपने आशय की घोषणा की थी और उक्त अधिनियम की धारा 19 के अधीन उक्त अधिसूचना का सार दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया था।

अतः अब राज्य शासन सक्षम अधिकारी के उक्त रिपोर्ट प्राप्त होने पर और अधिनियम 2013 की धारा 21 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यह घोषणा करती है कि इससे उपबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जित की जायेगी।

और यह कि राज्य शासन उक्त अधिनियम की धारा 21 के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशित होने पर इससे उपबद्ध अनुसूचि में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर राज्य शासन में आत्यांतिक रूप से निहित हो जायेगी।

और यह कि, ये अधिसूचना छ.ग. राज्य शासन के राजपत्र में दिनांक 28.02.2025 को प्रकाशित की जा चुकी है।

और यह कि, राज्य शासन द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 21 के अनुसरण में उपयुक्त वर्णित भूमि में हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि व्यक्तिगत रूप से या किसी अभिकर्ता या विधि व्यवसायी के माध्यम से सक्षम अधिकारी अर्थात अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाली के सम्मुख दिनांक 29.04.2025 को प्रातः 11:00 बजे उपस्थित होकर अपने हित की प्रकृति का कथन साक्ष्यों सहित कर सकता है।

क्र.	खसरा	रबका (हे.में)
ग्राम पोलमी, प.ह.नं.11, रा.नि.मं.पोंडी तहसील पाली, जिला कोरबा (छ.ग.)खसरा नंबर		
1	98	0.0670
2	99	0.0430
3	123/3	0.1520
4	38/1 ड.	0.0250
5	122/2	0.0160
6	37/14	0.0010
7	18/12	0.0130
8	15/1	0.0110
9	8/1/क/29, 369/1/क/15	0.0020
10	8/1/क/21, 369/1/थ	0.0110
11	369/1/न/3	0.0020
12	366/1, 369/1/म/1	0.0040
13	369/1/म/8	0.0040
14	369/1/म/7	0.0040
15	15/3	0.0130
16	369/1/ख/3	0.0089
17	369/1/क/39	0.0160
18	369/1/ढ.	0.0120
19	369/1/क/21	0.0053
योग	**19[KLJS**	**0.4102**

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भू-अर्जन अधिकारी
जी-252600341/2 अनुविभाग-पाली, जिला-कोरबा (छ.ग.)

रियल मैड्रिड को हराकर आर्सेनल सेमीफाइनल में बायर्न म्यूनिख को हराकर इंटर मिलान अंतिम-चार में

मैड्रिड। आर्सेनल ने पिछले सप्ताह लंदन में खेले गए क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में 3-0 से जीत हासिल की थी और इस तरह से उसने रियल मैड्रिड को कुल मिलाकर 5-1 से करारी शिकस्त दी। वहीं, इंटर मिलान ने बायर्न म्यूनिख को एग्रीगेट के आधार पर 4-3 से हराया। आर्सेनल ने बुधवार को गत चैंपियन रियल मैड्रिड को क्वार्टर फाइनल के दूसरे चरण में 2-1 से हराकर 2009 के बाद पहली बार चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

वहीं, बेंजामिन पावर्ड के गोल की बदौलत इंटर मिलान ने बुधवार को बायर्न म्यूनिख को क्वार्टर फाइनल के दूसरे चरण में 2-2 से रोक दिया। इस तरह मिलान की टीम चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में पहुंच गई। इससे पहले पीएसजी और बार्सिलोना भी अंतिम चार में पहुंच चुके हैं और सेमीफाइनल के मुकाबले तय हो गए हैं। अंतिम चार में पीएसजी का सामना आर्सेनल से और बार्सिलोना का सामना इंटर मिलान से होगा। इंटर मिलान ने क्वार्टर फाइनल का पहला चरण 2-1 से जीता था और इस तरह से उसने 4-3 के कुल स्कोर से जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की। फ्रांस के अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी पावर्ड 2023 में बायर्न को छोड़कर इंटर मिलान से जुड़े थे।

यह इंटर के लिए पावर्ड का पहला गोल था। हैरी केन ने दूसरे हाफ की शुरुआत में ही गोल करके बायर्न म्यूनिख को कुल स्कोर में बराबरी दिला दी थी लेकिन लुटारो मार्टिनेज और पावर्ड के गोल से इंटर मिलान ने जल्द ही अपनी बढ़त मजबूत कर दी। बायर्न म्यूनिख की तरफ से 76वें मिनट में एरिक डियर ने बराबरी का गोल दागा, लेकिन इससे कुल स्कोर में हार का अंतर ही कम हो पाया। आर्सेनल ने पिछले सप्ताह लंदन में खेले गए क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में 3-0 से जीत हासिल की थी और इस तरह से उसने रियल मैड्रिड को कुल मिलाकर 5-1 से करारी शिकस्त दी। आर्सेनल ने इस तरह से पहली बार यूरोप की शीर्ष क्लब प्रतियोगिता जीतने की संभावना बरकरार रखी। सेमीफाइनल में उसका मुकाबला पेरिस सेंट-जर्मेन से होगा। दूसरा सेमीफाइनल बार्सिलोना और इंटर मिलान के बीच खेला जाएगा।

कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

ई-मेल :-mandi.durg.cg@gmail.com

क्रमांक/मंडी/निर्माण/दुर्ग/2025-26/10 दुर्ग, दिनांक 04/04/2025

-:: मैन्युअल निविदा आमंत्रण सूचना ::-

कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.) के अंतर्गत निम्न दर्शित निर्माण कार्य/स्थल एवं कार्य के सम्मुख दर्शित लागत अनुसार कार्य कराये जाने हेतु छ.ग. लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबंद निविदाएँ केवल पंजीकृत डाक से चार लिफाफा पद्धति से दिनांक 15.05.2025 को सायं 05.30 बजे तक छ.ग. शासन लो.नि.वि. भवन/ सड़क कार्य हेतु दिनांक 01.01.2015 से एवं विद्युत कार्य दिनांक 01.07.2015 से प्रभावशील एसओआर एवं इस निविदा के जारी दिनांक तक संशोधित दर अनुसूची के आधार पर निविदा प्रपत्र-अ (प्रतिशत दर) में सचिव, कृषि उपज मण्डी समिति दुर्ग, जिला दुर्ग (छ.ग.) में आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं इस कार्यालय में उपस्थित ठेकेदारों/ प्रतिनिधियों के समक्ष दिनांक 20.05.2025 को दोपहर 02.00 बजे से खोली जावेगी।

1- निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि :- 02.05.2025 को सायं 05.30 बजे तक
2- निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की अंतिम तिथि :- 09.05.2025 को सायं 05.30 बजे तक
3- निविदा प्रपत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि :- 15.05.2025 को सायं 05.30 बजे तक
4- निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि :- 20.05.2025 को दोप. 02.00 बजे से

निर्माण कार्यों का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	निर्माण कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रु.लाख में)	अमानत की राशि लाख रु.में	ठेकेदार की श्रेणी	समयावधि (वर्षाऋतु सहित)	निविदा प्रपत्र का मूल्य
1	2	3	4	5	6	7
1	जिला दुर्ग वि.खं. पाटन अंतर्गत ग्राम सोनपुर सेवा सरकारी समिति में बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य।	19.30	14500/-	''द'' एवं उच्च	03 माह	1000/-
2	जिला दुर्ग वि.खं. पाटन अंतर्गत ग्राम बठेना सेवा सहकारी समिति में बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य।	19.30	14500/-	''द'' एवं उच्च	03 माह	1000/-
3	जिला दुर्ग वि.खं. पाटन अंतर्गत ग्राम डंगनिया सेवा सहकारी समिति में बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य।	19.30	14500/-	''द'' एवं उच्च	03 माह	1000/-
4	जिला दुर्ग वि.खं. पाटन अंतर्गत ग्राम केसरा सेवा सहकारी समिति में बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य।	19.30	14500/-	''द'' एवं उच्च	03 माह	1000/-
5	जिला दुर्ग वि.खं. पाटन अंतर्गत ग्राम सोरम सेवा सहकारी समिति में बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य।	19.30	14500/-	''द'' एवं उच्च	03 माह	1000/-
6	जिला दुर्ग वि.खं. पाटन अंतर्गत ग्राम सोनपुर सेवा सहकारी समिति में 200 मे. टन गोदाम निर्माण कार्य।	12.11	9100/-	''द'' एवं उच्च	04 माह	1000/-
7	जिला दुर्ग वि.खं. पाटन अंतर्गत ग्राम बठेना सेवा सहकारी समिति में 200 मे. टन गोदाम निर्माण कार्य।	12.11	9100/-	''द'' एवं उच्च	04 माह	1000/-
8	जिला दुर्ग वि.खं. पाटन अंतर्गत ग्राम तेलीगुण्डरा सेवा सरकारी समिति में 200 मे. टन गोदाम निर्माण कार्य।	12.11	9100/-	''द'' एवं उच्च	04 माह	1000/-
9	जिला दुर्ग वि.खं. पाटन अंतर्गत ग्राम डंगनिया सेवा सहकारी समिति में 200 मे. टन गोदाम निर्माण कार्य।	12.11	9100/-	''द'' एवं उच्च	04 माह	1000/-
10	जिला दुर्ग वि.खं. पाटन अंतर्गत ग्राम केसरा सेवा सहकारी समिति में 200 मे. टन गोदाम निर्माण कार्य।	12.11	9100/-	''द'' एवं उच्च	04 माह	1000/-
11	जिला दुर्ग वि.खं. पाटन अंतर्गत ग्राम सोनपुर सेवा सहकारी समिति में कव्हर्ड शेड निर्माण कार्य।	19.13	14400/-	''द'' एवं उच्च	04 माह	1000/-
12	जिला दुर्ग वि.खं. पाटन अंतर्गत ग्राम बठेना सेवा सहकारी समिति में कव्हर्ड शेड निर्माण कार्य।	19.13	14400/-	''द'' एवं उच्च	04 माह	1000/-
13	जिला दुर्ग वि.खं. पाटन अंतर्गत ग्राम तेलीगुण्डरा सेवा सहकारी समिति में कव्हर्ड शेड निर्माण कार्य।	19.13	14400/-	''द'' एवं उच्च	04 माह	1000/-
14	जिला दुर्ग वि.खं. पाटन अंतर्गत ग्राम डंगनिया सेवा सहकारी समिति में कव्हर्ड शेड निर्माण कार्य।	19.13	14400/-	''द'' एवं उच्च	04 माह	1000/-
15	जिला दुर्ग वि.खं. पाटन अंतर्गत ग्राम सोरम सेवा सहकारी समिति में कव्हर्ड शेड निर्माण कार्य।	19.13	14400/-	''द'' एवं उच्च	04 माह	1000/-
16	जिला दुर्ग वि.खं. पाटन अंतर्गत ग्राम भरर सेवा सहकारी समिति में कव्हर्ड शेड निर्माण कार्य।	19.13	14400/-	''द'' एवं उच्च	04 माह	1000/-
17	जिला दुर्ग वि.खं. पाटन अंतर्गत ग्राम फेकारी सेवा सहकारी समिति में कव्हर्ड शेड निर्माण कार्य।	19.13	14400/-	''द'' एवं उच्च	04 माह	1000/-
18	जिला दुर्ग वि.खं. पाटन अंतर्गत ग्राम बटंग सेवा सहकारी समिति में कव्हर्ड शेड निर्माण कार्य।	19.13	14400/-	''द'' एवं उच्च	04 माह	1000/-
19	जिला दुर्ग वि.खं. पाटन अंतर्गत ग्राम जामगांव सेवा सहकारी समिति में कव्हर्ड शेड निर्माण कार्य।	19.13	14400/-	''द'' एवं उच्च	04 माह	1000/-
20	जिला दुर्ग वि.खं. पाटन अंतर्गत ग्राम सांकरा सेवा सहकारी समिति में कव्हर्ड शेड निर्माण कार्य।	19.13	14400/-	''द'' एवं उच्च	04 माह	1000/-
21	जिला दुर्ग वि.खं. पाटन अंतर्गत ग्राम जमराव सेवा सहकारी समिति में कव्हर्ड शेड निर्माण कार्य।	19.13	14400/-	''द'' एवं उच्च	04 माह	1000/-
22	जिला दुर्ग वि.खं. पाटन अंतर्गत ग्राम झींट सेवा सहकारी समिति में कव्हर्ड शेड निर्माण कार्य।	19.13	14400/-	''द'' एवं उच्च	04 माह	1000/-
23	जिला दुर्ग वि.खं. पाटन अंतर्गत ग्राम घुघवा सेवा सहकारी समिति में कव्हर्ड शेड निर्माण कार्य।	19.13	14400/-	''द'' एवं उच्च	04 माह	1000/-
24	जिला दुर्ग वि.खं. पाटन अंतर्गत ग्राम सावनी सेवा सहकारी समिति में कव्हर्ड शेड निर्माण कार्य।	19.13	14400/-	''द'' एवं उच्च	04 माह	1000/-
25	जिला दुर्ग वि.खं. पाटन अंतर्गत ग्राम कुर्मीगुण्डरा सेवा सहकारी समिति में कव्हर्ड शेड निर्माण कार्य।	19.13	14400/-	''द'' एवं उच्च	04 माह	1000/-
26	जिला दुर्ग वि.खं. पाटन अंतर्गत ग्राम पंदर सेवा सहकारी समिति में कव्हर्ड शेड निर्माण कार्य।	19.13	14400/-	''द'' एवं उच्च	04 माह	1000/-
27	जिला दुर्ग वि.खं. दुर्ग अंतर्गत ग्राम दमोदा में सी.सी. रोड निर्माण कार्य।	4.85	3700/-	''द'' एवं उच्च	02 माह	1000/-
28	जिला दुर्ग वि.खं. दुर्ग अंतर्गत ग्राम खुरसुल में गनियारी मेन रोड से खुर्सीडीह नाला तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य।	6.81	5200/-	''द'' एवं उच्च	02 माह	1000/-
29	जिला दुर्ग वि.खं. दुर्ग अंतर्गत ग्राम पीपरछेड़ी में कुन्तीठाकुर घर से रामकुमार घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य।	6.81	5200/-	''द'' एवं उच्च	02 माह	1000/-
30	जिला दुर्ग वि.खं. दुर्ग अंतर्गत ग्राम मोहलाई में मिनी स्टेडियम से केशव निषाद के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य।	4.85	3700/-	''द'' एवं उच्च	02 माह	1000/-
31	जिला दुर्ग वि.खं. दुर्ग अंतर्गत ग्राम कोटनी में दुर्गा मंदिर से धनेश्वर निषाद के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य।	4.85	3700/-	''द'' एवं उच्च	02 माह	1000/-
32	जिला दुर्ग वि.खं. दुर्ग अंतर्गत ग्राम नगपुरा में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य।	9.64	7300/-	''द'' एवं उच्च	05 माह	1000/-
33	जिला दुर्ग वि.खं. धमधा अंतर्गत गराम बोरी (बुजुर्ग) में डोमा रोड से सनद देशमुख के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य।	18.97	14300/-	''द'' एवं उच्च	02 माह	1000/-

1- निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिए वैद्य पंजीयन, जी.एस.टी. पंजीयन व जी.एस.टी. क्लीयरेन्स प्रमाण पत्र (न्यूनतम 03 माह अवधि के पूर्व का) श्रम कल्याण मंडल (ई.पी.एफ.) का पंजीयन प्रमाण पत्र (निविदा जारी होने मैाह के पिछले लगातार तीन माह के जमा किए गए चालान की प्रति), संस्था में कार्यरत सिविल इंजीनियर का नियुक्ति पत्र एवं सहमति/घोषणा पत्र/ शैक्षणिक प्रमाण पत्र, बैंक साल्वेंसी (एक साल के पुराना न हो एवं अनुमानित लागत का 15 प्रति. की मूल्य का), पेन कार्ड की मूल प्रति अवलोकनार्थ तथा आवेदन सहित समस्त दस्तावेजों की नोटरी से सत्यापित छायाप्रति प्रस्तुत करने के उपरांत दिनांक 02.05.2025 तक कार्यालयीन समय में निर्धारित शुल्क रुपए 1000/- की नगद राशि जमा कर प्राप्त किए जा सकते हैं।

2- अमानत की राशि राष्ट्रीयकृत बैंक से जारी एफ.डी.आर./ टी.डी.आर. या डाक विभाग द्वारा जारी एन.एस.सी. के रूप में **''सचिव कृषि उपड मंडी समिति दुर्ग जिला दुर्ग''** के नाम से देय ही स्वीकार्य होगी।

3- अन्य शर्तें एवं निर्माण कार्य से संबंधित जानकारी कार्यालय में कार्यालयीन समय में दिनांक 02.04.2025 तक देखे/ प्राप्त किए जा सकते हैं, जो कि इस निविदा अनुबंध का अनिवार्य भाग है।

4- इस आमंत्रित निविदा अनुसार उपरोक्त कार्यों के लिए निविदा दर प्रस्तुतीकरण के संदर्भ में लोक निर्माण विभाग छ.ग. शासन का परिपत्र क्रमांक 625/3675/टी/11/19/निविदा रायपुर दिनांक 05.03.2025 द्वारा प्रभावशील नियम लागू/ प्रभावशील है।

5- उपरोक्त कार्य हेतु यदि निविदाकार द्वारा लागू दर/ दर अनुसूची में 10 प्रतिशत के कम दर कोट किया जाता है तो निविदा हेतु स्पेशल शर्तें लागू होगी। तदानुसार अंतर की राशि **''सचिव कृषि उपड मंडी समिति दुर्ग''** के नाम एफ.डी.आर. के रूप में अनुबंध निष्पादन के पूर्व जमा करना होगा। शर्तें की प्रति निविदाओं के साथ प्रदाय की जावेगी।

6- लिफाफा अ में ई.एम.डी. एवं शपथ पत्र, लिफाफा ब में समस्त दस्तावेजों (वैद्य पंजीयन, श्रम कल्याण मंडल (ई.पी.एफ.) का पंजीयन प्रमाण पत्र , बैंक साल्वेंसी, जी.एस.टी. पंजीयन, पेन कार्ड) की मूलप्रति की छायाप्रति, लिफाफा स में निविदा प्रपत्र एवं लिफाफा द में लिफाफा अ, ब एवं स को भरकर प्रस्तुत किया जायेगा तथा लिफाफा द में कार्य क्रमांक एवं कार्य का नाम का स्पष्ट उल्लेख करें।

सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति दुर्ग
जिला-दुर्ग (छ.ग.)

भारसाधक अधिकारी,
कृषि उपज मण्डी समिति दुर्ग
जिला-दुर्ग (छ.ग.)

संवाद-43581/1

सत्यप्रतिलिपि
सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति दुर्ग
जिला-दुर्ग (छ.ग.)

संक्षिप्त खबरें

मिनीमाता बांगो बांध में जल स्तर घटा

कोरबा/नवप्रदेश। जिले की बहुउद्देशीय हसदेव बांगो परियोजना के बांध के जल भराव में आयी कमी से चिंता होने लगी हैं। जानकारी के अनुसार बांध में आज की स्थिति में मात्र 1018.60 मिलियन घन मीटर जल भराव शेष है, जो कुल क्षमता का लगभग 35.19: है। बांध से सिंचाई के लिए जल प्रदाय किया जा रहा है, लेकिन वर्तमान में उपलब्ध जल की मात्रा सीमित है। अनुमान है कि वर्तमान जल प्रदाय दर से केवल 11 से 12 दिनों तक ही सिंचाई के लिए जल उपलब्ध हो पाएगा। बांध में कम से कम 868.80 मिलियन घन मीटर जल भराव रखना आवश्यक है, जो कुल क्षमता का लगभग 30: है। वर्तमान में उपलब्ध जल की मात्रा को देखते हुए, बांध के जल स्तर को बनाए रखने के लिए सावधानी बरतने की आवश्यकता है। कार्यपालन अभियंता ने अधीक्षण अभियंता को पत्र लिखकर मार्गदर्शन मांगा है। आगे की कार्यवाही के लिए जल संसाधन विभाग और संबंधित अधिकारियों के बीच चर्चा जारी है।

सीएम सचिवालय के चार अफसरों का ट्रांसफर

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री सचिवालय में पदस्थ चार अधिकारियों का ट्रांसफर हो गया है। सामान्य प्रशासन से जारी आदेशानुसार राजेश जैन अनुभाग अधिकारी को मुख्यमंत्री सचिवालय से हटाकर पशुधन विकास विभाग, जयंत भगवान कोलते अनुभाग अधिकारी पशुधन विकास विभाग को मुख्यमंत्री सचिवालय, रीमती सरिता शंभरकर सहायक अनुभाग अधिकारी मुख्यमंत्री सचिवालय को राजवि-पुल, जितेश नागवंशी वरिष्ठ सचिवालय सहायक को राजवि पूल भेजा गया है।

ठगी का आरोपी यूपी में चढ़ा पुलिस के हत्थे

रायपुर/नवप्रदेश। थाना माना कैंप क्षेत्र के निवासी रविकांत कटारे से ऑनलाइन क्रेडिट कार्ड एक्टिवेशन के बहाने ठगी करने वाले आरोपी को रायपुर पुलिस ने उत्तर प्रदेश के रायबरेली से गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेन्द सिंह के निर्देश पर लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के तहत की गई। जानकारी के अनुसार, घटना 2 वर्ष 9 माह पुरानी है। दिनांक 16 जुलाई 2023 को प्रार्थी रविकांत कटारे के मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आया, जिसमें खुद को डीबीएस बैंक का प्रतिनिधि बताते हुए आरोपी ने क्रेडिट कार्ड एक्टिवेशन के नाम पर ओटीपी की जानकारी हासिल कर ली। इसके बाद प्रार्थी के क्रेडिट कार्ड से 80,580 रुपये की धोखाधड़ी की गई। प्रकरण दर्ज होने के बाद सायबर सेल की तकनीकी सहायता से आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के रायबरेली निवासी विपीन कुमार पिता छिदई प्रसाद के रूप में हुई। आरोपी विपीन कुमार द्वारा प्रार्थी से ओटीपी लेकर उनके खाते से रुपये अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए गए थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर प्रधान आरक्षक संजय सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रायबरेली में दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक जितेंद्र दुबे, प्रधान आरक्षक संजय सिंह, आरक्षक कमलेश सिंह और सुनील ध्रुव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने आरोपी को रायपुर लाकर आगे की विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है।

सरजूबांधा तालाब को बचाने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के टिकरापारा स्थित प्राचीन सरजूबांधा तालाब में एक बार फिर से अतिक्रमण किया जा रहा है। उमंग कालोनी के पीछे से तालाब को 40-50 फीट तक पाटकर सड़क निर्माण किया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन का भी यहां खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। इसे लेकर आज कांग्रेस नेता कन्हैया अग्रवाल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर तत्काल इस पर उचित कार्यवाही की मांग की है।

आबकारी विभाग की कड़ी कार्रवाई

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार धर-पकड़ अभियान चलाकर अवैध शराब विक्रेताओं के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जा रही है। सहायक आयुक्त आबकारी श्री यदुनंदन राठौर ने बताया कि आबकारी उप निरीक्षक वृत्त राजनांदगाव ग्रामीण तुलेश्वरी देवांगन, मुख्य आरक्षक मिलाप मण्डावी, किशोरी कोर्राम, दीपक सिन्हा द्वारा आबकारी अधिनियम के तहत गवालिडिह नाला के पास अज्ञात 40 बल्क लीटर हाथ भट्ठी कच्ची शराब एवं निर्माण सामग्री, पाईप, झुकनी सहित अन्य सामग्री जब्त किया गया। आबकारी उप निरीक्षक वृत्त डोंगरगढ़ श्री अनिल सिंह, आबकारी मुख्य आरक्षक लाल सिंह राजपूत, भोजराज उइके द्वारा ग्राम बेलगांव में मुकेश राजपूत के कब्जे से देशी मदिरा प्लेन 15 पाव मात्रा कुल 2700 बल्क लीटर एवं ग्राम पलांदूर में मंथिर भारती के कब्जे से विदेशी मदिरा 17 पाव मात्रा कुल 3.060 बल्क लीटर आबकारी अधिनियम के तहत जप्त किया गया।

इसी तरह आबकारी उप निरीक्षक वृत्त चिचोला श्री राजकुमार कुर्रे एवं श्री मनीष रजक, अनिल सिन्हा द्वारा ग्राम बुचाटोला से मासूल मार्ग पर गुमान सिंह के कब्जे से महाराष्ट्र राज्य निर्मित देशी मदिरा संत्रा 20 नग पाव कुल 3.600 बल्क लीटर अवैध रूप से दो पहिया वाहन हीरो एचएफडीलक्स मोटर साइकिल पर परिवहन करते हुए आबकारी अधिनियम के तहत जप्त किया गया।

नहर विस्तारीकरण परियोजना पांच वर्षों से अधर में

कुछ किसान जमीन देने तैयार, तो कुछ का इंकार, बूंद-बूंद के लिए मचा त्राहिमाम, बैठक में नहीं निकला समाधान

- नहर निर्माण के लिए करोड़ों रुपए स्वीकृत पर काम अधूरा

कवर्धा/नवप्रदेश। प्रदेश सरकार किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई योजनाएं चला रही है, लेकिन कबीरधाम जिले की स्थिति इससे बिल्कुल विपरीत नजर आ रही है। गर्मी के इस मौसम में यहां के किसान बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं। धरती के पुत्र कहे जाने वाले ये किसान आज खुद बेहाल हैं, क्योंकि सिंचाई के लिए पानी ही उपलब्ध नहीं है। रखुपारा, तिलाईभाट और बद्दो गांव के किसानों ने वर्षों पहले नहर विस्तारीकरण की मांग की थी। राज्य सरकार ने किसानों की समस्या को देखते हुए करिया आमा से रामहेपुर तक तीन किलोमीटर लंबी नहर निर्माण के लिए करोड़ों रुपये की स्वीकृति दी थी, जिससे किसान धान, चना, गन्ना जैसी फसलें उगा सकें और आर्थिक रूप से सशक्त बने। नहर निर्माण कार्य शुरू भी हुआ और करीब दो किलोमीटर तक नहर तैयार भी हो गई, लेकिन पिछले पांच वर्षों से यह परियोजना अधर में लटकी हुई है।

इसलिए रुका है नहर का काम

दरअसल, बद्दो गांव से आगे नहर निर्माण इसलिए रुका हुआ है क्योंकि कुछ किसानों ने अपनी जमीन देने से इनकार कर दिया है, जबकि आधा दर्जन से अधिक किसान इसके लिए तैयार हैं। इसी कारण नहर का विस्तार कार्य आगे नहीं बढ़ पा रहा है। आज गांव में जल संसाधन विभाग के अधिकारियों और ग्रामीणों के बीच बैठक हुई, लेकिन कोई ठोस समाधान सामने नहीं आया। यदि नहर निर्माण कार्य पूरा होता है तो तिलाईभाट, बद्दो, रघुपारा समेत आसपास के दर्जनों गांवों के खेतों तक पानी पहुंचता और पानी की समस्या से राहत मिल जाती।

विवाद सुलझने के बाद नहर निर्माण कार्य में आएगी तेजी: सब इंजीनियर- जल संसाधन विभाग की सब-इंजीनियर रेखा ने बताया कि किसानों के बीच मध्यस्थता न बन पाने के कारण नहर निर्माण का कार्य रुका हुआ है। उन्होंने कहा कि जैसे ही विवाद सुलझेगा, नहर निर्माण का काम तेजी से पूरा किया जाएगा। इसके बाद क्षेत्र में पानी की किल्लत खत्म हो जाएगी।

धान नीलामी से प्रदेश को होगा सात हजार करोड़ का नुकसान

- फेल हुई डबल इंजन सरकार, नेता प्रतिपक्ष महंत का तंज

रायपुर/नवप्रदेश । राज्य सरकार द्वारा आज से की जा रही धान नीलामी पर तंज कसते हुए नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन सरकार फेल हुई है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा केन्द्रीय पूल में छत्तीसगढ़ के पूरे धान का चावल नहीं लिए जाने के कारण नीलामी के जरिए सरकार 35 लाख मीट्रिक टन धान का विक्रय कर रही है। इससे लगभग 7 हजार करोड़ रुपए की क्षति होने की आशंका है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की योजना भारत सरकार की योजना है, और राज्य सरकार के द्वारा केन्द्र की एजेंसी के रूप में धान उपार्जन का कार्य किया जाता है। इसलिए केन्द्र सरकार को चाहिए सम्पूर्ण सरप्लस धान का चावल केन्द्रीय पूल में ले।

उन्होंने कहा कि पंजाब में इसी सीजन में कुल 172 लाख मीट्रिक टन धान का उपार्जन हुआ है, और इस सम्पूर्ण धान का चावल केन्द्रीय पूल में लिया जा रहा है। पंजाब में तो भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार भी नहीं है, जबकि छत्तीसगढ़ में डबल इंजन सरकार होने के बाद भी हमारा पूरा सरप्लस चावल केन्द्रीय पूल में नहीं लिया जाना और 7 हजार करोड़ रुपए की क्षति का अनावश्यक आर्थिक भार राज्य के खजाने पर डालना अत्यधिक दुर्भाग्यपूर्ण है।

व्यापारी के ठिकाने पर ईडी की छापेमारी

- चार राज्यों में एक साथ बड़ी कार्रवाई

रायपुर/जयपुर/नवप्रदेश। महादेव बेटिंग ऐप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग और अवैध सट्टेबाजी मामले में प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई तेज हो गई है। छत्तीसगढ़ ईडी टीम ने जयपुर के सोडाला स्थित एपल रेजीडेंसी में ड्राई-फ्रूट व्यापारी भरत दाधीच के फ्लैट पर छापा मारा है। फ्लैट से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और डिजिटल सबूत जब्त किए गए हैं। टीम के साथ केंद्रीय बलों के जवान भी सुरक्षा व्यवस्था में तैनात हैं।

यह छापेमारी सिर्फ जयपुर तक सीमित नहीं रही। ईडी ने एक ही समय पर मध्य प्रदेश के भोपाल, पश्चिम बंगाल के कोलकाता, दिल्ली और राजस्थान के कुल 60 से अधिक ठिकानों पर एक साथ रेड डाली है। ईडी को जयपुर से मनी लॉन्ड्रिंग, क्रिप्टो करेंसी के ट्रांजैक्शन और शेल कंपनियों से जुड़े अहम सुराग मिले थे, जिसके आधार पर यह व्यापक स्तर पर कार्रवाई की गई है। सूत्रों के मुताबिक, ईडी की कार्रवाई में कई बड़े नेता, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधिकारी और महादेव बुक के मुख्य संचालकों के ठिकानों पर भी छापेमारी की गई है। जयपुर के कई बड़े व्यापारी भी ईडी के रडार पर हैं।

आकाश तिवारी को मिली नई जिम्मेदारी

- कांग्रेस ने 10 नगर निगमों में घोषित किए नेता प्रतिपक्ष और उप नेता प्रतिपक्ष

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम चुनाव में बुरी तरह पिछड़ने के बाद कांग्रेस ने दबदबा कायम करने के लिए बड़ा फेरबदर किया है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने नगर निगमों में संगठनात्मक फेरबदल करते हुए नेता प्रतिपक्ष और उप नेता प्रतिपक्ष की नई सूची जारी कर दी है। प्रदेश के 10 नगर निगमों में कांग्रेस पार्षदों के बीच नई जिम्मेदारियां तय की गई हैं। रायपुर नगर निगम में आकाश तिवारी को नेता प्रतिपक्ष और जयश्री नायक को उप नेता प्रतिपक्ष बनाया गया है। कुछ दिन पहले पार्षद संदीप साहू को रायपुर नगर निगम का नेता प्रतिपक्ष घोषित किया गया था, लेकिन अब कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी समिति ने आदेश में संशोधन करते हुए आकाश तिवारी को यह जिम्मेदारी सौंपी है।

इन नगर निगमों में हुई नियुक्तियां

चिरमिरी
नेता प्रतिपक्ष -गायत्री बिरहा
उप नेता प्रतिपक्ष -मोहम्मद इकराम

अंबिकापुर
नेता प्रतिपक्ष -सफी अहमद
उप नेता प्रतिपक्ष- निम्मन राशि एक्का

रायगढ़
नेता प्रतिपक्ष -शेख सलीम नियारिया
उप नेता प्रतिपक्ष - विकास ठेठवार

कोरबा
नेता प्रतिपक्ष - कृपा राम साहू
उप नेता प्रतिपक्ष - डॉ. रामगोपाल कुर्रे

बिलासपुर
नेता प्रतिपक्ष -भरत कश्यप
उप नेता प्रतिपक्ष -संतोषी रामा बघेल

धमतरी
नेता प्रतिपक्ष -दीपक सोनकर
उप नेता प्रतिपक्ष -सरवेन्द्र देवांगन बिशु

रायपुर
नेता प्रतिपक्ष -आकाश तिवारी
उप नेता प्रतिपक्ष -जयश्री नायक

दुर्ग
नेता प्रतिपक्ष-संजय कोहले
उप नेता प्रतिपक्ष - विजयंत पटेल

राजनांदगांव
नेता प्रतिपक्ष -संतोष पिल्ले
उप नेता प्रतिपक्ष -मुकेश साहू

जगदलपुर
नेता प्रतिपक्ष -राजेश चौधरी
उप नेता प्रतिपक्ष - कोमल सेना

10 जिलों में हल्की बारिश के आसार

- 38.6 डिग्री के साथ दुर्ग रहा सबसे गर्म, रात में सबसे कम तापमान भी यहीं

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के रायपुर समेत 10 जिलों में आज हल्की बारिश के आसार हैं। वेस्टर्न डिस्टरबेंस और साइक्लोनिक सर्कुलेशन की वजह से छत्तीसगढ़ में मौसम बदला हुआ है। इसके चलते दिन और रात के तापमान सामान्य से कम बना हुआ है।

हालांकि, आंधी-बारिश के बावजूद बुधवार को सबसे गर्म दुर्ग रहा। यहां अधिकतम तापमान 38.6 डिग्री टेम्प्रेचर दर्ज किया गया। वहीं, बस्तर संभाग के जिलों में बुधवार को अंधड़ के साथ बौछारें पड़ीं।

बस्तर संभाग में 20 अप्रैल तक हल्की बारिश

वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण पिछले 24 घंटे में प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में गरज-चमक और तेज हवाओं के साथ बौछारें पड़ीं। मौसम विभाग के मुताबिक 20 अप्रैल तक संभाग के जिलों में मौसम बदला रहेगा और हल्की बूंदाबांदी के आसार हैं। बुधवार को जगदलपुर में अधिकतम तापमान 34.2 डिग्री रहा जो सामान्य से 3.1डिग्री कम था। वहीं न्यूनतम तापमान 20.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया जो औसत तापमान से 2.3 डिग्री कम रहा।

रायपुर में शाम को अंधड़ चलने की संभावना

रायपुर में आज मौसम साफ रहेगा लेकिन शाम होते तेज हवाएं और बादल छाने के आसार हैं। रायपुर में आज दिन का तापमान 39°Cऔर रात का तापमान 23°C के आसपास रहने का अनुमान है।

बुधवार को रायपुर में दिन का पारा 38.5 डिग्री रिकार्ड किया गया जो सामान्य से 1 डिग्री कम रहा। तापमान कम होने के बाद भी रायपुर में चुभन वाली गर्मी रही। वहीं रात का तापमान 23.6 डिग्री रहा जो सामान्य से कम रहा।

युवक से गाली-गलौज कर एक्टिवा को लगाया आग

रायपुर/नवप्रदेश। श्मशान घाट सड्डू में एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर एक्टिवा वाहन में आग लगा दिया। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मनोज कुमार पांडेय 32 वर्ष इंद्रप्रस्थ कालोनी डीडीनगर का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी सोनू निर्मलकर साइट से लोहा लेकर जा रहा था, तभी प्रार्थी ने मना किया तो आरोपी ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर उसके एक्टिवा वाहन क्रमांक सीजी 06 जीए 9138 को आग के हवाले कर दिया।

78 महिलाओं से 30 लाख से अधिक की ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। दो महिलाओं ने 78 महिलाओं को रोजगार दिलाने का झांसा देकर 30 लाख से अधिक रुपए ठग लिए। प्रार्थिया की शिकायत पर आरंग पुलिस ने आरोपी महिलाओं के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया त्रिवेणी जलत्री 32 वर्ष आरंग की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि आरोपिया राखी ध्रुव और पूनम नायक ने अपने आप को मां दंतेश्वरी लघु उद्योग एनजीओ चलाती हूं कहकर 78 महिलाओं को स्वरोजगार दिलाने का लालच देकर 40-40 हजार रुपए का लोन अलग-अलग बैंकों से निकलवा कर अपने पास रख लिया और प्रतिमाह 6 हजार रुपए मानदेय एवं रोजगार देने का आश्वासन देकर कुल 30 लाख 20 हजार रुपए का धोखाधड़ी किया। प्रार्थिया की शिकायत पर आरंग पुलिस ने आरोपिया के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

ज्यादा मुनाफा कमाने का झांसा, 7 लाख की ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। मोबाइल में दोपहिया वाहन व पैसे देने का स्कीम चलाकर कई लोगों से 6 लाख से अधिक की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी नैमन कुमार ताम्रकार 44 वर्ष गोवर्धन नगर नेवरा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी रिषभ गोयल का रिषभ ऑटो मोबाइल्स नाम से दुकान है।

लापरवाही बर्दाश्त नहीं मंत्री कश्यप ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश, सुशासन में प्राप्त आवेदनों का मई अंत तक करें निराकरण

टेंडर में फर्जी जानकारी : 108 ठेकेदारों पर कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप की अध्यक्षता में आज शिवनाथ भवन, अटल नगर में विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभाग के प्रमुख सचिव, प्रमुख अभियंता सहित कार्यपालन अभियंता स्तर तक के सभी अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री ने बैठक में जल संसाधन विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की और स्पष्ट निर्देश दिए कि विभागीय कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जल संसाधन मंत्री कश्यप ने निर्देशों के बावजूद टेंडर प्रक्रिया में फर्जी जानकारी देकर भाग लेने वाले करीब 108 ठेकेदार जिनकी पहचान कर ली गई है। उन सभी पर एक सप्ताह के भीतर उनकी ईएमडी राजसात करने के साथ ही उन्हें एक वर्ष के लिए निविदा प्रक्रिया से बाहर करने के निर्देश दिए। मंत्री श्री कश्यप ने प्रमुख अभियंता जल संसाधन को इस कार्रवाई का प्रतिवेदन देने के भी निर्देश दिए। मंत्री श्री कश्यप ने बैठक में 100 दिनों के भीतर सभी लंबित निविदाएं स्वीकृत कर कार्य प्रारंभ कराए जाने के सख्त निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिम्मेदारी तय कर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को 100 दिन की समय-सीमा को ध्यान में रखने की विशेष हिदायत दी।

मंत्री कश्यप ने कहा कि वह स्वयं सभी संभागों का दौरा कर विभागीय कार्यों का निरीक्षण करेंगे। उन्होंने बस्तर संभाग में देऊरगांव और मटनार योजना का कार्य शीघ्र शुरू कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय लोगों को जल समस्या से राहत मिलेगी और इंद्रावती नदी के जल का समुचित उपयोग हो सकेगा। मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बेहतर हो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों को लेकर किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने मुख्य अभियंता को 5 प्रतिशत निर्माण कार्यों का, अधीक्षण अभियंता को 10 प्रतिशत और कार्यपालन अभियंता अपने संभाग के 100 प्रतिशत कार्यों का अनिवार्य रूप से निरीक्षण करने के निर्देश दिए। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की औचक जांच के लिए सभी संभागों में गठित उड़नदस्ता को सुशासन तिहार के दौरान निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए।

जल संसाधन मंत्री कश्यप ने प्रमुख सचिव को निर्देशित किया कि सुशासन तिहार के तहत प्राप्त सभी जन शिकायतों व मांगों का वर्गीकरण कर मई माह के अंत तक उनका निराकरण किया जाए। प्राप्त आवेदनों में अन्य विभागों से संबंधित हैं, उन्हें दो दिवस के भीतर संबंधित विभाग को हस्तांतरित किए जाएं। उन्होंने सुशासन तिहार से संबंधित आवेदनों के निराकरण एवं समन्वय के लिए प्रमुख अभियंता कार्यालय में एक अधिकारी को नोडल की जिम्मेदारी देने के भी निर्देश दिए गए।

मंत्री केदार कश्यप ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर समक्का, जोरानाला और पोलावरम जैसी परियोजनाओं से जुड़े अंतरराज्यीय जल विवादों को सुलझाने के प्रयास किए जा रहे हैं। वे स्वयं इन स्थलों का दौरा कर वस्तुस्थिति का जायजा लेंगे। बैठक के समापन पर मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जल संरक्षण केवल नीति का विषय नहीं, बल्कि भावी पीढ़ी के प्रति हम सबकी जिम्मेदारी है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यतयांत घोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. सेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431 संपादक-यतयांत घोटे *(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com